सोमवार, 17 फरवरी 2025

मौसम

तापमान 32 – 22
आर्द्रता 30%
सूर्योदय: 6:08 सूर्यास्त: 17:34

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, फाल्गुन कृष्णपक्ष पंचमी, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : नजरों में सम्मान और बोलने में मर्यादा रिश्ते की सबसे मजबूत डोर है।



प्रधानमंत्री मोदी ने 2030 से पहले सालाना नौ लाख करोड़ रुपये का कपड़ा निर्यात करने की उम्मीद जताई -पृष्ठ 8

RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# महाकुंभ में रविवार को 1.49 करोड़ लोगों ने संगम में लगाई डुबकी



**महाकुंभ नगर :** महाकुंभ में अमृत स्नान पर्व और अन्य स्नान पर्व माघी पूर्णिमा बीत जाने के बाद भी आस्था का जनसैलाब थमने का नाम नहीं ले रहा और रविवार को शाम आठ बजे तक 1.49 करोड़ श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में स्नान किया। मेला प्रशासन द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक रविवार को शाम आठ बजे तक 1.49 करोड़ श्रद्धालुओं ने महाकुंभ में स्नान किया, जबकि 13 जनवरी से अभी तक 52.96 करोड़ लोगों ने महाकुंभ में स्नान किया है। इस बीच, रविवार को महाकुंभ का हवाई सर्वेक्षण करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों के साथ महाकुंभ मेला में यातायात और अन्य सुविधाओं की समीक्षा की और प्रयागराज आ रहे सभी श्रद्धालुओं से यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की। सरकार द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं से अनुरोध किया कि वे अपने वाहनों को सड़कों पर खड़ा ना करें, बल्कि निर्धारित पार्किंग स्थलों का उपयोग करें। योगी आदित्यनाथ ने विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं से भंडारे और प्रसाद वितरण की पवित्र व्यवस्था को अनवरत जारी रखने की भी अपील की। प्रयागराज में महाकुंभ मेले में सभी दिशाओं से आ रहे श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए जिलाधिकारी ने 17 से 20 फरवरी तक ग्रामीण एवं नगर क्षेत्र में स्थित कक्षा एक से आठ तक के समस्त परिषदीय, राजकीय, सहायता प्राप्त और अन्य समस्त बोर्ड से मान्यता प्राप्त अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यमों के विद्यालयों में ऑनलाइन कक्षाएं चलाने का निर्देश दिया है। वहीं, उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए रविवार को 238 ट्रेनें चलाई गईं और 10.96 लाख से अधिक यात्रियों ने प्रयागराज के विभिन्न स्टेशनों से यात्रा की। उन्होंने बताया कि रेलवे ने शनिवार को 339 ट्रेनें चलाई थीं जिससे 14.76 लाख से अधिक यात्रियों ने यात्रा की। उल्लेखनीय है कि शनिवार को 1.36 करोड़ श्रद्धालुओं ने महाकुंभ में स्नान किया, जबकि इससे पूर्व शुक्रवार को करीब एक करोड़ श्रद्धालुओं ने स्नान कर महाकुंभ में स्नान करने वाले कुल श्रद्धालुओं की संख्या को 50 करोड़ के पार पहुंचाया था।

## माली में सोने की खदान ढहने से 42 लोगों की मौत, कई अन्य लोग घायल

**बामाको :** माली के पूर्वी इलाके में सोने की एक खदान ढहने से दर्जनों लोगों की मौत हो गई और कई अन्य लोग घायल हो गए। मालियन टेलीविजन और केनीबा जिले के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह दुर्घटना केनीबा जिले में हुई। यह इस साल फ्रेंच भाषी पश्चिमी अफ्रीकी देश में दूसरी बड़ी दुर्घटना है। माली, अफ्रीका के शीर्ष तीन सोने के उत्पादकों में से एक है। मालियन टेलीविजन ने शनिवार देर रात दबिया के बिलाली कोटो में खदान ढहने की घोषणा की, जिसमें 42 लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। केनीबा के राज्याधिकारी ने घटना की पुष्टि की। मोहम्मद डिको ने रविवार को 'एसोसिएटेड प्रेस' को बताया, 42 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। समुदाय के नेता फलाये सिसोको ने कहा, यह दुर्घटना कल (शनिवार को) हुई। यह चीनी नागरिकों द्वारा संचालित जगह पर हुआ भूस्खलन था।

# नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ में मृतकों की संख्या बढ़कर हुई 18

### यात्री 'प्रयागराज एक्सप्रेस' और 'प्रयागराज स्पेशल' के बीच भ्रमित हो गए इसलिए भगदड़ मची: अधिकारी

रेलवे स्टेशन पर शनिवार को घातक भगदड़ इसलिए मची क्योंकि यात्री 'प्रयागराज एक्सप्रेस और प्रयागराज स्पेशल' के बीच भ्रमित हो गए थे तथा वह घोषणा होने के बाद प्लेटफॉर्म बदलने के लिए दौड़ पड़े। अधिकारियों ने रविवार को यह बात कही। पुलिस विभाग के सूत्रों ने कहा कि प्राथमिक जांच के अनुसार यह भ्रम इसलिए हुआ क्योंकि दोनों ट्रेनों के प्रारंभिक नाम 'प्रयागराज' से घोषणा की गई थी।

**नयी दिल्ली :** नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार रात भगदड़ मचने से 18 लोगों की मौत हो गई और 12 से अधिक लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह घटना तब हुई जब कुछ यात्री 'फुटओवर ब्रिज' से उतरते समय फिसलकर अन्य लोगों पर गिर गए। प्लेटफॉर्म संख्या 14 और 15 पर प्रयागराज (जहां महाकुंभ का आयोजन किया गया है) जाने वाली ट्रेन पर सवार होने के लिए यात्रियों की भीड़ उमड़ पड़ी जिसके बाद वहां भगदड़ मच गई। अस्पताल और पुलिस सूत्रों ने बताया कि 18 लोगों की मौत हुई है। उत्तर रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु उपाध्याय ने बताया कि पटना जाने वाली मगध एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म संख्या 14 पर खड़ी थी और नयी दिल्ली–जम्मू उत्तर संपर्क क्रांति एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म संख्या 15 पर खड़ी थी। उन्होंने भगदड़ का कारण बताते हुए कहा, ''कुछ लोग 'फुटओवर ब्रिज' से प्लेटफॉर्म संख्या 14 और 15 की ओर सीढ़ियों से उतर रहे थे तभी वे फिसलकर अन्य लोगों पर गिर गए।'' सूत्रों ने बताया कि रेलगाड़ियों के विलंब से चलने तथा हर घंटे 1,500 'जनरल' (सामान्य) टिकट की बिक्री के कारण नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो गई।



आरएमएल अस्पताल के शवगृह के बाहर पीड़िता के परिजनों का रो–रोकर हुआ बुरा हाल

### रेलवे स्टेशन पर भविष्य में अप्रिय घटनाओं से बचने के लिए कदम उठाए गए: रेलवे

रेल मंत्रालय ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ के एक दिन बाद रविवार को कहा कि भविष्य में ऐसी किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए कई उपाय किए गए हैं। मंत्रालय द्वारा जारी एक प्रेस बयान में बताया गया, यह निर्णय लिया गया है कि प्रयागराज की ओर जाने वाली सभी विशेष ट्रेनें प्लेटफॉर्म नंबर 16 से चलाई जाएंगी। इसलिए, प्रयागराज जाने के इच्छुक सभी यात्री नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के अजमेरी गेट की तरफ से आएंगे और जाएंगे। बयान में बताया गया कि सभी प्लेटफॉर्म से नियमित ट्रेनें हमेशा की तरह चलती रहेंगी। बयान के मुताबिक, यह उपाय ज्यादा भीड़भाड़ वाले समय में भीड़ को एक प्लेटफॉर्म पर इकट्ठा होने से रोकने की दिशा में एक कदम है।

### भगदड़ में मौत की घटना पर मुख्यमंत्री ममता ने उठाये सवाल

**कोलकाता, समाज्ञा :** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार की रात भीड़ के कारण भगदड़ में 18 लोगों की मौत हो गई है। ऐसे में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उक्त घटना पर गहरा शोक प्रकट करते हुए व्यवस्था के उचित योजना और प्रबंधन पर सवाल खड़ा किया है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मचे भगदड़ पर कहा कि दिल्ली में भगदड़ में 18 लोगों की मौत दिल दहला देने वाली है। इस हृदय विदारक घटना ने दिखा दिया है कि उचित योजना और प्रबंधन कितना महत्वपूर्ण है। ममता ने सोशल मीडिया पर लिखा कि महाकुंभ जाने वालों को बेहतर सेवाएं मिलनी चाहिए। यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि ऐसी यात्रा सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से हो। मृतकों के परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना है। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं।

# सिकंदर के समय से ही विदेशी ताकतें भारत को तोड़ने की कोशिश में लगी है : भागवत

### आरएसएस प्रमुख ने किया पूरे हिंदू समाज को एकजुट होने का आह्वान



**बर्दवान :** आरएसएस पूरे हिंदू समाज को एकजुट करना चाहता है। उक्त बात बर्दवान में रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने कही। वह यहां अपने 10 दिवसीय प्रवास के दौरान संघ के स्वयंसेवकों की एक बड़ी सभा में बोल रहे थे। डॉ. मोहन भागवत ने आगे कहा कि हिंदू समाज का मानना है कि एकता में ही विविधता समाहित है। हम आजकल कहते हैं विविधता में एकता, हिन्दू समझता है कि एकता की ही विविधता है। संघ का उद्देश्य केवल हिन्दू समाज को एकजुट करना है। एक लाख 30 हजार से ऊपर देश भर में स्वयंसेवक हैं। वो किसी से कोई पैसा नहीं लेते हैं। वो अपने दम पर काम करते हैं। इसलिए हम कह रहे हैं, हम यशस्वी होने के लिए ऐसा नहीं कर रहे। याद रखें भारत की अपनी एक प्रकृति है, जो इसे विशेष बनाती है। जो इस प्रकृति के साथ नहीं रह सकते थे, उन्होंने अपना अलग देश बना लिया। लेकिन जो यहां रहे, वे भारत की इस मूल आत्मा से जुड़े हुए हैं। भारत केवल एक भूगोल नहीं, बल्कि एक स्वभाव है, जो 15 अगस्त 1947 से बहुत पहले से अस्तित्व में है। हम किसी राजा को नहीं, बल्कि उस राजा को याद करते हैं, जिसने अपने पिता की आज्ञा का पालन करने के लिए 14 साल तक वनवास सहन किया। जब तक यह प्रकृति बनी रहेगी, तब तक भारत रहेगा। हिंदू समाज और भारत एक ही हैं। उन्होंने कहा कि भारत को किसी बाहरी शक्ति ने नहीं बनाया, बल्कि यह हजारों सालों से एक सशक्त राष्ट्र के रूप में विद्यमान है। महात्मा गांधी का उदाहरण देते हुए कहा कि गांधी जी ने भी एक साक्षात्कार में कहा था कि अंग्रेजों ने हमें बताया कि भारत उन्होंने बनाया है, लेकिन यह पूरी तरह गलत है। भारत सदियों से अस्तित्व में है, विविधतापूर्ण, लेकिन एकजुट है। सरसंघचालक ने स्पष्ट किया कि संघ के प्रति कई लोगों की गलतफहमी है, लेकिन वास्तव में संघ केवल समाज को संगठित करने का कार्य कर रहा है। हमारी 70 हजार से अधिक शाखाएं हैं। हम इन्हें इसलिए आगे बढ़ा रहे हैं, ताकि समाज और राष्ट्र को लाभ मिले। मोहन भागवत ने भारत पर हुए विदेशी आक्रमणों का जिक्र करते हुए कहा कि सिकंदर के समय से ही विदेशी ताकतें भारत को तोड़ने की कोशिश कर रही हैं। मुट्ठीभर लोग आते हैं, हमसे श्रेष्ठ नहीं होते, लेकिन हम पर शासन कर जाते हैं। इसका कारण आपसी फूट और गद्दारी है।

# प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति मुर्मू से मुलाकात की



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को यहां राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति भवन ने उनकी मुलाकात की तस्वीरें 'एक्स' पर साझा कीं। राष्ट्रपति भवन के आधिकारिक 'एक्स' हैंडल से किये गए एक पोस्ट के अनुसार, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।''

# एलन मस्क नीत अमेरिकी विभाग ने भारत को 2.1 करोड़ डॉलर के 'चुनावी आवंटन' को किया रद्द

**न्यूयॉर्क :** अरबपति एलन मस्क के नेतृत्व वाले अमेरिकी सरकार कार्यदक्षता विभाग ने ''भारत में चुनावों में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने'' के लिए आवंटित 2.1 करोड़ अमेरिकी डॉलर सहित व्यय में सिलसिलेवार कटौतियों की घोषणा की है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले महीने मस्क को नये सरकारी कार्यदक्षता विभाग का प्रमुख चुना था। शासन में सुधार और फिजूलखर्ची पर रोक लगाने के लिए विभाग ने शनिवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में इस कटौती की घोषणा की। विभाग ने कहा, ''अमेरिकी करदाताओं के पैसे निम्नलिखित मदों पर खर्च किए जाने वाले थे, जिनमें से सभी को रद्द कर दिया गया है...।'' सूची में ''चुनाव और राजनीतिक प्रक्रिया सुदृढ़ीकरण के लिए समूह'' को 48.6 करोड़ अमेरिकी डॉलर का अनुदान शामिल था, जिसमें मोल्दोवा में ''समावेशी और भागीदारीपूर्ण राजनीतिक प्रक्रिया'' के लिए 2.2 करोड़ अमेरिकी डॉलर और ''भारत में चुनाव में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने'' के लिए 2.1 करोड़ अमेरिकी डॉलर शामिल थे। पोस्ट में वित्त पोषण के बारे में कोई और जानकारी नहीं दी गई।

# पाकिस्तान ने भारतीय चौकियों पर स्नाइपर से फिर बरसाईं गोलियां, सेना ने दिया मुंहतोड़ जवाब

**पुंछ :** पाकिस्तान नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा। रविवार दोपहर पुंछ के दिगवार दलान सेक्टर में पाकिस्तानी सेना ने भारतीय चौकियों को निशाना बनाकर गोलाबारी की। पाकिस्तान ने सुबह 11:35 बजे नूरकोट व नक्करकोट में भारती की अग्रिम चौकियों को निशाना बनाया। स्नाइपर राइफलों से गोलियां दागीं। सेना ने तुरंत जवाबी कार्रवाई की। करीब 10 मिनट पाकिस्तानी चौकियों पर गोलियां बरसाईं। इसके बाद सीमा पार से गोलीबारी बंद हो गई। सेना ने गोलीबारी को लेकर अभी कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि पाकिस्तान से गोलीबारी हुई है। सेना गोलीबारी के बाद से पूरी तर सतर्क है।

# अमेरिकी विमान 112 भारतीय निर्वासितों के साथ अमृतसर हवाई अड्डे पर उतरा

**चंडीगढ़ :** अमेरिका का एक सैन्य विमान 112 भारतीयों के साथ रविवार रात अमृतसर हवाई अड्डे पर उतरा। डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन द्वारा अवैध प्रवासियों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई के तहत निर्वासित लोगों को लाने वाली तीसरी उड़ान है। सूत्रों ने बताया कि सी–17 विमान रात 10 बजकर तीन मिनट पर उतरा। उन्होंने बताया कि 112 निर्वासितों में से 44 हरियाणा से, 33 गुजरात से, 31 पंजाब से, दो उत्तर प्रदेश से और एक–एक उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश से हैं। सूत्रों ने बताया कि निर्वासित लोगों के नए जत्थे में 19 महिलाएं और दो शिशु समेत 14 नाबालिग शामिल हैं। विमान के हवाई अड्डे पर उतरते समय कुछ लोगों के परिवार के सदस्य वहां मौजूद थे। निर्वासित लोगों का यह तीसरा जत्था महज एक अन्य अमेरिकी सैन्य विमान के 24 घंटे के भीतर अमृतसर में उतरने के बाद पहुंचा है। सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद निर्वासित लोगों को घर जाने की अनुमति दी जाएगी, जिसमें आव्रजन, सत्यापन और पृष्ठभूमि जांच शामिल है। निर्वासित लोगों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए व्यवस्था की गई है। पंजाब के लोगों को राज्य सरकार द्वारा व्यवस्थित वाहनों में ले जाया जाएगा, वहीं हरियाणा सरकार ने भी निर्वासित लोगों को उनके मूल स्थानों तक पहुंचाने के लिए दो बसें भेजी हैं। पांच फरवरी को 104 अवैध भारतीय प्रवासियों के पहले जत्थे को लेकर एक अमेरिकी सैन्य विमान अमृतसर में उतरा था, जिसमें 33–33 लोग हरियाणा और गुजरात से थे जबकि 30 पंजाब से थे। शनिवार शाम को दूसरा विमान अमेरिका से 116 निर्वासितों को लेकर आया था। कुछ निर्वासितों के परिवार के सदस्य हवाई अड्डे पर पहुंचे हैं।

### अमेरिका से निर्वासित महिलाओं और बच्चों को नहीं लगायी गयीं बेड़ियां : सूत्र

पंजाब के अमृतसर में दूसरे अमेरिकी सैन्य विमान से उतरे निर्वासितों में शामिल महिलाओं और बच्चों को 'उड़ान के दौरान बेड़ियां नहीं लगायी गयी थीं। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी।

## उचित मूल्य में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की नी–रिप्लेसमेंट सर्जरी

सलाह दे रहे हैं विख्यात ऑर्थेपेडिक एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन



DR. SANTOSH KUMAR
Consultant Orthopaedic & Joint Replacement Surgeon
Head, Institute of Computer Assisted
Joint Replacement Surgery, BELLE VUE CLINIC & WOODLANDS HOSPITAL

हमारे समाज में, विशेषकर व्यस्क व्यक्तियों के चलने-फिरने की समस्या का प्रमुख कारण है नी-आरथ्राइटिस। इस प्रकार की समस्याओं को प्राथमिक स्तर पर औषधियों और फिजियोथेरापी से ठीक करना मुमकिन तो है, पर समस्या जटिल होने पर घुटने का प्रत्यारोपण या नी-रिप्लेसमेंट ही एकमात्र निश्चित समाधान है।

मेरे तत्वावधान में नी-रिप्लेसमेंट पद्धति बिल्कुल पूर्वनिर्धारित (प्रेडिक्टेबल) है। सबसे पहले हम हर प्रकार के प्रिऑपरेटिव इन्वेस्टिगेशन करते हैं जैसे कि विभिन्न प्रकार के ब्लड टेस्ट, यूरिन टेस्ट, ईसीजी, इकोकार्डियोग्राफ इत्यादि। मेरे यहाँ रोगियों की सुरक्षा को सबसे अधिक प्राथमिकता दी जाती है। हमारे साथ हैं अनुभवी मेडिसिन चिकित्सक, कार्डियोलॉजिस्ट से सम्मिलित एक पूर्ण समर्पित टीम। सर्जरी के पहले, सर्जरी के दौरान और सर्जरी के बाद भी चिकित्सा से जुड़ी सभी जरूरतों का पूरा ख्या रखना ही हमारी टीम वर्क की सफलता सुनिश्चित करता है।

सम्पूर्ण उपयुक्त (प्रिसिशनल) सर्जरी और इसके बाद रोगी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के उद्देश्य से मैं कम्प्यूटर एसिस्टेड मिनिमली इनवेसिव सर्जरी करता हूँ। रोगी अपनी सम्पूर्ण चिकित्सा में एक दर्दरहित अनुभव का एहसास कर पाएं, मैं इसका पूरा ख्याल रहता हूँ। सर्जरी के बाद रोगी घुटने को मोड़ पाएं और जमीन पर बैठ पाएं, इसके लिए में 'Rotation Platform High Flexion Knees' का इस्तेमाल करता हूँ। सर्जरी के दूसरे दिन से ही रोगी चल-फिर सकते हैं और तीन दिनों में घर वापस जा सकते हैं। मैं हर श्रेणी और हर प्रकार की बीमा कराए व्यक्तियों की सर्जरी करता हूँ और वे सभी व्यक्ति जो किसी बीमा संस्था के दायरे में नहीं आते हैं, उनकी सर्जरी भी बहुत उचित मूल्य में करता हूँ। किसी रोगी की आर्थिक समस्या के बारे में पता चलने पर, मैं उसकी समस्या का भी समाधान करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहता हूँ।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:
DR. SANTOSH KUMAR KNEE FOUNDATION
Chamber : Plot No 332, Laketown Block A, Kolkata-700 089
✆ : 98319 11584 / 98312 66632

e-mail : santdr@gmail.com
www.drsantoshkumarortho.com
www.mykneemylife.org
www.momentumorthocare.com



## ट्रंप-मोदी मुलाकात से जगी नई उम्मीदें

यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि अमेरिका की नीतियां 'अमेरिका से शुरू होकर अमेरिका' पर ही समाप्त हो जाती हैं। दूसरी बार सत्ता में आए ट्रंप ने जिस आक्रामक तरीके से कनाडा,मैक्सिको व चीन आदि पर टैरिफ लगाए हैं, वैसी आक्रामकता उन्होंने भारत के प्रति नहीं दिखायी। हाल में व्हाइट हाउस में संपन्न प्रधानमंत्री मोदी और ट्रंप की बातचीत कई मायनों में सकारात्मक रही। उसमें किसी तरह की तल्खी नजर नहीं आई। यह निर्विवाद सत्य है कि अमेरिका हमेशा अपने कारोबारी हितों को ही प्राथमिकता देता है। इस मुलाकात में यही नजर आया कि ट्रंप दोनों देशों के व्यापार संतुलन का पलड़ा अमेरिका के पक्ष में करने को कटिबद्ध है। इस मुलाकात में उन्होंने टैरिफ का मुद्दा भी उठाया और व्यापार घाटे को कम करने के लिये अधिक तेल, गैस और सैन्य साजो-सामान खरीदने की जिम्मेदारी भारत पर डाल दी। दरअसल, भारत कुछ उन देशों में शामिल हैं जिनके साथ व्यापार का पलड़ा अमेरिका के पक्ष में नहीं है। यही वजह है कि ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ तो की, लेकिन साथ ही भारत में अमेरिकी सामान पर तर्कसंगत कर लगाने की बात भी कही। यदि ट्रंप की मौजूदा नीतियां सिरे चढ़ी तो व्यापार की परिस्थितियां अमेरिका के अनुकूल भी हो सकती है। ट्रंप ने मोदी को अपनी तुलना में बेहतर सख्त वार्ताकार बताया। दोनों नेताओं ने वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दुगना करने तथा लाभप्रद व्यापार समझौते के लिये बातचीत करने का संकल्प भी जताया। भविष्य में व्यापार समझौता अमेरिका के पक्ष में न झुके, इसमें पीएम मोदी के कूटनीतिक कौशल की परीक्षा भी होनी है। यहां उल्लेखनीय है कि मोदी-ट्रंप मुलाकात में रक्षा और सुरक्षा क्षेत्र में बातचीत सकारात्मक रही। दोनों देशों ने एक दस वर्षीय रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए। जिसमें प्रमुख हथियारों और प्लेटफार्मों के सह-उत्पादन को आगे बढ़ाने की महत्वाकांक्षी योजना का मार्ग प्रशस्त किया गया। वहीं दूसरी ओर यदि भारत को अमेरिकी एफ-35 स्टील्थ लड़ाकू विमानों की प्रस्तावित आपूर्ति परवान चढ़ती है तो पड़ोसी देशों की बेचैनी और बढ़ जाएगी।

इस यात्रा के दौरान महत्वपूर्ण घोषणा यह भी रही है कि 26/11 के साजिशकर्ता तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी गई है। यह पाकिस्तान को चेतावनी भी है कि वह अपनी जमीन से आतंकवादियों को सीमापार आतंकी हमलों को अंजाम देने में मदद बंद करे। अब इस्लामाबाद पर मुंबई और पठानकोट के आतंक हमलों के साजिशकर्ताओं को सजा देने का दबाव भी बढ़ जाएगा। निस्संदेह, ट्रंप का 'टैरिफ आतंकवाद' निगलने वाली कड़वी गोली हो सकती है, लेकिन भारत की रक्षा तैयारियों में अमेरिका की बड़ी भूमिका एक आकर्षक प्रस्ताव होगा। हालांकि, ट्रंप ने भारत पर टैरिफ को लेकर कोई सीधी घोषणा तो नहीं की लेकिन यह जरूर कहा कि जितना टैरिफ अन्य देश अमेरिकी सामान पर लगाते हैं, अमेरिका भी उसी अनुपात में टैरिफ लगाएगा। उल्लेखनीय है कि जिस समय पीएम मोदी अमेरिका यात्रा के लिये निकले, अमेरिका से अपमानजनक तरीके से भारत भेजे गए कथित अवैध प्रवासियों का मुद्दा गर्म था। ट्रंप के साथ मुलाकात में भारत ने अवैध रूप से आए भारतीयों को वापस लेने की बात भी कही। पत्रकार वार्ता में मोदी ने कहा कि इस मुद्दे पर हमारे विचार एक जैसे हैं। यदि अमेरिका में अवैध भारतीय प्रवासियों की पुष्टि होती है तो हम उन्हें वापस लेने के लिये तैयार हैं। उन्होंने इसे मानव तस्करों की करतूत बताया। कहा कि तब नहीं मालूम होता कि उन्हें अमेरिका ले जाया जा रहा है। ये बहुत आम परिवारों के बच्चे हैं, जिन्हें बड़े सपने दिखाए जाते हैं और बड़े-बड़े वायदे किए जाते हैं। उन्होंने भोले लोगों को इस साजिश से बचाने हेतु मानव तस्करों पर शिकंजा कसने की बात कही। पिछले दिनों भारतीय विदेश मंत्री ने कहा था कि भारत व अमेरिका यह तय करने का प्रयास कर रहे हैं कि वापस भेजने की प्रक्रिया के दौरान किसी भारतीय नागरिक के साथ दुर्व्यवहार न किया जाए। वहीं दूसरी ओर ट्रंप ने दुनिया में इस्लामी चरमपंथ के खतरे से निपटने के लिये भारत और अमेरिका के मिलकर काम करने की भी मंशा जाहिर की। ट्रंप ने नागरिक परमाणु ऊर्जा क्षेत्र सहयोग में प्रगति की बात भी कही।

# भारत-अमेरिका मैत्री से विकास के नये रास्ते खुलेंगे



**ललित गर्ग**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हाल में सम्पन्न हुई अमेरिका की दो दिवसीय यात्रा अनेक दृष्टियों से ऐतिहासिक, अविस्मरणीय एवं मील का पत्थर बनकर प्रस्तुत हुई है। यह निश्चित है कि मोदी के नेतृत्व में एक नई सभ्यता और एक नई संस्कृति गढ़ी जा रही है। व्हाइट हाउस में संपन्न प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बातचीत कई मायनों में सकारात्मक एवं परिणामकारी रही। उसमें किसी तरह की तल्खी नजर नहीं आई, बल्कि मोदी-ट्रंप की दोस्ती ही नये विश्वास एवं संकल्प के साथ उभर कर सामने आयी है। यह निर्विवाद सत्य है कि अमेरिका हमेशा अपने कारोबारी हितों को ही प्राथमिकता देता है। इस मुलाकात में यही नजर आया कि ट्रंप दोनों देशों के व्यापार संतुलन का पलड़ा अमेरिका के पक्ष में करने को कटिबद्ध है। लेकिन मोदी ट्रंप की चतुराई को भी अपनी सादगी एवं सरलता से मात देते हुए भारत के हित में अनेक समझौते कर लिये हैं। यह तथ्य सर्वविदित है कि अमेरिका की नीतियां 'अमेरिका से शुरू होकर अमेरिका' पर ही समाप्त हो जाती हैं। दूसरी बार सत्ता में आए ट्रंप ने जिस आक्रामक तरीके से कनाडा, मैक्सिको व चीन आदि पर टैरिफ लगाए हैं, वैसी आक्रामकता उन्होंने भारत के प्रति नहीं दिखायी। यह अमेरिका की भारत के प्रति एक विशेष दृष्टि मोदी के प्रभाव का ही परिणाम है।

ट्रंप ने मोदी को अपनी तुलना में बेहतर सख्त वार्ताकार बताया। दोनों नेताओं ने वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दुगुना करने तथा लाभप्रद व्यापार समझौते के लिये बातचीत करने का संकल्प भी जताया। भविष्य में व्यापार समझौता अमेरिका के पक्ष में न झुके, इसके लिये प्रधानमंत्री मोदी ने कूटनीतिक कौशल का इस्तेमाल किया। भारत को नया बनने के लिए, स्वर्णिम बनाने के लिए, अनूठा बनाने के लिए और उसे विश्व की एक बड़ी ताकत के रूप में उभारने के लिये मोदी के प्रयास अनूठे भी हैं और विलक्षण भी हैं। यहां उल्लेखनीय है कि मोदी-ट्रंप मुलाकात में रक्षा और सुरक्षा क्षेत्र में बातचीत सकारात्मक रही। दोनों देशों ने एक दस वर्षीय रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए। जिसमें प्रमुख हथियारों और प्लेटफार्मों के सह-उत्पादन को आगे बढ़ाने की महत्वाकांक्षी योजना का मार्ग प्रशस्त किया गया। वहीं दूसरी ओर यदि भारत को अमेरिकी एफ-35 स्टील्थ लड़ाकू विमानों की प्रस्तावित आपूर्ति परवान चढ़ती है तो पड़ोसी देशों की बेचैनी और बढ़ जाएगी और भारत की ओर देखने की उनकी हिम्मत नहीं होगी। मोदीजी का जादू एक बार फिर सिर चढ़कर बोला है। मोदी की इस यात्रा के पीछे इरादा केवल भावनात्मक रिश्तों की बुनियाद को मजबूत करना नहीं रहा है, बल्कि भारत के हक में अमेरिकी नीतियों को प्रभावित करने के लिए उनका सहयोग पाने की मंशा भी रहा है, जो सफल हुआ। संभव है इससे भारत और अमेरिका दोनों ही देशों में विकास के नये रास्तें खुलेंगे।

इस यात्रा के दौरान महत्वपूर्ण घोषणा यह भी रही है कि 26/11 के साजिशकर्ता तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी गई है। यह पाकिस्तान को चेतावनी भी है कि वह अपनी जमीन से आतंकवादियों को सीमापार आतंकी हमलों को अंजाम देने में मदद बंद करे। अब इस्लामाबाद पर मुंबई और पठानकोट के आतंक हमलों के साजिशकर्ताओं को सजा देने का दबाव भी बढ़ जाएगा। निस्संदेह, ट्रंप का 'टैरिफ आतंकवाद' निगलने वाली कड़वी गोली हो सकती है, लेकिन भारत की रक्षा तैयारियों में अमेरिका की बड़ी भूमिका एक आकर्षक प्रस्ताव होगा, जिससे भारत सैन्य मोर्चे पर सशक्त होकर उभरेगा। ट्रंप के साथ मुलाकात में भारत ने अवैध रूप से आए भारतीयों को वापस लेने की बात भी कही। पत्रकार वार्ता में मोदी ने कहा कि इस मुद्दे पर हमारे विचार एक जैसे हैं। यदि अमेरिका में अवैध भारतीय प्रवासियों की पुष्टि होती है तो हम उन्हें वापस लेने के लिये तैयार हैं। उन्होंने इसे मानव तस्करों की करतूत बताया।

मोदी की यह यात्रा दो बहुत अच्छे दोस्तों की बहुत ही नाजुक समझौतेवादी भूमिका को देखने का एक दिलचस्प एवं रोमांचक मौका बनी, प्रतिकूल लगते हालात को अनुकूल नतीजों की ओर मोड़ने का कौशल भी इस यात्रा में बेहतरीन अंदाज में नजर आया। दोनों नेता न केवल पहले से एक-दूसरे को अच्छी तरह से जानते रहे हैं बल्कि उनके बीच की व्यक्तिगत मित्रता एवं आत्मीयता भी चर्चित रही है। यह सुखद संयोग है कि दोनों नेता दुनिया के सबसे बड़े पुराने और सबसे विशाल लोकतंत्र के राष्ट्राध्यक्ष हैं। अमेरिका को पहले से ही दुनिया ग्लोबल लीडर मानती रही है। अब भारत नया और उभरता हुआ विश्वनेता बना है। ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी और ट्रंप की जोड़ी से दुनिया पर नये तरीके से आधिपत्य बदलता दिख रहा है। दोनों देशों के लगातार बेहतर होते रिश्तों की पृष्ठभूमि इस तथ्य को और महत्वपूर्ण बना रही थी। फिर भी यात्रा से पहले के घटनाक्रम ने इसकी कामयाबी पर भले ही संदेह की परतें चढ़ा रखी थी, लेकिन मोदी की कुशलता एवं कूटनीति से सभी वार्ताएं सौहार्दपूर्ण होकर सकारात्मक बनी। जिससे भारत एक बार फिर दुनिया के सामने सशक्त एवं ताकतवर बनकर ही प्रस्तुत हुआ है।

ट्रंप के कतिपय सख्ती से बने तनाव को मोदी ने हावी नहीं होने दिया। प्रधानमंत्री मोदी पूरी तरह से अपने अजेंडे पर केंद्रित रहे। उन्होंने न केवल ट्रंप की तारीफ की बल्कि राष्ट्रपति ट्रंप के प्रिय नारे 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' (एमएजीए) की तर्ज पर अपना नारा पेश किया- 'मेक इंडिया ग्रेट अगेन' (एमआईजीए), और यह भी कहा कि जब एमएजीए और एमआईजीए साथ आते हैं तो बन जाता है एमईजीए जो दोनों देशों की शानदार साझेदारी की कहानी कहता है। इस तरह दोनों देश ने दुनिया के बॉस होते हुए अपने वर्चस्वी होने को व्यक्त किया। अमेरिका तो इस भूमिका में रहा है, लेकिन अमेरिका भारत को भी इस भूमिका में मानता है तो निश्चित ही यह भारत की दुनिया में मजबूत होती स्थिति को ही बयां कर रहा है। अब दुनिया के हर विवादों को सुलझाने में भारत-अमेरिका की संयुक्त एवं भूमिका महत्वपूर्ण होने से भारत की ताकत को समझा जा सकता है। निश्चित रूप से दोनों देशों के बीच के कई समीकरण आने वाले दिनों में नया आकार लेंगे, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा ने इस उम्मीद को ठोस आधार दे दिया है कि सहयोग के स्वरूप में जो भी बदलाव हो, रिश्ता बेहतर ही होता जाएगा। मोदी की इस अमेरिका यात्रा की अहमियत जाहिर है और इसे संभावनाभरा भी माना जा रहा है। डोनाल्ड ट्रंप के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद यह अमेरिका का उनका पहला सफर है। ट्रंप के साथ वाइट हाउस में मोदी की मुलाकात ने यही जताया कि दोनों नेताओं एवं देशों के संबंधों को और प्रगाढ़ करने की ललक दोनों तरफ है।

भारतीय प्रधानमंत्री की अमेरिकी राष्ट्रपति से मुलाकात पर देश ही नहीं, दुनिया की भी निगाहें थीं। एक तो इसलिए कि मोदी उन चुनिंदा शासनाध्यक्षों में से एक हैं, जिनसे डोनाल्ड ट्रंप ने प्रारंभिक दौर में ही मुलाकात करना बेहतर समझा और दूसरे इसलिए कि भारत अब एक बड़ी ताकत बन चुका है और वैश्विक मामलों में उसका रुख-रवैया एवं नीतियां मायने रखती है। इस मुलाकात को लेकर जिज्ञासा का एक कारण यह भी था कि बाइडन प्रशासन के समय अमेरिका और भारत के संबंधों में एक खिंचाव आ गया था। एक अर्से से यह महसूस किया जा रहा था कि बाइडन प्रशासन भारतीय हितों की वैसी चिंता नहीं कर रहा है, जैसी करनी चाहिए। मोदी और ट्रंप की मुलाकात ने यह तो रेखांकित किया कि दोनों देशों के संबंधों में गर्मजोशी लौट आई है, लेकिन अभी यह नहीं कहा जा सकता कि अमेरिका भारत की समस्त चिंताओं का समाधान करने जा रहा है, लेकिन इसे नकारा भी नहीं जा रहा है। ट्रंप ने बांग्लादेश के मामले में भारत के मन मुताबिक बात कहकर, सीमा पार यानी पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद से मिलकर लड़ने का वादा किया। कुल मिलाकर विकसित भारत के लक्ष्य में सहायक बनने वाले विभिन्न क्षेत्रों में अमेरिका से सहयोग की राह प्रशस्त होना भारत के लिये एक नये सूरज का उदय ही कहा जायेगा।

-लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

# वक्फ बिल पर राजनीति की बजाय, गंभीरता से हो विचार



**डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी**

बीते दिनों संसद में एक नया विधेयक लाया गया जो 1995 के वक्फ कानून में बदलाव करेगा। इस संबंध में संयुक्त समिति की रिपोर्ट पर संसद के सदनों में चर्चा चल रही है। इसका मकसद वक्फ बोर्ड के कामकाज में पारदर्शिता लाने के साथ महिलाओं को इन बोर्ड में शामिल करना है। सरकार के अनुसार मुस्लिम समुदाय के भीतर से उठ रही मांगों को देखते हुए यह कदम उठाया जा रहा है। हाल ही में कैबिनेट की ओर से समीक्षा किए गए इस विधेयक का उद्देश्य मौजूदा वक्फ अधिनियम के कई खंडों को रद्द करना है। ये रद्दीकरण मुख्य रूप से वक्फ बोर्डों के मनमाने अधिकार को कम करने के उद्देश्य से हैं, जो वर्तमान में उन्हें अनिवार्य सत्यापन के बिना किसी भी संपत्ति को वक्फ संपत्ति के रूप में दावा करने की अनुमति देता है। राजनीतिक दलों के बीच इस बिल को लेकर तीखी बहस छिड़ी है।

भारत में वक्फ की अवधारणा दिल्ली सल्तनत के समय से चली आ रही है, जिसके एक उदाहरण में सुल्तान मुइज़ुद्दीन सैम ग़ौर (मुहम्मद ग़ोरी) की ओर से मुल्तान की जामा मस्जिद को एक गांव समर्पित कर दिया गया था। साल 1923 में अंग्रेजों के शासन काल के दौरान मुसलमान वक्फ अधिनियम इसे विनियमित करने का पहला प्रयास था।

साल 1954 में स्वतंत्र भारत में वक्फ अधिनियम पहली बार संसद की ओर से पारित किया गया था। साल 1995 में इसे एक नए वक्फ अधिनियम से बदला गया, जिसने वक्फ बोर्डों को और ज्यादा शक्ति दी। शक्ति में इस इजाफे के साथ अतिक्रमण और वक्फ संपत्तियों के अवैध पट्टे और बिक्री की शिकायतों भी बढ़ गईं। साल 2013 में, अधिनियम में संशोधन किया गया, जिससे वक्फ बोर्डों को मुस्लिम दान के नाम पर संपत्तियों का दावा करने के लिए असीमित अधिकार प्रदान किए गए। संशोधनों ने वक्फ संपत्तियों की बिक्री को असंभव बना दिया।

वक्फ इस्लामी कानून के तहत धार्मिक या धर्मार्थ उद्देश्यों के लिए विशेष रूप से समर्पित संपत्तियों को संभालने का काम करता है। एक बार वक्फ के रूप में नामित होने के बाद संपत्ति दान करने वाले व्यक्ति से अल्लाह को ट्रांसफर हो जाती है और यह अपरिवर्तनीय होती है। इन संपत्तियों का प्रबंधन वक्फ या सक्षम प्राधिकारी की ओर से नियुक्त मुतव्वली द्वारा किया जाता है। रेलवे और रक्षा विभाग के बाद वक्फ बोर्ड कथित तौर पर भारत में तीसरा सबसे बड़ा भूमि धारक है।

भारत एक लोकतांत्रिक और संवैधानिक राष्ट्र है। कानून का राज है, तटस्थ और विवेकी न्यायपालिका है। इस देश में वक्फ बोर्ड भी है। वह जिस इमारत, जमीन, गांव और सैकड़ों साल पुराने मंदिर और मठ की तरफ अपनी उंगली उठाता है, तो वह उसकी संपत्ति मान ली जाती है। बेशक विवादों के लिए एक ट्रिब्यूनल भी है, लेकिन उसमें 40,950 से अधिक मामले अब भी लंबित पड़े हैं। 9942 मामले ऐसे भी हैं, जो मुसलमान वादियों ने ही वक्फ के खिलाफ कर रखे हैं। देश में सेना और रेलवे के बाद सबसे अधिक वक्फ बोर्ड के अधीन 9.40 लाख एकड़ जमीन है। आर्थिक विश्लेषण किया जाए, तो उस जमीन से 1.25 लाख करोड़ रुपए की आमदनी होनी चाहिए। वक्फ जमीन के कब्जेबाज सिर्फ 200 करोड़ रुपए की आमदनी ही मानते रहे हैं। उत्तर प्रदेश और बिहार में दो शिया वक्फ बोर्ड सहित 32 वक्फ बोर्ड हैं। राज्य वक्फ बोर्ड का नियंत्रण लगभग 200 व्यक्तियों के हाथों में है।

क्या यह किसी घोटाले की ओर संकेत करता है? क्या ऐसी निरंकुशता और कानूनहीनता किसी संवैधानिक देश में स्वीकार्य हो सकती है? यह बुनियादी आधार है, जिस पर वक्फ बोर्ड के नए कानून, नए नियमों और पूरी तरह कानूनी प्रारूप के लिए मौजूदा कानून में संशोधन अनिवार्य है। भारत में सेंट्रल और राज्य के कुल 30 बोर्ड कार्यरत हैं। लाखों संपत्तियां वक्फ बोर्ड के अधीन हैं, लेकिन आम मुसलमान के लिए कोई फायदा नहीं। आम मुसलमान के लिए कोई अधिकृत अस्पताल नहीं। आधुनिक स्कूल, कॉलेज नहीं हैं। जरूरतमंद के लिए आर्थिक मदद की कोई विशेष योजना नहीं है।

यह बिल मौजूदा वक्फ कानून में लगभग 40 बदलावों का प्रस्ताव रखता है। इसके तहत वक्फ बोर्डों को सभी संपत्ति दावों के लिए अनिवार्य सत्यापन से गुजरना होगा, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। इसका उद्देश्य वक्फ बोर्डों की संरचना और कामकाज को बदलने के लिए धारा 9 और 14 में संशोधन करना है, जिसमें महिलाओं के लिए प्रतिनिधित्व को शामिल किया गया है। इसके अलावा, विवादों को निपटाने के लिए वक्फ बोर्डों द्वारा दावा की गई संपत्तियों का नया सत्यापन किया जाएगा और दुरुपयोग को रोकने के लिए, जिला मजिस्ट्रेट वक्फ संपत्तियों की निगरानी में शामिल हो सकते हैं।

द इकोनॉमिक टाइम्स के अनुसार, यह कानून वक्फ बोर्डों की मनमानी शक्तियों को लेकर व्यापक चिंताओं के कारण लाया जा रहा है। उदाहरण के लिए, सितंबर 2022 में, तमिलनाडु वक्फ बोर्ड ने मुख्य रूप से हिंदू बहुल तिरुचेंदुरई गांव पर अपना दावा जताया था।

मुसलमानों की स्थिति पर सच्चर कमेटी की रपट में भी वक्फ पर कई गंभीर और तल्ख टिप्पणियां की गई थीं। दरअसल एक ताकतवर तबके के वक्फ बोर्ड के जरिए लाखों संपत्तियों पर अवैध कब्जे हैं। संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 29 के तहत न तो किसी के मौलिक अधिकार छीने जा रहे हैं, न मजहबी आजादी को 'गुलाम' बनाया जा रहा है और न ही सरकार किसी मस्जिद, इबादतगाह, दरगाह, मदरसों, कब्रिस्तानों आदि पर कब्जे के मंसूबे पाले बैठी है। संविधान और प्रभावशाली न्यायपालिका के देश में यह करना संभव भी नहीं है।

मुस्लिम सांसद ओवैसी साक्ष्यों और अतीत की घटनाओं के आधार पर यह साबित करें कि सरकार वक्फ संशोधन कानून इसलिए बनाना चाहती है, ताकि मुसलमानों की वक्फ परिसंपत्तियों को हड़पा जा सके। मुस्लिम और उनके वोट बैंक पर जिंदा राजनीतिक दलों के नेता औसत मुसलमान को भडक़ाने और आंदोलित करने की सियासत कर रहे हैं, लिहाजा राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े ने वक्फ बिल पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की 655 पन्नों की रपट को 'फर्जी' करार दिया है।

उसे अलोकतांत्रिक, संविधान-विरोधी और प्रक्रिया-विरोधी भी माना है। लोकतांत्रिक भारत में 'असंवैधानिक' तो यह है कि वक्फ संपत्तियों का कोई 'सेंट्रल डाटा' ही उपलब्ध नहीं है। वक्फ वाले तो संसद भवन की जमीन को भी वक्फ की संपत्ति मानते हैं। शुक्र है कि अभी राष्ट्रपति भवन उनकी निगाहों से बचा हुआ है। वक्फ को लालकिला और कुतुब मीनार की जमीन को भी वक्फ की संपत्ति मानने में कितना वक्त लग सकता है?

हैरान व्यवस्था है कि वक्फ ट्रिब्यूनल के फैसले को किसी अदालत में चुनौती नहीं दी जा सकती! अब संशोधित बिल के अनुसार ट्रिब्यूनल के फैसले को राजस्व अदालत, सिविल कोर्ट और उच्च न्यायालय में चुनौती दी जा सकेगी। वक्फ में ऐसे कई बिंदु और व्यवस्थाएं हैं, जिन्हें कानून के दायरे में लाना संसद का दायित्व है।

बीती 13 फरवरी को राज्यसभा में वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 पर संयुक्त संसदीय समिति की रिपोर्ट पेश की गई। इसके बाद राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने सरकार पर रिपोर्ट से असहमति वाली बातें हटाने का आरोप लगाया। उन्होंने इसे निंदनीय और अलोकतांत्रिक बताते हुए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से रिपोर्ट को खारिज करने और पुनर्विचार के लिए वापस भेजने का आग्रह किया। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने वक्फ (संशोधन) विधेयक पर जेपीसी रिपोर्ट का बचाव किया। इस मुद्दे पर राजनीति की बजाय गंभीरता से विचार होना चाहिये। ये मामला किसी एक कौम का नहीं बल्कि देश से जुड़ा है। और देश और देश के हित सर्वोपरि होने चाहियें।

-चिकित्सक एवं लेखक

## विदेश की खबरें

### जयशंकर ने ओमान के अपने समकक्ष के साथ व्यापार, निवेश और ऊर्जा सहयोग पर की चर्चा

**मस्कट :** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को ओमान के अपने समकक्ष बद्र अलबुसैदी के साथ व्यापार, निवेश और ऊर्जा सुरक्षा में द्विपक्षीय सहयोग पर व्यापक चर्चा की। जयशंकर आठवें हिंद महासागर सम्मेलन में भाग लेने के लिए ओमान की राजधानी मस्कट पहुंचे हैं। जयशंकर ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'आज सुबह ओमान के विदेश मंत्री बद्र अलबुसैदी से मिलकर बहुत खुशी हुई। (मैं) आठवें हिंद महासागर सम्मेलन की सफलतापूर्वक मेजबानी करने में उनके व्यक्तिगत प्रयासों की सराहना करता हूं।' उन्होंने लिखा, 'व्यापार, निवेश और ऊर्जा पर परस्पर सहयोग पर हमने व्यापक चर्चा की।' दोनों नेताओं ने राजनयिक संबंधों की 70 वीं वर्षगांठ पर संयुक्त रूप से प्रतीक चिह्न जारी किया। उन्होंने 'मांडवी टू मस्कट: इंडियन कम्युनिटी एंड शेयर्ड हिस्ट्री ऑफ इंडिया एंड ओमान' नामक एक पुस्तक का भी संयुक्त रूप से विमोचन किया। बाद में जयशंकर ने ईरानी समकक्ष अब्बास अराघची से भी भेंट की। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, 'आज दोपहर ईरान के विदेश मंत्री अराघची से मिलकर खुशी हुई। (हमने) द्विपक्षीय संबंधों और क्षेत्र में विकास के बारे में बात की।' जयशंकर ने ब्रुनेई के विदेश मंत्री दातो एरीवान पेहिन यूसुफ के साथ भी गर्मजोशी से भेंटवार्ता की।

### हमास का सफाया किया जाना चाहिए, गाजा में अस्थिर युद्धविराम पर संदेह और बढ़ा: रुबियो

**यरूशलम :** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने रविवार को गाजा पट्टी में इजराइल के युद्ध उद्देश्यों का पूर्ण समर्थन करते हुए कहा कि हमास को 'खत्म किया जाना चाहिए' क्योंकि इसने अस्थिर युद्धविराम के भविष्य पर संदेह खड़ा कर दिया है। रुबियो ने क्षेत्रीय दौरे की शुरुआत में यरूशलम में इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात की, जहां उन्हें राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के गाजा पट्टी से फलस्तीनी आबादी को स्थानांतरित करने और अमेरिकी स्वामित्व के तहत इसे पुनर्विकसित करने के प्रस्ताव पर अरब नेताओं से प्रतिरोध का सामना करना पड़ सकता है। नेतन्याहू ने इस प्रस्ताव का स्वागत किया और कहा कि गाजा के भविष्य के लिए उनके व ट्रंप के पास एक 'साझा रणनीति' है। नेतन्याहू ने ट्रंप की बात दोहराते हुए कहा कि अगर हमास सात अक्टूबर 2023 को किये हमले में अपहृत दर्जनों बंधकों को रिहा नहीं करता है, तो 'नरक के द्वार खुल जाएंगे'।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 17 फरवरी, सोमवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2081, फाल्गुन कृष्णपक्ष पंचमी, 28:54 तक, नक्षत्र : चित्रा, 31:30 तक, योग : शुला, 08:51 तक, सूर्योदय: 6:08, सूर्यास्त: 17:34, चन्द्रोदय : 21:38, चन्द्रास्त: 08:40, शक सम्वत: 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : कुम्भ, चन्द्र राशि : कन्या, राहू काल : 07:35 से 09:00

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि के जातकों के लिए कल दिन कुछ नया करने के लिए रहेगा। आपके मन में मानसिक शांति बनी रहेगी। आपको प्रमोशन मिलने से एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**वृष :** वृषभ राशि के जातकों के लिए कल दिन धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। ऑफिस में कार्यरत लोगों के ऊपर काम का दबाव अधिक रहेगा।

**मिथुन :** मिथुन राशि के जातकों को अनावश्य खर्चों को करने से बचना होगा। आप किसी को धन उधार देने से बचे। आपको अपने कामों को प्राथमिकता देनी होगी, तभी वह समय से पूरे हो सकेंगे।

**कर्क :** कर्क राशि के जातक कार्य क्षेत्र में टीमवर्क के जरिए काम करेंगे, जिससे वह कामों को आसानी से पूरा करके देंगे। आप किसी पार्टी आदि में जाने का मौका मिल सकता है।

**सिंह :** सिंह राशि के जातकों के लिए कल दिन समस्याओं भरा रहने वाला है। आपको एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी व्याकाग्रता बढ़ेगी। सामाजिक कामों में आपकी काफी रुचि रहेगी।

**कन्या :** कन्या राशि के जातकों के लिए कल दिन रूके हुए कामों के पूर्ति करने के लिए रहेगा। माता पिता का आशीर्वाद बना रहेगा। आपके ऊपर कामों का दबाव अधिक रहेगा।

**तुला :** तुला राशि के जातकों के लिए कल दिन महत्वपूर्ण रहने वाला है। आपको सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ मिलेगा। आप संतान के करियर को लेकर कोई बड़ा इन्वेस्टमेंट कर सकते हैं।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि के जातकों के लिए कल दिन किसी नई नौकरी की प्राप्ति के लिए रहेगा। आपका निर्णय लेने की क्षमता बेहतर रहेगी। आप अपने बिजनेस में कोई पार्टनरशिप कर सकते हैं।


**धनु :** धनु राशि के जातकों के लिए कल दिन कुछ खास रहने वाला है। कनूनी मामले आपके लिए समस्या बन सकते हैं। विद्यार्थी किसी नए कोर्स में एडमिशन ले सकते हैं।

**मकर :** मकर राशि के जातकों के लिए कल दिन लेनदेन के मामले में सावधान रहने के लिए रहेगा। आप अपने कामों पर पूरा ध्यान दें। व्यापार से जुड़े मामलों में आपको लापरवाही बिल्कुल नहीं करनी है।

**कुम्भ :** कुंभ राशि के जातकों के लिए कल दिन मान सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। बैंकिंग क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को अच्छा प्रमोशन मिलेगा। प्रतिस्पर्धा का भाव आपके मन में बना रहेगा।

**मीन :** मीन राशि के जातकों को अपने कामों पर ध्यान देने की आवश्यकता है, जिससे कि उसमें कोई गड़बड़ी न हो सके। उच्च अधिकारियों की कृपा आप पर बनी रहेगी।

## वर्ग पहेली नं. 3007



ऊपर से नीचे:- 2) पाजीपन, 3) पराजित, 4) रास्ता, 6) रूढिभंजन, 7) फ़ासला, 8) अंधकार, 9) हाथीशिशु, 13) मेंढक, 14) सफलता, 15) मद्यकक्ष, 16) जुनूनी, 18) जल्दी-जल्दी, 19) रोधक; अवरोधात्मक, 22) भूल, 23) शासनकाल, 25) निषिद्ध, 26) अल्पतम.

(उत्तर: अगले अंक में)

बायें से दायें:- 1) दुधमुँहापन; बचपन, 3) सिपाही (अपराधी बोलचाल); मामूँ जान, 5) राम का जनक (रामायण), 7) समाविष्ट; अंदर, 9) कुकर्म, 10) अभ्यास; दक्षता, 11) तल्लीन; मग्न, 12) चौथे सिख गुरु, 14) समय, 15) मेघ; जलधर, 17) उक्ति; वचन, 18) गुरुद्वारा; राजसभा, 20) पीड़ा, 21) बेज़बानी; चुप्पी, 22) बुराई; विकृति, 24) अग्निशामक गाड़ी, 27) मुकुट, 28) छाँटना, 29) गोलाकार.

पिछली पहेली का उत्तर



शब्दवेधी

## सुडोकू-पहेली-2967

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 4 | | 6 | | 9 |
| 5 | | 1 | | | | | | |
| | | | | | | 2 | | |
| | | | 1 | | 5 | | 8 | |
| 2 | 9 | | | | | | | |
| | | | 7 | | | | | |
| 7 | | | 3 | | | | 5 | |
| | 6 | | | 9 | | | | |
| | | | | | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

सूडोकू पहेली - 2966 का उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 3 | 7 | 5 | 1 | 8 | 2 | 4 | 6 |
| 4 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 8 | 1 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 7 | 4 | 9 | 3 | 5 |
| 5 | 9 | 3 | 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 2 |
| 2 | 4 | 6 | 1 | 3 | 9 | 8 | 5 | 7 |
| 7 | 8 | 1 | 2 | 4 | 5 | 3 | 6 | 9 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 6 | 7 | 1 | 9 | 4 |
| 6 | 1 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 |
| 3 | 7 | 9 | 4 | 5 | 1 | 6 | 2 | 8 |

# सरकार भगदड़ को छिपाने की कोशिश कर रही, रेल मंत्री को इस्तीफा देना चाहिए : तृणमूल कांग्रेस

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस के नेताओं ने रविवार को केंद्र पर नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ को छिपाने का प्रयास करने का आरोप लगाया और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को बर्खास्त करने की मांग की। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में राज्यसभा में तृणमूल की उपनेता सागरिका घोष ने सरकार पर भारतीय नागरिकों के जीवन के साथ बेरहमी से खेलने का आरोप लगाया और इसे शब्दों से परे दुखद कहा। घोष ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि पहले नरेन्द्र मोदी और उनकी भाजपा ने किसी भी भगदड़ से इनकार किया। फिर, उन्होंने इसे अफवाह बताया। फिर, उन्होंने स्वीकार किया कि कुछ लोग घायल हुए हैं। फिर, भाजपा को मजबूरन यह स्वीकार करना पड़ा कि कुछ' लोग मर गए होंगे। उन्होंने कहा कि जुमला पार्टी और इसकी जुमला सरकार बार-बार मौतों और त्रासदियों पर पर्दा डालती रहती है और भारतीय नागरिकों के जीवन के साथ बेरहमी से खेलती है। नयी दिल्ली स्टेशन पर हुई भगदड़ से मोदी सरकार का न्यूनतम शासन, अधिकतम प्रचार का मंत्र फिर से उजागर हो गया है। यह दुखद है, जिसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता।

तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य साकेत गोखले ने मांग की कि वैष्णव को या तो बर्खास्त किया जाना चाहिए या इस्तीफा दे देना चाहिए, क्योंकि उन्होंने घटना को छिपाने की कोशिश करने के लिए रेलवे की आलोचना की। गोखले ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि शनिवार की रात नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई दुखद भगदड़ में 18 लोगों की मौत और कई लोगों के घायल होने की खबर सुनकर बेहद स्तब्ध हूं। मृतकों के परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। उन्होंने कहा कि भगदड़ के कई घंटों बाद तक रेलवे ने इससे इनकार किया और कहा कि यह 'अफवाह है'। यह मामले को छिपाने का निर्लज्ज प्रयास था, जब तक कि शव मिलने शुरू नहीं हो गए। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी के अंशकालिक रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के हाथ एक बार फिर खून से रंगे हैं। उन्होंने कहा कि अगर वैष्णव को जिम्मेदारी का जरा भी अहसास है, तो उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। अगर प्रधानमंत्री मोदी को लोगों की जान की जरा भी चिंता है या शर्म है तो उन्हें अश्विनी वैष्णव को तुरंत बर्खास्त कर देना चाहिए।

**❑ कुणाल घोष ने दिल्ली भगदड़ को रेल मंत्रालय की 'विफलता' बताया**

तृणमूल नेता कुणाल घोष ने दिल्ली में हुई भगदड़ को रेल मंत्रालय और रेलवे प्रबंधन की विफलता बताया है। रविवार को कुणाल घोष ने कहा कि यह एक गंभीर दुर्घटना है। यह रेल मंत्रालय और रेलवे प्रबंधन की विफलता है। पहले एक के बाद एक ट्रेन हादसे हुए और अब प्लेटफॉर्म पर इतने सारे लोग मर गए। रेल मंत्री क्या कर रहे हैं? उन्हें सिर्फ पब्लिसिटी चाहिए। अब रेलवे में सुरक्षा के लिए कोई जगह नहीं है। पहले महाकुंभ में भगदड़ हुई और अब दिल्ली में भगदड़ हुई है।

# कल विधानसभा में ममता व शुभेंदु हो सकते हैं आमने-सामने

**❑ चार दिनों की छुट्टी के बाद आज से फिर शुरू होगी विधानसभा की कार्यवाही**

**❑ सोमवार व मंगलवार को राज्यपाल के अभिभाषण पर होगी चर्चा**



**कोलकाता, समाज्ञा :** लगातार चार दिनों की सरकारी छुट्टी के बाद विधानसभा में सोमवार से राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा शुरू होगी। अभिभाषण पर चर्चा के दूसरे दिन मंगलवार को विधानसभा में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी के बीच आमना-सामना होने की संभावना है। परिणामस्वरूप, उस दिन सदन का माहौल गरमागरम हो सकता है। विधानसभा सचिवालय के सूत्रों के अनुसार, तृणमूल विधायक दल ने अध्यक्ष बिमान बनर्जी के कार्यालय को सूचित किया है कि मुख्यमंत्री राज्यपाल के अभिभाषण पर मंगलवार को सदन में अपना वक्तव्य रखेंगी। ममता के लिए 50 मिनट का समय आवंटित करने का अनुरोध किया गया है ताकि वह अधिक समय तक बोल सकें। दूसरी ओर, राज्य में मुख्य विपक्षी भाजपा भी उस दिन विपक्ष के नेता शुभेंदु के भाषण की तैयारी कर रही है। सूत्रों के अनुसार, भाजपा विधायक दल अपने वक्ताओं की सूची तैयार कर रहा है, ताकि शुभेंदु महत्वपूर्ण मुद्दों पर राज्यपाल के अभिभाषण को सरकार को कठघरे में खड़ा करने के औजार के रूप में इस्तेमाल कर सकें। भाजपा का दावा है कि मौजूदा राज्य सरकार विभिन्न क्षेत्रों में विफल रही है और राज्यपाल के अभिभाषण में भी वास्तविक स्थिति प्रतिबिंबित नहीं हुई। सोमवार व मंगलवार को लगातार दो दिन क्रमशः तीन व चार घंटा करके विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा होगी। इसके बाद, बुधवार और गुरुवार को राज्य के बजट पर क्रमशः तीन व चार घंटे की चर्चा होगी। बजट सत्र का पहला चरण 20 फरवरी तक चलेगा।

## शिक्षक भर्ती घोटाला : पार्थ चटर्जी ने खुद उम्मीदवारों को व्यक्तिगत रूप से किया था चयन

**कोलकाता, समाज्ञा :** शिक्षक भर्ती घोटाले की जांच कर रही सीबीआई को पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी की भूमिका के बारे में अतिरिक्त सुराग मिले हैं, जिन्होंने उम्मीदवारों को व्यक्तिगत रूप से चयन किया था और और अपने अधीनस्थों को तदनुसार कार्य करने का निर्देश दिया था। सीबीआई अधिकारियों ने साल्टलेक स्थित राज्य शिक्षा विभाग के मुख्यालय से 324 उम्मीदवारों की सूची हासिल की है, जिनके नामों की सिफारिश राज्य के कुछ हाई-प्रोफाइल व्यक्तियों ने की थी, जिनमें सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के कुछ वर्तमान और पूर्व सांसद और विधायक शामिल हैं। जांच अधिकारियों ने उक्त दस्तावेजों पर कुछ हस्तलिखित नोटों को मिटाने के कुछ जानबूझकर किए गए प्रयासों का भी पता लगाया है।

# जीवनतला से हथियार बरामदगी मामले में एक और गिरफ्तारी, अबतक कुल पांच गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** जीवनतला से हथियार बरामदगी के मामले में एक और आरोपी फारूक मल्लिक को गिरफ्तार किया गया है, जिससे अब इस मामले में गिरफ्तार आरोपियों की संख्या पांच हो गई है। फारूक से डबल बैरल हथियार और चार फैक्ट्री मेड कारतूस बरामद किए गए हैं। इन कारतूसों के खोल ने जांचकर्ताओं को नया सुराग दिया है, जिससे मामले की जांच को नई दिशा मिली है। मिली जानकारी के अनुसार, फारूक मल्लिक ने बंगाल एसटीएफ द्वारा गिरफ्तार किए गए हाजी राशिद मोल्ला से यह हथियार खरीदे थे। एसटीएफ का मानना है कि जो कारतूस बरामद हुए हैं, वे किसी अन्य लाइसेंस प्राप्त दुकान से खरीदे गए थे। एसटीएफ का कहना है कि केवल विवादित बाग की दुकान ही नहीं, बल्कि और भी कई दुकानों का इस 'हथियार गोदाम' से संबंध हो सकता है। फारूक के पास से बरामद चार कारतूस 'फैक्ट्री मेड' थे, जो विवादित बाग की दुकान से नहीं प्राप्त हुए थे। अब एसटीएफ इन कारतूसों को अन्य दुकानों से जोड़ने की कोशिश कर रहा है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, एसटीएफ की विशेष टीम ने शुक्रवार रात हाजी राशिद मोल्ला के घर पर छापेमारी की, जहां से बड़ी मात्रा में कारतूस बरामद हुए। इसके बाद, हासनाबाद के आशिक इकबाल गाजी, अब्दुल सलिम गाजी और शांतिपुर के जयंत दत्त को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उक्त दुकान पर भी छापेमारी की और रजिस्टर जब्त किए।

## जीवनतला कारतूस बरामदी मामले में बीबीडी बाग के दुकान मालिक को तलब, पांच साल के स्टॉक की जा रही समीक्षा

**जीवनतला में कारतूस बरामदी के मामले में बंगाल एसटीएफ ने विवादित बाग की लाइसेंस प्राप्त बंदूक की दुकान पर छापेमारी की है। जांचकर्ताओं का मानना है कि इस दुकान से कारतूसों की तस्करी की जा रही थी। इस सवाल का जवाब प्राप्त करने के लिए पुलिस ने दुकान से कई रजिस्टर जब्त किए हैं और पिछले 5 वर्षों का स्टॉक खंगालना शुरू कर दिया है। इसके अलावा, सोमवार को सुबह साढ़े दस बजे दुकान के मालिक को भी तलब किया गया है।**

**सूत्रों के अनुसार, विवादित बाग की दुकान से कारतूस बदमाशों तक पहुंचाए जाते थे। पूछताछ में यह भी सामने आया कि इस दुकान के कारतूसों का इस्तेमाल डेमो के रूप में किया जाता था और इन कारतूसों का इस्तेमाल अवैध हथियारों के निर्माण में भी किया जाता था।**

## बागुईआटी में प्रमोटर की पिटाई के आरोपी पार्षद समरेश चक्रवर्ती को मिली अग्रिम जमानत

**कोलकाता, समाज्ञा :** बागुईआटी रघुनाथपुर में प्रमोटर किशोर हलदार के साथ मारपीट करने के मामले में मुख्य आरोपी तृणमूल काउंसलर समरेश चक्रवर्ती को अग्रिम जमानत मिल गई है। समरेश ने बारासात कोर्ट में आत्मसमर्पण कर जमानत प्राप्त की। इससे पहले पुलिस उन्हें फरार बता रही थी और उनकी गिरफ्तारी की कोई सूचना नहीं मिल रही थी, जिसे लेकर घायल प्रमोटर किशोर हलदार ने सवाल उठाए हैं। घटना 15 दिसंबर 2024 को बागुईआटी रघुनाथपुर में हुई थी, जब प्रमोटर किशोर हलदार से पैसा मांगने के बाद उन्हें रिवॉल्वर के बट से मारकर सिर फोड़ने का आरोप था। इस मामले में पहले गिरफ्तार हुए तीन आरोपियों रमेन मंडल, शुभेंदु मंडल और अमित दास को 14 फरवरी 2025 को जमानत मिली थी। शनिवार को समरेश चक्रवर्ती सहित अन्य फरार आरोपियों ने कोर्ट में आत्मसमर्पण किया और जमानत प्राप्त की। प्रमोटर के आरोप में पुलिस ने कई स्थानों पर छापेमारी की थी, लेकिन समरेश को पकड़ने में नाकाम रही थी। किशोर हलदार ने इस पर नाराजगी जताते हुए कहा कि पुलिस ने बार-बार गिरफ्तारी का वादा किया था, लेकिन उसे पूरा नहीं किया। इसके बाद इस मामले की शिकायत मुख्यमंत्री से भी की गई थी।

# शिक्षक भर्ती घोटाले में आया पूर्व मंत्री श्यामल सांतरा का नाम



**बांकुड़ा/कोलकाता :** प्राथमिक शिक्षकों की नियुक्ति भ्रष्टाचार में राज्य के पूर्व मंत्री श्यामल सांतरा का नाम आने के बाद बांकुड़ा जिले में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। माकपा की ओर से रविवार को रानीबांध में पोस्टर लगाए गए हैं, जिसमें शिक्षक भर्ती में भ्रष्टाचार के आरोपितों को सजा देने की मांग की गई है। माकपा ने योग्य उम्मीदवारों को वंचित करने और लाखों रुपये लेकर नौकरी बेचने के मामले की जांच और दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग की है। भाजपा ने मांग की है कि सीबीआई को बताना चाहिए कि किसके निर्देश पर श्यामल सांतरा ने इन 22 लोगों को नौकरी देने की सिफारिश की और कितने पैसे में। माकपा ने पूरे मामले की जांच की मांग की हैं। दूसरी ओर, आरोपित श्यामल संतरा ने आरोपों से इनकार किया है। सीबीआई की सूची के अनुसार, श्यामल की सिफारिश पर 22 लोगों की नियुक्ति की गयी थी। जैसे ही यह भ्रष्टाचार सामने आया, जोरदार हंगामा शुरू हो गया है।

## सबूत मिले तो हर सजा के लिए तैयार : दिव्येंदु अधिकारी

**पूर्व मेदिनीपुर :** शिक्षक भर्ती भ्रष्टाचार मामले में दिव्येंदु अधिकारी सहित कई हस्तियों के कथित तौर पर नाम आने पर जहां बंगाल की राजनीति में मामले को लेकर नया उबाल आ गया है। उक्त मामले को लेकर बहस का दौर भी चल पड़ा है। रविवार को हल्दिया में भारतीय मजदूर संघ द्वारा आयोजित श्रमिक रैली में दिव्येंदु अधिकारी ने मीडिया कर्मियों के सवालों के जवाब में कहा कि सबूत मिले तो हर सजा के लिए तैयार हैं। मामले में नाम आने के बारे में दिव्येंदु ने कहा कि मैं इस मामले पर कोई टिप्पणी नहीं करूंगा। कारण सीबीआई उच्च न्यायालय के आदेश पर जांच कर रही है। यदि मामले में उनके लिप्त होने का सबूत है तो उन्हें जो भी सज़ा दी जाएगी उसे वह स्वीकार करेंगे। तमलुक के पूर्व सांसद दिव्येंदु अधिकारी ने कहा कि आपलोग मेरे अतीत को भूल जाइए, मै क्या था। मैं अब एक साधारण कार्यकर्ता हूं। मुझे पद की कोई आवश्यकता नहीं है, कोई लालच नहीं है। अपना काम करने में आस्था रखता हूं।

## उत्तर 24 परगना में 77 किलो प्रतिबंधित पटाखों के साथ दो गिरफ्तार




**कोलकाता, समाज्ञा :** कल्याणी विस्फोट के बाद बैरकपुर पुलिस अवैध पटाखों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में, बसुदेवपुर औद्योगिक क्षेत्र से 77 किलो प्रतिबंधित पटाखे बरामद किए गए हैं। पुलिस ने इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। बैरकपुर पुलिस के अंतर्गत बसुदेवपुर थाना ने घोषपाड़ा इलाके में छापेमारी कर हसन सरदार नामक व्यक्ति को रंगे हाथों पकड़ लिया। पुलिस को गोपनीय सूचना मिली थी कि हसन और उसके सहयोगी अवैध पटाखों के कारोबार में संलिप्त हैं। छापेमारी के दौरान हसन के पास से 77 किलो प्रतिबंधित पटाखे बरामद किए गए। हसन सरदार के बयान के आधार पर पुलिस ने नासिर शेख नामक एक अन्य व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया है। दोनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अब इस अवैध कारोबार में शामिल अन्य लोगों की तलाश कर रही है और पटाखों के निर्माण, बिक्री और भंडारण पर सख्त निगरानी रख रही है।

# बजबज में बमबाजी की घटना में दो और गिरफ्तार, आरोपियों की संख्या बढ़कर हुई दस

**इस घटना में कुल 43 लोगों के खिलाफ दर्ज कराई गई हैं शिकायत**

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिला के बजबज स्थित निर्माणाधीन गोदाम पर बमबाजी के मामले में पुलिस ने दो और आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में अब तक 10 लोग गिरफ्तार किये जा चुके हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार लोगों को अलीपुर अदालत में पेश किया गया। गिरफ्तार लोग उत्तर रायपुर पंचायत में हीरो नाम से परिचित एक स्थानीय तृणमूल नेता के समर्थक बताए जाते हैं। सूत्रों के अनुसार, उत्तर रायपुर ग्राम पंचायत के बजबज नगरपालिका



के वार्ड क्रमांक 19 और ब्लॉक-1 के चौराहे पर गोदाम का निर्माण किया जा रहा है। गोदाम के लिए निर्माण सामग्री कौन आपूर्ति करेगा इस बात को लेकर बुधवार को दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। विवाद इस कदर बढ़ गया कि बमबाजी हो गई। गोलीबारी के भी आरोप लगे हैं। खबर मिलते ही बजबज और महेशतला थाने से भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। इस घटना में दोनों पक्षों के कुल 43 लोगों पर आरोप हैं। बुधवार की घटना के बाद पुलिस ने गुरुवार को आठ लोगों को गिरफ्तार किया जबकि अन्य आरोपित फरार थे। रविवार को पुलिस ने फरार दो आरोपितों को गिरफ्तार किया। बाकी आरोपितों की तलाश में जुटी हुई है।

# एसएसकेएम के पास सरेआम दो व्यवसाइयों पर हमला, भवानीपुर थाना पुलिस ने दो अपराधियों को पकड़ा

**मनचाहा रंगदारी न मिलने पर वारदात को अंजाम देने का आरोप**

**कोलकाता :** कोलकाता में अपराधियों का आतंक बढ़ता जा रहा है। न्यू मार्केट इलाके के दो व्यापारियों पर धारदार हथियार से हमला किया गया। आरोप है कि एसएसकेएम अस्पताल के पास कुछ बदमाशों ने उन पर हमला कर दिया। घायल व्यापारी एसएसकेएम अस्पताल में भर्ती हैं। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

घायल व्यापारी मनु कुमार सिंह और रामानुज सिंह हैं, जो आपस में भाई हैं और बेहाला के रहने वाले हैं। घटना उस समय हुई जब वे एसएसकेएम अस्पताल के पास हरिश मुखर्जी रोड से घर लौट रहे थे। तभी चार से छह बदमाशों ने उन्हें घेर लिया। आरोप है कि मोहम्मद सैफ अली खान और रेहान खान सहित अन्य बदमाशों ने उन पर धारदार हथियार से हमला किया। हमले के बाद दोनों व्यापारी लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़े।

घटना के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए, लेकिन स्थानीय लोगों की मदद से दोनों व्यापारियों को अस्पताल पहुंचाया गया। इस घटना की शिकायत भवानीपुर थाने में दर्ज कराई गई। पीड़ितों का कहना है कि बदमाशों ने उनसे 3 लाख रुपये की मांग की थी, लेकिन वे पैसे नहीं दे पाए। इसी वजह से उन पर हमला किया गया।

शिकायत के आधार पर पुलिस ने मोहम्मद जावेद (31) और मोहम्मद तबरेज (20) नाम के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों तालतला थाना क्षेत्र के रामनस्कर लेन के निवासी हैं।

हालांकि कोलकाता पुलिस के एक अधिकारी के अनुसार पुलिस की प्राथमिक जांच में यह सामने आया है कि यह झगड़ा दो गुटों के बीच विवाद का नतीजा था। गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें 25 फरवरी 2025 तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस अब इस मामले में बाकी आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

## जगद्दल बम विस्फोट मामले में दो लोगों को 10 साल के सश्रम कारावास की सजा

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता की एक विशेष एनआईए अदालत ने 2021 में हुए जगद्दल बम विस्फोट मामले में दो लोगों को 10 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। रविवार को एक सरकारी बयान में यह जानकारी दी गयी। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने एक बयान में बताया कि अदालत ने चांद उर्फ आरिफ अख्तर और राहुल पासी को 10 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनायी तथा उनपर 5000-5000 रुपये का जुर्माना भी लगाया। बयान में कहा गया है कि आठ सितंबर, 2021 को उत्तर 24 परगना जिले के जगद्दल में इन दोनों ने एक किशोर के साथ मिलकर पूर्व सांसद अर्जुन सिंह के कार्यालय-सह-निवास - मजदूर भवन - के बगल वाले गेट पर लगातार तीन बम फेंके थे। स्थानीय पुलिस ने अख्तर और



किशोर को पकड़ा था। बाद में, एनआईए ने 14 सितंबर, 2021 को इस मामले अपने हाथ में लिया था और पासी को गिरफ्तार किया था। बयान के अनुसार, सीबीआई ने दिसंबर 2021 में आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया था। पासी और अख्तर को शनिवार को एनआईए की विशेष अदालत ने दोषी ठहराया और सजा सुनाई, जबकि किशोर अब भी माता-पिता की अभिरक्षा में है।

सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब

(आर्डर 5 कायदा 1 व 5 सी0पी0सी0)

न्यायालय प्रथम अपर सिविल जज एस0डी0हरिद्वार जिला हरिद्वार

मूल वाद संख्या 256 सन् 2019

श्रीमती आशा जायसवाल बनाम श्री राजन जायसवाल आदि

01- श्रीमती आशा जायसवाल पुत्री स्व0हरी राम शाव (जायसवाल)पत्नी श्री राजकुमार जयसवाल निवासी 91 ,बेचू चटर्जी स्ट्रीट कोलकत्ता 700009 -वादनी

बनाम

01- श्री राजन जायसवाल पुत्र स्व0हरी राम शाव (जायसवाल) निवासी 25 बी,शंकर घोष लेन कोलकत्ता 700006

02- श्री राजकुमार जायसवाल पुत्र स्व0हरी राम शाव (जायसवाल) निवासी 26/1/1 रोहित इन्टरनेशनल स्ट्रैन्ड रोड कोलकत्ता 700001,

03- श्री शिव कुमार जायसवाल पुत्र स्व0हरी राम शाव (जायसवाल) निवासी 81डी ,बेचू चटर्जी स्ट्रीट कोलकत्ता 700009

04- श्री संजय कुमार जायसवाल पुत्र स्व0हरी राम शाव (जायसवाल) निवासी 81डी ,बेचू चटर्जी स्ट्रीट कोलकत्ता 700009

हरगाह वादनी ने आपके नाम एक मूल वाद बाबत घोषणात्मक व तकसीम हेतु के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 22/02/2025 ई0 बवक्त 10:30 पूर्वाहन बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकद्मा के हालात से करार वाकई किया गया हो और कुल उमूरात अहम मुत्तालिक मुकद्मे का जवाब दे सके या जिसके पास कोई शख्स जो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके। हाजिर हो और जवाब देही दावा की करे और हरगाह वादी तारीख जो आपको इजहारों के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कतई मुकद्मा तजबीज हुई है बस आपको लाजिम है कि उसी रोज अपने जुमला गवाहों को जिनकी शाहदत पर नीज तमाम दस्तावेज को जिनपर आप अपनी जवाब देही के ताईद इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे आपको इत्तिला दी जाती है कि बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकद्मा बगैर हाजिरी आपको समसूआ और फैसला होगा।

मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के 02 माह 14 दिवस को निकाली गई।

विवरण सम्पत्ति एक किता भूखण्ड जिसकी पैमायश पूरब 32 फिट 4-1/2इंच पश्चिम 26फिट 6इंच उत्तर 134 फिट 9इंच दक्षिण 131 फिट 9इंच कुल क्षेत्रफल 3936 वर्गफिट 6इंच यानि 365.84 वर्गमीटर जिसका खसरा नम्बर 65/12 मौजा भोपतवाला कंला,हरिद्वार परगना ज्वालापुर तहसील व जिला हरिद्वार जिसके पूरब सम्पत्ति दूधाधारी पश्चिम में रास्ता 14 फिट उत्तर में भूमि गुरूदेव मुनी दक्षिण में रंगी राम आश्रम ,स्थित रानीगली भूपतवाला हरिद्वार परगना ज्वालापुर तहसील व जिला हरिद्वार।

मोहर

For प्रबंधक /रीडर 14/2/25

न्यायालय प्रथम अपर सिविल जज एस0डी0 हरिद्वार

रोशनाबाद जिला हरिद्वार

हरिद्वार

# अपने अभिभाषण में राज्य के विचार व्यक्त किए थे, राजभवन की नीतियों को नहीं : राज्यपाल

**❑ अपने अभिभाषण को लेकर आलोचनाओं को राज्यपाल ने किया खारिज**

**❑ कहा... 'राज्यपाल अपने अभिभाषण में वही पढ़ते हैं जो मंत्रिपरिषद ने लिखा है'**



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस ने 10 फरवरी को बजट सत्र के पहले दिन विधानसभा में अपने अभिभाषण को लेकर आलोचनाओं को रविवार को खारिज कर दिया और कहा कि उनका संबोधन राज्य सरकार की नीतियों का प्रतिबिंब था, न कि राजभवन का नीतिगत बयान। बता दें कि 10 फरवरी को बोस के अभिभाषण के तुरंत बाद विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने कहा था कि यह राज्य सरकार द्वारा शुरू में उन्हें उपलब्ध कराए गए अभिभाषण की प्रति का संशोधित संस्करण है। इस दिन, राज्यपाल बोस ने यहां राजभवन में एक समाचार एजेंसी से कहा कि राज्यपाल का अभिभाषण उनका नीति वक्तव्य नहीं है, बल्कि राज्य सरकार का नीति वक्तव्य है। इस प्रकार सरकार का नीति वक्तव्य मंत्रिपरिषद की सलाह के आधार पर दिया जाना चाहिए। वे जो भी पारित करते हैं, वह सरकार की नीति होती है, जिसे राज्य के संवैधानिक प्रमुख के रूप में राज्यपाल द्वारा सदन में प्रसारित किया जाना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि राज्यपाल अपने अभिभाषण में वही पढ़ते हैं जो मंत्रिपरिषद ने लिखा है। बोस ने कहा कि मैंने सोचा कि कुछ अनावश्यक संदर्भों को हटाया जा सकता है। लेकिन, उन पर अपने विचार थोपने के बजाय, मैंने सरकार को बताया कि ये ऐसे बदलाव हैं जो किए जा सकते हैं। उन्होंने उन्हें सहजता से स्वीकार कर लिया। इसलिए, आम सहमति बन गई। राज्यपाल की भूमिका टकराव को बढ़ाना नहीं, बल्कि आम सहमति बनाना है। उन्होंने कहा कि एक पूर्व नौकरशाह के तौर पर मैंने कई राज्यपालों के अभिभाषण तैयार किए हैं। और उनमें से किसी में भी कोई विवादास्पद टिप्पणी या कटाक्ष शामिल नहीं था।

**❑ 'विपक्ष की आपत्ति मैंने धैर्यपूर्वक सुनी'**

अपने अभिभाषण के दौरान विधानसभा में विपक्ष द्वारा उठाई गई कुछ आपत्तियों का जिक्र करते हुए राज्यपाल बोस ने कहा कि उन्होंने दो बार रुककर उनकी (शुभेंदु की) बातें सुनीं। उन्होंने कहा कि जब विपक्ष ने अभिभाषण के दौरान किए गए कुछ उल्लेखों पर आपत्ति की तो मैंने धैर्यपूर्वक उनकी बात सुनी और फिर आगे बढ़ा। यह पूछे जाने पर कि उनके अभिभाषण में आरजीकर अस्पताल में एक प्रशिक्षु महिला चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या मामले का उल्लेख क्यों नहीं किया गया, बोस ने कहा कि मंत्रिपरिषद ने अपने विवेक से इस घटना को अभिभाषण में शामिल नहीं करने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि लेकिन विपक्ष ने इस मुद्दे को उठाया। मैंने अभिभाषण आगे पढ़ने से पहले उनकी बात सुनी। इसका मतलब है कि इस बारे में विपक्ष की नाराजगी भी सदन के रिकार्ड में है।




# कुंभ मेले के लिए यात्रियों की सुविधा के लिए पूर्व रेलवे ने बढ़ाई सुरक्षा व्यवस्थाएं



**कोलकाता, समाज्ञा**

कुंभ मेला यात्रियों की सुरक्षित और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए पूर्व रेलवे ने सुरक्षा उपायों को और सख्त कर दिया है। यात्रियों की सुरक्षा और सुगम यातायात को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने ट्रेनों और स्टेशनों पर अतिरिक्त सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की है। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के अतिरिक्त कर्मियों को प्लेटफार्म, फुट-ओवर ब्रिज और प्रमुख स्टेशनों पर तैनात किया गया है ताकि भीड़ को सही तरीके से संभाला जा सके और यात्रियों को परेशानी से बचाया जा सके। इसके अलावा, रेलवे के अन्य कर्मचारी भी यात्रियों को सहायता और मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं।

सुरक्षा उपायों का उद्देश्य प्रमुख रूप से यात्री यातायात प्रबंधन, महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा, अपराध रोकथाम और उपद्रवी गतिविधियों पर नियंत्रण रखना है। इन सुरक्षा उपायों को प्रभावी बनाने के लिए प्रमुख स्टेशनों और फुट-ओवर ब्रिजों पर आरपीएफ कर्मियों की संख्या बढ़ा दी गई है और मेल, एक्सप्रेस तथा विशेष ट्रेनों की सुरक्षा में भी अतिरिक्त ध्यान दिया जाएगा। हावड़ा, सियालदह, वर्दवान, आसनसोल और मालदह टाउन जैसे प्रमुख स्टेशनों पर विशेष सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सीसीटीवी निगरानी को भी तेज किया गया है, साथ ही स्निफर डॉग पेट्रोलिंग और सार्वजनिक घोषणाओं के माध्यम से सुरक्षा को बढ़ाया जा



रहा है। रेलवे ने महिलाओं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया है और उन्हें सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए मेरी सहेली और मातंगिनी टीमों को तैनात किया गया है।

# नंदीग्राम में सेप्टिक टैंक की सफाई कर रहे दो श्रमिकों की दम घुटने से मौत

**पूर्व मेदिनीपुर :** कोलकाता लेदर कॉम्प्लेक्स में भूमिगत सीवेज लाइन की सफाई कर रहे तीन दिहाड़ी श्रमिकों की मौत की घटना के दो सप्ताह भी नहीं हुए थे कि फिर सेप्टिक टैंक की बलि दो और श्रमिक चढ़ गए। देखा जाए तो मात्र एक पखवाड़े की अन्दर ही राज्य में कुल पांच श्रमिकों की मौत सेप्टिक टैंक की सफाई करने के दौरान हुई। पुलिस व स्थानीय लोगों के अनुसार, ताजा घटना पूर्व मेदिनीपुर जिले के नंदीग्राम में घटी। जहां सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान दम घुटने से दो श्रमिकों की मौत हो गई। घटना रविवार की सुबह नंदीग्राम थाना अंतर्गत वेकुटिया गांव में हुई। मृतकों के नाम मानस गिरि और मृत्युंजय जाना बताये गये हैं। इसके अलावा, घर के मालिक कनाई जाना भी गंभीर



रूप से बीमार पड़ गए हैं। उनका नंदीग्राम सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, इस दिन, छुट्टी के दिन दो श्रमिक सेप्टिक टैंक साफ करने के लिए कनाई के घर गए थे। घर के मालिक ने स्वयं सफाई में मदद की। टैंक के अंदर काम करते समय, जहरीले धुएं के कारण वे अचानक बेहोश हो गए। परिवार के सदस्यों ने उन्हें नंदीग्राम सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने मानस और मृत्युंजय को मृत घोषित कर दिया। कनाई का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## मुर्शिदाबाद में अवैध शराब के ठेके से युवक का शव बरामद

**मुर्शिदाबाद :** जिले के बड़ंचा में एक अवैध शराब के ठेके से शनिवार को एक युवक का शव बरामद किया गया। परिवार ने युवक की हत्या का आरोप लगाया है। इस घटना से क्षेत्र में व्यापक उत्तेजना फैल गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतक युवक का नाम तपस भल्ला (30) है। बताया गया है कि गत शनिवार की रात वह शराब खरीदने के लिए इलाके के एक घर में गया था। वहां शराब न मिलने पर उसका विवाद हो गया। आरोप है कि बाद में युवक की बुरी तरह पिटाई की गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने रविवार की सुबह युवक का शव बरामद किया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। इस घटना में अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। परिवार का आरोप है कि इस धंधे में शामिल लोगों ने उनके बेटे की हत्या की है।

## शाकंभरी रूप में पूजी गई मां त्रिपुरा सुंदरी राजराजेश्वरी



**हुगली, समाज्ञा :** जिले के कोन्नगर स्थित सिद्धपीठ राजराजेश्वरी मंदिर में माघ पूर्णिमा के दिन से आयोजित पांच दिवसीय 29वां पाटोत्सव दिवस रविवार को पूजा, भजन आरती एवं विशाल भंडारे के साथ संपन्न हो गया। इस दिन, मां राजेश्वरी का शाकंभरी रूप में श्रृंगार हुआ। फल, मेवे, मिष्ठान्न का भोग लगाया गया। भक्त के घर एक रात्रि रहने के बाद मां त्रिपुरा सुंदरी राजराजेश्वरी अपने निवास स्थान (कोन्नगर) वापस गाजे बाजे के साथ पहुंची। इस दौरान, पूजा पाठ भजन कीर्तन आरती के बाद भक्तों में प्रसाद का वितरण किया गया। हजारों की तादात में भक्तों का मंदिर में समागम हुआ। मां राजराजेश्वरी की अष्ट धातु की मूर्ति की ज्योतिषपीठ व शारदा पीठ के सचिव सुबुद्धानंद महाराज, ज्योतिषपीठ पंडित आचार्य रवि शंकर द्विवेदी, मुख्य प्रभारी सच्चित स्वरूप महाराज व उप प्रभारी श्रीधर द्विवेदी के नेतृत्व में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शाकंभरी पूजा की गई। मां का यंत्र श्रीयंत्र है इसलिए श्रीयंत्र में मां भगवती की उपासना की गई।

## कैंसर से उबरे बच्चों ने शानदार प्रस्तुति से किया मंत्रमुग्ध

**कोलकाता, समाज्ञा :** अंतरराष्ट्रीय बाल कैंसर दिवस के उपलक्ष्य में रोटरी लाइफ बियान्ड कैंसर (एलबीसी) ने कैंसर से पीड़ित व इस जानलेवा बीमारी से उबरे बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए शनिवार की शाम को रवींद्र सदन में एक विशेष संगीत कार्यक्रम (पांचवां वार्षिक कांसर्ट) का आयोजन किया। कैंसर से बचे बच्चे- असली हीरो थीम पर आधारित इस कार्यक्रम में बांग्ला फिल्म व संगीत जगत के कई प्रसिद्ध कलाकारों ने बच्चों के साथ मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियां दीं। इन कलाकारों में प्रख्यात अभिनेत्री रितुपर्णा सेनगुप्ता, अभिनेत्री देबोलीना दत्ता, उस्ताद राशिद खान के बेटे अरमान खान, प्रसिद्ध गायक अनीक धर शामिल हैं, जिन्होंने अपनी प्रस्तुतियों से समारोह में उपस्थिति लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रोटरी गवर्नर डॉ. कृष्णेंदु गुप्ता ने रोटेरियन




एलबीसी अध्यक्ष पार्थ सरकार के नेतृत्व में लाइफ बियान्ड कैंसर (एलबीसी) द्वारा किए जा रहे कार्यों और प्रभाव पर प्रकाश डाला। आयोजन को सफल बनाने में रोटेरियन डॉ. कुणाल राय, रीना सिन्हा राय, नरेश कुमार जैन, अशोक कुमार अग्रवाल सहित गैर-रोटेरियन स्वयंसेवक के रूप में भावना जैन, अर्चना गांगुली व अन्य का उल्लेखनीय योगदान रहा।

कार्यक्रम में एसएसकेएम अस्पताल, एनआरएस मेडिकल कालेज और अस्पताल, कलकत्ता मेडिकल कालेज और अस्पताल, बाल स्वास्थ्य संस्थान, सरोज गुप्ता कैंसर केंद्र और अनुसंधान संस्थान, नेताजी सुभाष चंद्र बोस कैंसर अनुसंधान संस्थान और मेडिका सुपरस्पेशलिटी अस्पताल के प्रमुखों सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

## संदेशखाली कांड में शेख शाहजहान ने जमानत के लिए कोलकाता हाईकोर्ट का किया रुख

**कोलकाता, समाज्ञा :** संदेशखाली कांड में 352 दिन से जेल में बंद तृणमूल नेता शेख शाहजहान ने सीबीआई मामले में जमानत की याचिका दायर करने के लिए कोलकाता हाईकोर्ट का रुख किया है। हाईकोर्ट ने जमानत की याचिका दायर करने की अनुमति दे दी है। अब अगले सप्ताह न्यायमूर्ति अरिजीत बनर्जी और न्यायमूर्ति अपूर्व सिंह रॉय की खंडपीठ में इस पर सुनवाई की संभावना है। इससे पहले निचली अदालत ने शाहजहान की जमानत याचिका को खारिज कर दिया था। पिछले साल जनवरी में शाहजहान के खिलाफ कई गंभीर आरोपों के चलते राज्य की राजनीति में हलचल मच गई थी। 5 जनवरी को शाहजहान के घर पर छापेमारी के दौरान ईडी



(प्रवर्तन निदेशालय) के अधिकारियों पर हमला हुआ था, जिससे यह विवाद शुरू हुआ। इसके बाद शाहजहान के खिलाफ लगातार नए आरोप सामने आए। महिलाओं ने सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन भी किया। कई दिन की उथल-पुथल के बाद शेख शाहजहान को गिरफ्तार कर लिया गया था और केंद्रीय जांच एजेंसी ने उसे अपनी हिरासत में ले लिया।

## जैनाचार्य श्रीमद् विजय नित्यानंद सूरीश्वर जी महाराज को पद्मश्री सम्मान से अलंकृत किये जाने पर जैन समाज ने किया अभिनन्दन

**कोलकाता :** जैनाचार्य श्रीमद् विजय नित्यानंद सूरीश्वर जी म.सा. को पद्मश्री सम्मान से अलंकृत किये जाने पर जैन समाज में हर्ष की लहर है। श्री वर्धमान जैन संघ, कोलकाता के ट्रस्टी कमल सिंह रामपुरिया, एस मिलाप चन्द जैन, विजय चन्द बैद, मुल्तान चन्द सुराणा, दिलीप दुगड़, महेन्द्र सुराणा, रतन चन्द बांगाणी, विनीत रामपुरिया, नरेन्द्र बांठिया एवम् जैन समाज के संगठनों के पदाधिकारियों ने जैनाचार्य श्रीमद् विजय नित्यानंद सुरीश्वर महाराज साहेब को पद्मश्री से अलंकृत किये जाने पर आचार्य श्री का अभिनन्दन किया एवम् बिहार तथा भारत सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।



जैनाचार्य श्रीमद् विजय नित्यानंद सुरीश्वर महाराज साहेब के मार्गदर्शन में शिक्षा, चिकित्सा, स्वावलंबन, महिलाओं को रोजगार तथा सेवा के अन्तर्गत विविध सेवामूलक कार्यक्रमों के लिये कार्यकर्ता कर्तव्य निष्ठा से समर्पित हैं।

## मालदह डिवीजन ने न्यू फरक्का-आजिमगंज सेक्शन में दो लिमिटेड हाइट सबवे सफलतापूर्वक किए लॉन्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के मालदह डिवीजन ने रेल संचालन को सुरक्षित और निर्बाध बनाने के लिए अपनी अवसंरचना को और भी मजबूत किया है। एक महत्वपूर्ण इंजीनियरिंग उपलब्धि के तहत, इस डिवीजन ने न्यू फरक्का और आजिमगंज सेक्शन में दो लिमिटेड हाइट सबवे सफलतापूर्वक लॉन्च किए हैं। शनिवार को मालदह डिवीजन ने एक साथ दो एलएचएस संरचनाओं को सफलतापूर्वक स्थापित किया। इनमें से एक संरचना बलालपुर और धुलियान गंगा स्टेशन के बीच लेवल क्रॉसिंग गेट 53 पर और दूसरी संरचना धुलियान गंगा और निमटिता स्टेशन के बीच एलसी गेट 41 पर बनाई गई है। इस परियोजना को अत्याधुनिक इंजीनियरिंग तकनीकों का उपयोग करते हुए पूरा किया गया।

यह नई विधि रेलवे संरचनाओं को और भी सुरक्षित और मजबूत बनाने में सहायक है। इससे मिट्टी की स्थिरता, पानी की निगरानी और उथल-पुथल को नियंत्रित किया जा सकता है। साथ ही, यह ट्रैक के धंसने और मिट्टी के स्थानांतरण जैसे जोखिमों को भी कम करता है, जबकि



श्रमिकों की सुरक्षा को बढ़ाता है और आसपास के क्षेत्र में व्यवधानों को घटाता है। इन दो एलएचएस की निर्माण से मालदह डिवीजन में ट्रेन की गति और सड़क यातायात की प्रवाह में सुधार होगा।

## गांधी विद्यालय में बच्चों में भोग वितरण



**कोलकाता :** पोर्ट अंचल के सिकलेन में स्थित गांधी विद्यालय में सरस्वती पूजा समापन के भोग वितरण एक कार्यक्रम का समापन हुआ। उक्त अवसर पर अतिथि के तौर पर सामाजिक कर्मी सुरदा बहादुर सोनार पपुल दाई ने विद्यालय में शिक्षा व खेल कूद से लेकर विभिन्न विषयों पर बच्चों से बात की और कहा कि आज के बच्चे ही देश दुनिया के भविष्य है। विद्यालय के हेड मास्टर सचिन ठाकुर, संजय जायसवाल, दया किंकर राम ने अपनी बात कही। वहीं उक्त अवसर पर सचिन रविदास शिक्षक गण राजेन्द्र प्रसाद साव, शैलेन्द्र कुमार, राज कुमार साव, संतोष माली सीमा कुमारी, सुलभ गोस्वामी व अन्य मौजूद रहें।

## महाकुंभ मेले के लिए ट्रेनों के संचालन में बदलाव

**कोलकाता, समाज्ञा :** रेलवे द्वारा महाकुंभ मेला के लिए कुछ ट्रेनों के संचालन में बदलाव किया गया है। इसके तहत, कुछ ट्रेनों को रद्द तो कुछ ट्रेनों को पुनर्निधारण किया गया है। इसके तहत, 16 फरवरी को चलने वाली 12367 भागलपुर-नई दिल्ली विक्रमशिला एक्सप्रेस और 12368 नई दिल्ली-भागलपुर विक्रमशिला एक्सप्रेस रद्द कर दी गई है। इसके अलावा, 16 और 17 फरवरी को 12314 नई दिल्ली-सियालदह राजधानी एक्सप्रेस, 12314 नई दिल्ली-हावड़ा राजधनी एक्सप्रेस, 16 फरवरी को 22308 बीकानेर-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस, 17 फरवरी को 12316 उदयपुर-कोलकाता अनन्या एक्सप्रेस को पुनर्निर्धारित किया गया है। रेलवे ने यात्रियों को किसी भी असुविधा से बचने के लिए इन बदलावों के बारे में समय रहते सूचित किया है।

# कोलकाता मेट्रो में बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (बीईएसएस) होगा शुरू, आपातकालीन स्थिति में फंसी मेट्रो को मिलेगी मदद

**कोलकाता :** कोलकाता मेट्रो, जो भारत की पहली मेट्रो सेवा है, एक और बड़ी उपलब्धि हासिल करने जा रही है। मेट्रो रेलवे जल्द ही ब्लू लाइन के सेंट्रल सब-स्टेशन पर बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (बीईएसएस) स्थापित करने जा रही है, जो किसी भी पावर कट या ग्रिड फेलियर की स्थिति में फंसे हुए मेट्रो रेक को निकालने में मदद करेगा।

यह सिस्टम इन्वर्टर और एडवांस्ड केमिस्ट्री सेल (एसीसी) बैटरी का संयोजन होगा। यह परियोजना राष्ट्रीय एडवांस्ड केमिस्ट्री सेल बैटरी स्टोरेज प्रोग्राम के तहत शुरू की गई है, जिसे 2021 में केंद्र सरकार ने 18,000 करोड़ के बजट के साथ मंजूरी दी थी। मेट्रो रेलवे, कोलकाता भारतीय रेलवे और देश के सभी मेट्रो सिस्टम में इसे लागू करने वाला पहला होगा।

सीमेंस, तोशिबा, डेल्टा और ईटन जैसी विदेशी कंपनियों ने इस प्रोजेक्ट में सहयोग की इच्छा जताई है।




एम/एस डेल्टा इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड को 4 मई 2024 को टेंडर दिया गया था, जिसके तहत 4 मेगावॉट बीईएसएस और 6.4 मेगावॉट-घंटे लिथियम आयरन फॉस्फेट (एलएफपी) बैटरी स्थापित की जाएगी। इसका निर्माण ताइवान में हुआ और निरीक्षण टीम जिसमें अभिषेक वर्मा (उप मुख्य अभियंता/रखरखाव/ब्लू लाइन) और उत्तम कुमार बार (एसएसई/मास्टर सूर्य सेन) शामिल थे, ने फरवरी 2025 में निरीक्षण किया। अब बैटरी मार्च 2025 तक कोलकाता पहुंचने की उम्मीद है और मई 2025 तक इसे चालू कर दिया जाएगा।

यह बैटरी प्रणाली किसी भी आपातकालीन स्थिति में मेट्रो को 30 किमी/घंटा की गति से अगले स्टेशन तक पहुंचा सकेगी, जिससे यात्री टनल में फंसे नहीं रहेंगे। यह 14 साल की लाइफ स्पैन, बेहतर ऊर्जा दक्षता, 106 वर्ग मीटर की सीमित जगह और 13 करोड़ की बिजली बचत जैसे फायदे देगी। यह बैटरी रात में चार्ज होकर दिन के पीक ऑवर में ऊर्जा आपूर्ति कर सकेगी और फायर सेफ्टी, प्लेटफॉर्म वेंटिलेशन जैसी आपात सेवाओं को भी सपोर्ट करेगी।

मेट्रो रेलवे आगे 1 मेगावॉट क्षमता के 7 और बीईएसएस सिस्टम लगाने की योजना बना रही है, जो ट्रैक्शन एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (टीईएसएस) की अतिरिक्त सुविधा के साथ आएंगे। यदि सब कुछ योजना के अनुसार हुआ, तो मई 2025 तक कोलकाता मेट्रो भारत की पहली पूरी तरह कार्यात्मक बीईएसएस प्रणाली वाली मेट्रो बन जाएगी।




**दिव्यांग व्यक्तियों ने रविवार को पुलिस एथलेटिक क्लब में आयोजित बडी मैराथन में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इस दौड़ का उद्घाटन कोलकाता के पुलिस कमिश्नर मनोज कुमार वर्मा द्वारा किया गया।**

## हावड़ा डिवीजन ने सेउराफुली-तारकेश्वर खंड में ब्रिक मेसनरी पुलों का किया सफल पुनर्निर्माण

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा डिवीजन ने सेउराफुली-तारकेश्वर खंड के डाउन लाइन पर स्थित ब्रिक मेसनरी पुल संख्या 16 और 21 का सफलतापूर्वक पुनर्निर्माण पूरा किया है, जिससे रेलवे संरचनाओं की मजबूती और कार्यकुशलता में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है। इस परियोजना को 10 घंटे के ट्रैफिक और पावर ब्लॉक के अंदर पूरा किया गया। यह ब्लॉक 15 फरवरी 2025 की रात 23:20 बजे से 16 फरवरी 2025 की सुबह 09:20 बजे तक था, जिसमें पुराने पुलों को हटाकर उन्हें कट एंड कवर विधि से आरसीसी बॉक्स पुलों से बदल दिया गया। अब प्रत्येक पुल में चार स्लैब और तीन बॉक्स लगाए गए हैं, जिससे पुलों की मजबूती और



स्थायित्व में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है। पावर ब्लॉक को सुबह 08:00 बजे सफलतापूर्वक रद्द किया गया, और ट्रैफिक ब्लॉक को भी 08:20 बजे समाप्त कर दिया गया, यानी निर्धारित समय से पहले, जिससे रेलवे संचालन का सुचारू रूप से पुनरारंभ हुआ। इस कार्य को पूरा करने के लिए 140 टन रेलवे क्रेन, तीन पोप्लाइन मशीनें, एक जेसीबी ब्रेकर और एक हाइड्रा जैसी उन्नत मशीनरी का उपयोग किया गया, जिससे निर्माण प्रक्रिया में सहायता मिली।

इसके अलावा, ब्लॉक अवधि के दौरान कई महत्वपूर्ण रखरखाव कार्य भी किए गए। सेउराफुली और डियारा के बीच 2400 ट्रैक मीटर ईआरसी ग्रीसिंग की गई, साथ ही सेउराफुली और सिंगुर के बीच 24 रेल जोड़ों की वेल्डिंग की गई। बहिरखंड़ा और तारकेश्वर के बीच 5054 ट्रैक मीटर तक बैलास्ट डालने के लिए बीआरएम कार्य भी किया गया, जिससे ट्रैक की मजबूती में सुधार हुआ और ट्रेन संचालन में सुरक्षा सुनिश्चित हुई।

## कसबा पुलिस स्टेशन क्षेत्र में जुआ अड्डे पर छापा, तीन गिरफ्तार

**कोलकाता :** ए.आर.एस. डीडी की टीम ने एक गुप्त सूचना के आधार पर कसबा पुलिस स्टेशन क्षेत्र में छापा मारा, जहां जुआ खेलने के आरोप में तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। यह छापा धर्मतला रोड, कसबा स्थित एक स्थान पर डाला गया, जहां आरोपी ताश के खेल की आड़ में जुआ खेल रहे थे।

गिरफ्तार आरोपियों में शामिल हैं- मिलन मंडल उर्फ टेरा बुरो (40), जो इस अड्डे का मुख्य आयोजक बताया जा रहा है। अन्य दो आरोपी हिमांशु नस्कर उर्फ गुल्लू (26) व सुशांत हालदार (25) है।

छापे के दौरान पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 25,500 नकद और ताश के चार सेट बरामद किए। पुलिस ने मौके पर ही सभी वस्तुओं को जब्त कर लिया और



तीनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया।

इस संबंध में कसबा पुलिस स्टेशन में एक मामला दर्ज किया गया है। यह मामला कसबा पीएस / डीडी केस नंबर 66, दिनांक 15.02.2025 के तहत भारतीय दंड संहिता की धारा 318(4)/61(2) बीएनएस एवं पश्चिम बंगाल गैम्बलिंग प्रोहेबिशन कंट्रोल एक्ट की धारा 4/5 के तहत दर्ज किया गया है। पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है और जुए के इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश जारी है।

## सियालदह डिवीजन ने बारासात-सियालदह खंड पर महत्वपूर्ण सुधार कार्य किए

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के सियालदह डिवीजन ने सियालदाह डिवीजन के बारासात-सियालदाह खंड में गोबरडांगा स्टेशन पर एक महत्वपूर्ण अवसंरचना सुधार कार्य सफलतापूर्वक किया। यह कार्य 15 फरवरी की रात 23:30 बजे से 16 फरवरी 2025 की सुबह 09:00 बजे तक निर्धारित ब्लॉक अवधि में किया गया। इस कार्य को 400 श्रमिकों की टीम ने पूरा किया, जिनकी सहायता के लिए ट्रैक मशीन, टावर वैगन और पृथ्वी-खोदने वाली मशीनें भी लगाई गईं। यह कार्य रेल सुरक्षा, कार्यकुशलता और संचालन की विश्वसनीयता में सुधार के उद्देश्य से किया गया था।

गोबरडांगा स्टेशन पर ट्रैक की समायोजन और प्वाइंट शिफ्टिंग का कार्य किया गया, जिससे ट्रेन संचालन और अधिक सुगम और प्रभावी हो सके। इस परियोजना में



दो प्वाइंट्स को स्थानांतरित किया गया और 500 मीटर के कर्व को खिसकाया गया, जिससे ट्रैक की समायोजन में काफी सुधार हुआ। इसके अलावा, दस ओवरहेड इक्विपमेंट मास्ट्स को नए स्थान पर शिफ्ट किया गया, और नए मास्ट्स पहले ही स्थापित किए गए थे। एक 0.5 किमी ओएचई रियलाइनमेंट, जिसमें एक क्रॉसओवर भी शामिल था, को पूरा किया गया और टावर वैगन का उपयोग करके चेकिंग और फाइन-ट्यूनिंग का कार्य बाद में किया जाएगा। इसके साथ ही, दत्त-पुकुर-बीरा खंड के बीच सामान्य ट्रैक की टैंपिंग और गहरी स्क्रीनिंग की गई, ताकि ट्रेन संचालन में सुगमता हो और यात्रियों के लिए यात्रा गुणवत्ता में सुधार हो सके। विश्वसनीय बिजली आपूर्ति और ट्रैक्शन की कार्यकुशलता बनाए रखने के लिए, कई महत्वपूर्ण टीआरडी रखरखाव कार्य किए गए, जिसमें 10 कैन्टिलीवर्स और 1 सेक्शन इंसुलेटर की पीरियडिक ओवरहॉल, 8 ओएचई इंस्टॉलेशंस की वार्षिक ओवरहॉल और गोबरडांगा सब-सेक्शनिंग एवं चांदपाड़ा सब-सेक्शनिंग पर 8 लाइटनिंग अरेस्टर्स की एओएच शामिल है।

# दासनगर में रॉबिन्सन स्ट्रीट घटना की पुनरावृत्ति, मां के सड़े-गले शव के पास बैठा रहा बेटा



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के दासनगर स्थित बालटिकुरी में कोलकाता के रॉबिन्सन स्ट्रीट की घटना की पुनरावृत्ति हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, यहां एक बुजुर्ग महिला का सड़ा-गला शव दो मंजिला मकान की पहली मंजिल पर स्थित बंद कमरे से बरामद किया गया। 30 वर्षीय बेटा घर में अपनी मां के शव पास बैठा था। रविवार की शाम को घटना की जानकारी हुई। घटना की सूचना मिलते ही दासनगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव बरामद किया। पुलिस का अनुमान है कि बुजुर्ग महिला की मृत्यु कम से कम पांच दिन पहले हुई थी। मृतका की पहचान राशमणि नंदी (65) के रूप में की गई है। पता चला है कि वह अपने इकलौते बेटे सूरज नंदी के साथ उस दो मंजिला मकान में रहती थी। बताया गया है कि इस दिन, सुबह से ही बालटिकुरी के जेलेपाड़ा स्थित घर के आसपास के क्षेत्र से सड़ी हुई गंध आ रही है। इस पर, पड़ोसियों में संदेह बढ़ता जा रहा था। कई दिनों तक घर के आसपास मक्खियां भी उड़ती देखी गईं। इस बीच, घर के दरवाजे और खिड़कियां भी अंदर से बंद थी। पड़ोसियों ने राशमणि के रिश्तेदारों को इसकी सूचना दी। मामले की सूचना दासनगर पुलिस थाने को भी दी गई। पुलिस ने जाकर दरवाजा तोड़ दिया और घर में प्रवेश किया। जैसे ही दरवाजा तोड़ा तो गंध और तेज हो गई। महिला बिस्तर पर मृत पड़ी है। शरीर के कई भागों में सड़न पड़ी हुई थी। इसके तुरंत बाद पुलिस कर्मी दूसरी मंजिल पर चले गए। इसमें देखा गया कि बेटा सूरज नंदी दूसरी मंजिल पर एक कमरे में है। बताया गया है कि मां और बेटा दोनों मानसिक रूप से अस्थिर थे। सूरज ने कोई काम नहीं करता था। कभी-कभी वह बाज़ार या खरीदारी करने निकलता था। मां और बेटे किसी से इस तरह बातचीत नहीं करते थे। स्थानीय लोगों का कहना है कि मां-बेटे को पिछले 15 दिनों से नहीं देखा गया था। इसी बीच, महिला की बीमारी से मौत हो गई होगी। जांचकर्ताओं का प्रारम्भिक विचार यही है। शव बरामद कर लिया गया है और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। लड़के को भी बचा लिया गया।

# रिसड़ा थाने की पुलिस ने डकैती की बड़ी योजना को नाकाम किया, 5 बदमाश गिरफ्तार




**हुगली :** रिसड़ा थाने की पुलिस ने एक बड़ी डकैती की योजना को नाकाम कर दिया है। इससे पहले कि बदमाश अपने नापाक मंसूबे में सफल होते, पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। रिसड़ा थाना के प्रभारी संजय सरकार के नेतृत्व में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आग्नेयास्त्रों से लैस 5 बदमाशों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों के पास से एक देसी पाइप गन, एक राउंड जिंदा कारतूस और अन्य घातक हथियार बरामद किए गए हैं। पकड़े गए आरोपियों की पहचान मोहम्मद निशार उर्फ चिकना (39), मुन्ना बादशा (32), अरबिंद पासवान (40), एसके जमीर (25) और अजय राय (45) के रूप में हुई है। इन आरोपियों के खिलाफ जांच आगे बढ़ाने के लिए एक विशेष मामला दर्ज किया गया है। सभी आरोपियों को श्रीरामपुर महकमा अदालत में पेश किया गया। रिसड़ा थाना प्रभारी संजय सरकार ने बताया कि पकड़े गए बदमाशों पर पहले से ही विभिन्न आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने के आरोप हैं। यह सभी अवैध हथियार आपूर्ति, डकैती, ड्रग्स पैडलिंग और अन्य गंभीर अपराधों में लिप्त रहे हैं। गिरफ्तार बदमाशों का संबंध रिसड़ा, श्रीरामपुर और बिहार से बताया जा रहा है।

## न्यू मार्केट में लापरवाह ड्राइवर ने दो गाड़ियों को मारी टक्कर, गुस्साई भीड़ ने कर दी तोड़फोड़

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के भीड़भाड़ वाले न्यू मार्केट इलाके में रविवार को एक चार पहिया वाहन चालक की लापरवाही ने हड़कंप मचा दिया। ड्राइवर ने पहले सड़क किनारे खड़ी एक टैक्सी और फिर एक ऐप कैब को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक गाड़ी लेकर भागने की कोशिश कर रहा था, लेकिन इसी दौरान एक वृद्ध व्यक्ति उसकी चपेट में आते-आते बच गया। घटना से गुस्साए स्थानीय लोगों ने गाड़ी को घेर लिया और चालक को पकड़कर गाड़ी में तोड़फोड़ शुरू कर दी। सूचना मिलते ही न्यू मार्केट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया है और चालक को गिरफ्तार कर थाने ले गई है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि चालक जिस तरह से गाड़ी चला रहा था, उससे एक बड़ा हादसा हो सकता था। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और पूछताछ जारी है।

## पान के बागान के बिजली के तार से चिपककर स्कूल छात्र की मौत, मचा हंगामा



**पूर्व मेदिनीपुर :** पूर्व मेदिनीपुर के एगरा थाना क्षेत्र के बेनाचकड़ी गांव में एक दर्दनाक घटना सामने आई। जिसमें एक स्कूल छात्र की पान के बागान में लगे अवैध बिजली के तार से चिपकने के कारण मौत हो गई। इस घटना के बाद गांव में तीव्र उत्तेजना फैल गई है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, बेनाचकड़ी गांव में निरंजन दास का पान का बागान है, जिसे चारों ओर जीआई तार से घेरा गया था और उस पर बिजली का कनेक्शन लगाया गया था, ताकि कोई अंदर न जा सके। संतोष दास (17), जोर्थान गयाप्रसाद विद्यालय में 11वीं कक्षा का छात्र था, अपने घर के पास से गुजरते हुए बागान के अवैध बिजली के तार से चिपक गया। उसी समय जोरदार धमाका हुआ और धुआं निकलने लगा। स्थानीय लोग दौड़कर उसे बचाने के लिए पहुंचे और एगरा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद मृतक के परिवार ने एगरा थाना में शिकायत दर्ज करवाई है। साथ ही स्थानीय लोग भी इस घटना के विरोध में सड़कों पर उतर आए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और एगरा थाना के आईसी अरुण खान ने बताया कि शिकायत मिलने पर जांच शुरू कर दी गई है।

## शादी का वादा कर बनाए शारीरिक संबंध, पार्षद के घर पर महिला का प्रदर्शन



**कोलकाता, समाज्ञा :** बनगांव थानांतर्गत इलाके में शादी का वादा कर शारीरिक संबंध बनाने का आरोप लगाते हुए एक महिला ने पार्षद के घर के सामने हंगामा मचा दिया। शादी की मांग को लेकर निर्दल काउंसलर चिरंजीत विश्वास के घर के बाहर महिला ने प्रदर्शन किया। यह घटना बनगांव थाना क्षेत्र के मिलनपल्ली पार्किंग इलाके की है। हालांकि, पार्षद का वहां कोई पता नहीं चला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को वहां से हटा दिया। महिला के अनुसार, वह विवाहित है और पारिवारिक विवाद के कारण एक बच्चे के साथ किराए के घर में रहती है। इसी दौरान उसकी मुलाकात पार्षद चिरंजीत विश्वास से हुई थी। महिला का आरोप है कि पार्षद ने उसे शादी का वादा किया था और कई बार उनके साथ शारीरिक संबंध बनाए। लेकिन बाद में पार्षद ने विवाह से इंकार कर दिया, गाली-गलौज की और उसे जान से मारने की धमकी भी दी। महिला ने सत्यापन के लिए शनिवार रात और रविवार सुबह काउंसलर के घर के बाहर प्रदर्शन किया, जिससे इलाके में हलचल मच गई। पार्षद चिरंजीत बिश्वास ने आरोपों का खंडन करते हुए कहा, महिला विवाहित है, मैं उसके पति को जानता हूं। वह ब्लैकमेल करने की कोशिश कर रही है। इस मामले की जांच जारी है।

## बेलघरिया एक्सप्रेसवे पर लॉरी ने स्कूटर को मारी टक्कर, दंपत्ति व बेटी की मौत

**कोलकाता, समाज्ञा**




एक लॉरी ने स्कूटर को जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई। मृतकों में पति, पत्नी और बेटी की मौत हुई है। जानकारी के अनुसार, यह दुर्घटना रविवार की शाम को बेलघरिया एक्सप्रेसवे पर एयरपोर्ट गेट 3 के पास हुई। मृतकों की पहचान जयदीप दासगुप्ता (52), पत्नी निपा दासगुप्ता (45) और बेटी सायोनी दासगुप्ता (14) के रूप में हुई है। वे एयरपोर्ट थाना अंतर्गत बिशरपाड़ा के निवासी थे। बताया गया है कि इस दिन, देर शाम 7:30-8 बजे के बीच एक स्कूटी दक्षिणेश्वर से हवाई अड्डे की ओर जा रही थी। स्कूटी में पति, पत्नी और उनकी बेटी थी। तभी, बेलघरिया एक्सप्रेसवे पर एयरपोर्ट गेट 3 के पास एक लॉरी ने स्कूटर को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से तीनों लोग छिटटकर सड़क पर जा गिरे। सूचना पाकर एयरपोर्ट थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें तुरंत बारासात स्टेट जनरल अस्पताल ले जाया गया। लेकिन, तीनों की मृत्यु हो गई। इस दुर्घटना के कारण बेलघरिया एक्सप्रेसवे पर कुछ समय के लिए यातायात रोक दिया गया। परिणामस्वरूप, यातायात जाम की स्थिति पैदा हो गई। हालांकि, शव बरामद होने के बाद यातायात फिलहाल सामान्य है।

## ब्रिगेड समावेश की सफलता के लिए वार्ड नंबर 31 में सभा आयोजित



**हावड़ा :** आगामी 20 अप्रैल को आयोजित ब्रिगेड समावेश को सफल बनाने के लिए हावड़ा के वार्ड नंबर 31 में एक सभा आयोजित की गई। यह सभा पीएम बस्ती स्थित हावड़ा हाई स्कूल में संपन्न हुई। सभा को पश्चिम बंग बस्ती उन्नयन समिति हावड़ा जिला कमेटी के सहसचिव शैलेंद्र कुमार राय, सीटू नेता शम्शुद्दीन अंसारी, अयूब आलम और राशिक अहमद ने संबोधित किया, जबकि अध्यक्षता इकबाल अहमद ने की। सभा के बाद पीएम बस्ती के विभिन्न क्षेत्रों और कुंडल बागान से होते हुए एक पदयात्रा निकाली गई। इस दौरान बस्ती नेता शैलेंद्र कुमार राय ने कहा कि श्रमिकों, नौजवानों और बस्तीवासियों के लोकतांत्रिक अधिकारों को केंद्र एवं राज्य सरकार कुचल रही है। महंगाई और बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है, जिससे आम जनता त्रस्त है। उन्होंने ब्रिगेड समावेश में अधिक से अधिक लोगों से शामिल होने की अपील की और कहा कि यह आंदोलन जनता की समस्याओं के खिलाफ एक सशक्त आवाज बनेगा।

## श्री श्वेतांबर स्थानकवासी जैन सभा का जैन बुक बैंक प्रोजेक्ट के माध्यम से निशुल्क पुस्तक वितरण

**कोलकाता, समाज्ञा :** श्री श्वेतांबर स्थानकवासी जैन सभा के तत्वावधान में श्री जैन बुक बैंक द्वारा आयोजित पुस्तक वितरण समारोह रविवार को मां करणी ऑडिटोरियम जैन एडुकेशन सेंटर, कॉशीपुर में ग्रामीण अंचल के छात्र-छात्राओं को पुस्तक वितरण किया गया। श्री जैन बुक बैंक पिछले 46 वर्षों से निरंतर शिक्षा, सेवा एवं ग्रामीण विकास के कार्यक्रमों को जैन सभा के माध्यम से करती आई है। इस मौके पर पुस्तकों की 1640 नये सेट, 50 कंप्यूटर और 60 पंखे वितरित किए गए। इस आयोजन के अंतर्गत बंगाल की सुदूर ग्रामांचलों में रहने वाले आदिवासी बहुल इलाकों के लोगों को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर



मुख्य अतिथि भिखम चंद पुगलिया, प्रसिद्ध समाजसेवी एवं उद्योगपति तथा विशिष्ट अतिथि राजीव दुगड़, प्रसिद्ध समाजसेवी एवं उद्योगपति के अलावा पन्नालाल कोचर, सुरेंद्र कुमार बांठिया, बिनोद चंद कांकरिया, विनोद मिन्नी, प्रदीप पटवा, ललित कांकरिया तथ्सस अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन सभा के मंत्री अशोक मिन्नी ने किया।

श्री श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन सभा के अध्यक्ष सरदारमल कांकरिया ने स्वागत भाषण दिया। श्री जैन बुक बैंक के संयोजक सुशील गेलड़ा ने अपना वक्तव्य रखा। कार्यक्रम का सफल संचालन अंजू सिंह ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में उदय चंद सेठिया, अशोक बोथरा, अजय आभाणी, महेंद्र सेठिया, अरिहंत कोठारी, हनुमान नाहटा, किशोर गेनरी की सक्रिय भूमिका रही।

## कैंसर से पति की मौत के बाद पत्नी ने की आत्महत्या, घर से लटकता शव बरामद



**कोलकाता, समाज्ञा :** कैंसर से पति की मौत के कारण अवसाद से जूझ रही पत्नी का शव घर से लटका हुआ बरामद किया गया। जानकारी के अनुसार, यह घटना दक्षिण 24 परगना जिला के गोसाबा के पठान-खाली की है। मृतका की पहचान पापिया घोष के रूप में हुई है। पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पता चला है कि महादेव दास (26) सुंदरवन के गोसाबा ब्लॉक के पठानखाली पंचायत के चंडीपुर का निवासी था। 18 महीने पहले उनकी शादी बर्दवान के कालना निवासी पापिया घोष दास से हुई थी। एक साल पहले पता चला कि महादेव के शरीर में कैंसर ने जड़ें जमा ली हैं। इसके बाद, उसका इलाज शुरू हुआ। लेकिन, इससे भी कोई खास मदद नहीं मिली। महादेव का पिछले मंगलवार को निधन हो गया। इसके बाद, पापिया अवसाद से ग्रस्त रहने लगी। इन सबके बीच शनिवार को पापिया का शव उसके घर से लटकता हुआ बरामद किया गया। पुलिस को तुरंत सूचित किया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। माना जा रहा है कि गृहिणी ने अपने पति की मौत के दुख के कारण यह चरम निर्णय लिया। हालांकि, पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि इसके पीछे कोई और वजह तो नहीं है।

## तारकेश्वर में सड़क हादसे में नाबालिग भाई की मौत, बहन घायल

**हुगली, समाज्ञा :** बड़ी बहन अपने छोटे भाई को साइकिल पर ड्राइंग क्लास ले जा रही थी। अचानक एक ट्रैक्टर ने बहन और भाई को सड़क पर टक्कर मार दी। जिससे भाई की मौत हो गयी और बहन गंभीर रूप से घायल हो गई। यह घटना रविवार की सुबह हुगली के तारकेश्वर में घटी। इस घटना को लेकर इलाके में तनाव फैल गया है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, मृतक का नाम सायन प्रधान है। वह केवल 7 वर्ष का था। इस दिन, तारकेश्वर बलाबीपुर स्थित अली प्राथमिक विद्यालय के प्रथम कक्षा के छात्र को उसकी बहन साइकिल पर ड्राइंग क्लास ले जा रही थी। तारकेश्वर के बलिगाड़ी-2 पंचायत के मनोहरपुर इलाके में एक ट्रैक्टर ने नियंत्रण खो दिया और उनकी साइकिल को टाकर मार दी।

## निकली श्री श्याम निशान शोभायात्रा, झूमे भक्त



**हावड़ा :** हावड़ा में श्री श्याम निशान शोभायात्रा निकाली गई। इसमें सैकड़ों निशानधारक महिला एवं पुरुषों ने निशान धारण किया था। इस दौरान राज्य के मंत्री अरूप राय ने भी भक्तों का हौसला बढ़ाया। हावड़ा नगर निगम के वार्ड 29 के अध्यक्ष शेखर साव ने बताया कि श्याम मंदिर कालीतल्ला (शांतिकुंज) से निशान यात्रा निकाली गई। यह विभिन्न जगहों से होते हुए श्री श्याम मंदिर घुषुड़ीधाम पहुंचकर समाप्त हुई।भक्तों ने निशान बाबा श्याम को अर्पित किया।

## नेत्र जांच शिविर का 500 लोगों ने उठाया लाभ, निशुल्क चश्मा और ऑपरेशन सेवा



**हुगली :** रिसड़ा के माहेश्वरी भवन में वृहतर कोलकाता प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन के तत्वावधान में एवं नागरिक स्वास्थ्य संघ कोलकाता के सौजन्य से स्वास्थ्य जांच सेवा शिविर का आयोजन किया गया। सहयोगी संस्था माहेश्वरी सभा श्रीरामपुर अंचल, आयोजक संस्था रिसड़ा मंडल और महेश सेवा ट्रस्ट के सहयोग से स्वास्थ्य जांच शिविर संपन्न हुआ। इस दिन विशेषज्ञ डॉक्टरों की देखरेख में नेत्र, मधुमेह रक्तचाप की जांच हुई। जिनकी नेत्र में दृष्टि संबधित समस्या पाई गई और उन्हें चश्मा प्रदान किया गया। इसके अलावा, नेत्र दान के फार्म भरवाए गए। संस्था की तरफ से उद्घाटन कर्ता राजश्री पेड़ीवाल एवं मुख्य अतिथि सुशीला राठी ने बताया कि इच्छुक लोगों ने मरणोपरांत नेत्रदान के फार्म भरे। जिन लोगों में मोतियाबिंद या फिर अन्य दृष्टि संबंधित समस्या पायी गयी, उन्हें डॉक्टरों ने ऑपरेशन का परामर्श दिया गया। संस्था के तरफ से निशुल्क ऑपरेशन भी कराया जायेगा। यह संस्था लंबे समय से मानव सेवा में जुटी हुई है। मानव सेवा परम धर्म का पालन संस्था के हरेक सदस्य करते हैं। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष मंजू पेड़ीवाल, प्रदेश मंत्री कुसुम मुंदड़ा, कोषाध्यक्ष सुभांगी राठी, सुशीला बागड़ी, आयोजक संस्था रिसड़ा मंडल अध्यक्ष मीरा कोठारी, सरोज लोहिया, नागरिक सेवा संघ के सचिव विकास चांडक की सहयोगिता से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## श्री बेलुर ब्राह्मण पंचायत का चश्मा वितरण शिविर आयोजित



**हावड़ा, समाज्ञा :** श्री बेलुर ब्राह्मण पंचायत का चश्मा वितरण शिविर स्थानीय डोल्फिन इंग्लिश मीडियम स्कूल, सपुइपाड़ा, बाली में रविवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सेवा शिविर में 280 जरूरतमंद नागरिकों को चश्मा प्रदान किया गया। समारोह के उद्घाटनकर्ता आनन्द शर्मा, मुख्य अतिथि अनिल दत्त शर्मा, प्रधान वक्ता सुशील शर्मा, विष्टि अतिथि रामवल्लभ मिश्रा एवं संस्था के अध्यक्ष विमल पारिक, वरिष्ठ सदस्य शुभकरण मंगलहारा, पूर्व सचिव सांवरमल बिल एवं निवर्तमान सचिव समाजसेवी बनवारी लाल शर्मा मंचासीन रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन संस्था के सचिव सज्जन सहल ने किया। सभी मंचासीन अतिथियों ने कार्यक्रम की खूब प्रशंसा की। संस्था के अध्यक्ष विमल पारिक ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महेश हरितवाल, रामगोपाल पिपलवा, कृष्ण गोपाल चौमाल, राजेश चोटिया, संजय शर्मा, संजय तिवारी, अनिल गंगावत, श्रवण शहल, राजकुमार शर्मा, उमेश शुक्ला, संतोष शर्मा आदि सभी सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# चाकदा में भाजपा विधायक की कार की टक्कर से तीन जख्मी

### स्थानीय लोगों ने विधायक की गाड़ी रोककर सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया

**कोलकाता, समाज्ञा :** बनगांव उत्तर से भाजपा के विधायक स्वप्न मजूमदार की कार की चपेट में आने से तीन बाइक सवार जख्मी हो गए। इसके बाद, स्थानीय लोगों ने विधायक की गाड़ी रोक कर सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। घटना शनिवार की सुबह नदिया जिले के चाकदा थाना अंतर्गत घेतुगाछी के नेकरगाछी में घटी। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि विधायक की गाड़ी काफी तेज गति में थी। खबर पाकर हरिणघाटा के विधायक असीम सरकार और चाकदा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि विधायक की गाड़ी से बाइक पर सवार तीन लोग दूर जा गिरे। हादसे में बाइक सवार राजा मल्लिक, उनकी मां पद्मा मल्लिक और बहन पूजा मल्लिक जख्मी हो गईं। गंभीर हालत में उन्हें कल्याणी जेएनएम अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके विरोध में स्थानीय लोगों ने विधायक की गाड़ी को रोक कर विरोध प्रदर्शन किया। ऐसे में उनकी गाड़ी एक घंटे से अधिक समय तक फंसी रही। स्थानीय लोगों ने विधायक को घेर कर प्रदर्शन किया और मांग की कि विधायक जख्मी लोगों के इलाज की जिम्मेदारी लें। उनका आरोप था कि लापरवाही से विधायक की गाड़ी चलाने के कारण यह हादसा हुआ है। खबर पाकर हरिणघाटा के भाजपा विधायक असीम सरकार भी मौके पर पहुंचे। इलाके के लोगों ने उन्हें भी घेर कर प्रदर्शन किया। पुलिस ने मौके पर आकर प्रदर्शनकारियों को समझाने की कोशिश की। आखिरकार, जब बनगांव दक्षिण के विधायक स्वप्न मजूमदार ने तीन घायलों के इलाज की जिम्मेदारी लेने का वादा किया, तब लोगों ने अवरोध को हटा लिया। इस घटना से चाकदा के नेकरगाछी इलाके में तनाव देखा गया।

## नाबालिग पोते के सामने वृद्धा पर हमला, घर में लूटपाट, मालदह में हड़कंप

**मालदह :** मालदह के हबीपुर थाना क्षेत्र में नाबालिग पोते के सामने अपनी दादी पर कुदाली से हमला कर घर में लूटपाट करने की घटना सामने आयी है। बताया जा रहा है कि रक्तरंजित अवस्था में वृद्धा को अस्पताल में भर्ती किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, घायल वृद्धा का नाम अन्नाबाला मृधा है। वह बुलबुल चंडी के तीन नंबर केंदुआ गांव की निवासी हैं। वृद्धा का बेटा सुब्रत मृधा सीआरपीएफ जवान है और त्रिपुरा में कार्यरत है। घर में उसकी बहू और दो नाबालिग पोते रहते हैं। इसी मौके का फायदा उठाकर अपराधियों ने घर में लूटपाट की। खबर मिलते ही घटनास्थल पर पुलिस पहुंची। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और फरार आरोपियों को तलाश रही है।

# शादी के दो दिन बाद युवक का फंदे से लटका शव बरामद

### बार-बार बेहोश हो रही नवविवाहिता

**कूचबिहार :** शादी के महज तीन दिन बाद एक युवक का फंदे से लटका हुआ शव बरामद हुआ। यह चौंकाने वाली घटना कूचबिहार के तुफानगंज-1 ब्लॉक के मारुगंज उत्तर मराडांगा इलाके में रविवार सुबह घटी। मृतक का नाम दीपंकर बर्मन (32) बताया जा रहा है।

पुलिस और परिवार के अनुसार, दीपंकर की शादी गुरुवार को हुई थी। उसकी पत्नी का घर न्यू कूचबिहार स्टेशन के पास है। शादी दोनों परिवारों की सहमति से हुई थी। दुल्हन के परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण शादी और भोज का आयोजन दूल्हे के घर पर



ही किया गया था। शादी के बाद भी दीपंकर पूरी तरह खुश और सामान्य नजर आ रहा था।

शनिवार रात को वह घर में रिश्तेदारों के साथ देर रात तक बातचीत करता रहा और फिर अपने कमरे में चला गया। रविवार सुबह उसकी मां जब घर से बाहर निकलीं तो उन्होंने घर के पास एक पेड़ पर दीपंकर को फांसी के फंदे से झूलता हुआ पाया। यह दिल दहला देने वाला दृश्य देखकर परिवार में कोहराम मच गया।

घटना की सूचना मिलते ही तुफानगंज थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को मनोवैज्ञानिक परीक्षण (पोस्टमॉर्टम) के लिए भेज दिया। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

अब सवाल उठ रहे हैं कि क्या दीपंकर इस शादी से खुश नहीं था? या क्या उसका किसी और से संबंध था? इस घटना के बाद उसकी नवविवाहिता बार-बार बेहोश हो रही है। परिवार पर गम का पहाड़ टूट पड़ा है और पूरे घर में शोक का माहौल है।

## कोलकाता में 28 वर्षीय युवक ने की आत्महत्या, सुसाइड नोट बरामद

**कोलकाता :** बांसद्रोनी थाना क्षेत्र में 28 वर्षीय युवक अरुणवा चक्रवर्ती का शव उनके घर की पहली मंजिल की बालकनी में फंदे से लटका हुआ मिला। यह घटना 16 फरवरी 2025 को दोपहर करीब 3:30 बजे घटी। पुलिस के अनुसार, मृतक ने नायलॉन की रस्सी से छत के लोहे के हुक से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने तुरंत उसे एम. आर. बंगुर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौके से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है, जिसकी जांच पुलिस कर रही है। मृतक अरुणवा चक्रवर्ती, स्वर्गीय ए. के. चक्रवर्ती के पुत्र थे और कोलकाता के गोस्थोतला, कामडोहारी में रहते थे। बांसद्रोनी पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### सहारनपुर में दहेज को लेकर विवाहिता का उत्पीड़न, एचआईवी संक्रमित इंजेक्शन लगाए

**सहारनपुर (उप्र) :** सहारनपुर में एक महिला के ससुराल वालों ने दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर कथित तौर पर उसका उत्पीड़न करने के साथ ही उसे 'ह्यूमन इम्यूनोडिफिशिएंसी वायरस' (एचआईवी) से संक्रमित इंजेक्शन लगा दिया। एचआईवी संक्रमण से एड्स की बीमारी होती है। एक पुलिस अधिकारी ने रविवार को बताया कि महिला के माता-पिता द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच की जा रही है। पुलिस ने यह भी कहा कि महिला के पति और उसके देवर समेत चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। गंगोह थाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) रोजंत त्यागी ने महिला के पिता द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत का हवाला देते हुए कहा कि शिकायतकर्ता की बेटी सोनल की शादी 15 फरवरी, 2023 को अभिषेक (उत्तराखंड के हरिद्वार जिले के निवासी) से हुई थी।

### एटा में विवाद सुलझाने पहुंचा फर्जी आईपीएस अधिकारी गिरफ्तार

**एटा :** उत्तर प्रदेश के एटा जिले की जलेसर पुलिस ने खुद को आईपीएस अधिकारी बताने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। जलेसर थाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) सुधीर कुमार राघव ने बताया कि शनिवार को एक व्यक्ति खुद को भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) का अधिकारी बताकर एक विवाद सुलझाने पहुंचा, उसकी संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर गिरफ्तार कर उसके खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए आरोपी की पहचान ललितपुर जिले के कोतवाली नाका क्षेत्र निवासी हेमंत प्रताप सिंह बुंदेला के रूप में हुई है। एसएचओ ने बताया कि आरोपी के खिलाफ उप निरीक्षक चन्द्रशेखर त्रिपाठी ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार आरोपी ने खाकी वर्दी पहनी थी लेकिन आईपीएस के अनुरूप उसकी बेमेल वर्दी देखकर पुलिस को संदेह हुआ और कड़ाई से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि शौक में उसने यह वर्दी पहनी है। उसने अपना अपराध कबूल किया और कहा कि वह आईपीएस अधिकारी नहीं है। इसके बाद उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की गई।

### 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' से समय और धन की बचत होगी, देश का विकास होगा: फागू चौहान

**लखनऊ :** बिहार के पूर्व राज्यपाल फागू चौहान ने रविवार को कहा कि 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' से न केवल समय व धन की बचत होगी बल्कि देश का विकास और आमजनमानस पर भी बार-बार होने वाले चुनाव का प्रभाव नहीं पड़ेगा। चौहान 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' के सिलसिले में यहां आयोजित एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित ने रविवार को बताया कि 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' को व्यापक जनसमर्थन मिले इसके लिए पूर्व राज्यपाल फागू चौहान की अध्यक्षता और प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह की मौजूदगी में एक बैठक सम्पन्न हुई। दीक्षित ने बताया कि समाज के सभी वर्गों, स्वयंसेवी संस्थाओं और आम जनमानस के बीच 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' के प्रति समर्थन को लेकर योजना पर चर्चा हुई।

# नदियां धरती माता की धमनी हैं जो सूख रहीं: मुख्यमंत्री

**महाकुंभ नगर (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि नदियां धरती माता की धमनी हैं जो सूखती जा रही हैं। उन्होंने कहा कि कार्बन उत्सर्जन और पर्यावरण प्रदूषण के कारण ही जलवायु परिवर्तन हो रहा है। उन्होंने कहा, हम अपने स्वार्थ के लिए नदियों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं, धरती माता के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं जो बंद होना चाहिए। इन्हीं बातों को ध्यान में रखकर हमने एकल उपयोग वाले प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाया है। इसी तरह प्रधानमंत्री जी ने लकड़ी और कोयले को जलाने से होने वाले कार्बन उत्सर्जन को रोकने के लिए



10 करोड़ एलपीजी कनेक्शन निःशुल्क उपलब्ध कराए हैं।'' महाकुंभ नगर के सेक्टर 25 में आयोजित आस्था और जलवायु परिवर्तन विषयक जलवायु सम्मेलन का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि योगी आदित्यनाथ ने कहा, हर व्यक्ति एक दूसरे पर दोषारोपण कर रहा है, लेकिन जलवायु परिवर्तन से बचने के प्रयास में कितना भागीदार बन रहा है, यह महाकुंभ के संदेश का हिस्सा बनना चाहिए। उन्होंने कहा, आज से 10 साल पहले क्या गंगा और यमुना इतनी अविरल थीं। जब हम वैदिक सूत्रों में ढूंढ़ते हैं तो शांति पाठ में हम चराचर जगत के कल्याण की बात करते हैं। लेकिन व्यावहारिक जीवन में हम स्वयं के कल्याण के मार्ग में बाधा बनकर खड़े हो जाते हैं। योगी आदित्यनाथ ने कहा, उत्तर प्रदेश में पिछले आठ वर्षों में प्रदेश सरकार ने 210 करोड़ वृक्षारोपण किया जिसमें से 70-80 प्रतिशत पौधे सुरक्षित हैं। साथ ही डीजल से चलने वाली बसों के स्थान पर इलेक्ट्रिक बसों को प्राथमिकता दी। दम तोड़ चुकी नदियों को पुनर्जीवित करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा, संगम का दायरा बढ़ाने और संगम में हर समय 10,000 से 11,000 क्यूसेक पानी मौजूद रहे, यह सुनिश्चित किए जाने से मौनी अमावस्या जैसी भीड़ आज हर दिन हो रही है और लोग संगम में स्नान कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, हमें जलवायु परिवर्तन के मुद्दे से निपटने के प्रयासों में भागीदार बनने पर विचार करना चाहिए। क्या हम एकल उपयोग प्लास्टिक का उपयोग बंद कर पाएंगे।

## महाकुंभ में लगातार 33 दिनों तक रुद्री पाठ करने का बनाया रिकॉर्ड



**महाकुंभ नगर (उप्र) :** महाकुंभ में दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के प्रकल्प दिव्य ज्योति वेद मंदिर का नाम रविवार को एशिया और इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज हुआ। यह रिकॉर्ड वेदपाठियों द्वारा लगातार 33 दिनों तक रुद्री पाठ करने के लिए दर्ज किया गया। दिव्य ज्योति वेद मंदिर की प्रभारी साध्वी दीपा भारती जी ने बताया कि 14 जनवरी को तड़के तीन बजे प्रारंभ हुआ यह रुद्री पाठ रविवार 16 फरवरी को सुबह चार बजे समाप्त हुआ। इस दौरान, 566 वेदपाठियों ने शुक्ल यजुर्वेद से रुद्राष्टाध्यायी संहिता (रुद्री पाठ) का 11,151 बार पाठन किया गया जिसमें कुल 26,42,409 मंत्रों का जाप 794 घंटों तक किया गया। उन्होंने बताया कि सभी वेदपाठी दिव्य गुरु आशुतोष महाराज जी के शिष्य-शिष्याएं हैं, जो देश-विदेश से महाकुंभ के सेक्टर-9 में संस्थान के शिविर में पधारे थे। एशिया और इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड के आधिकारिक निर्णायक, प्रमिल द्विवेदी ने दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के अध्यक्ष स्वामी आदित्यानंद और सचिव स्वामी नरेंद्रानंद को रिकॉर्ड का प्रमाण पत्र प्रदान किया।

## महाकुंभ में अव्यवस्था के कारण हो रहे सड़क हादसे, हर मृतक को मुआवजा दे सरकार : अखिलेश यादव

**लखनऊ :** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार पर निशाना साधते हुए महाकुंभ में कुप्रबंधन का आरोप लगाया और वहां की यात्रा के दौरान जान गंवाने वाले श्रद्धालुओं के लिए मुआवजे की मांग की। अखिलेश यादव ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, महाकुंभ के श्रद्धालुओं से भरी बसों व अन्य वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त होने की खबरें प्रतिदिन बढ़ रही हैं। जो बेहद दुखद है। सपा प्रमुख ने हादसों की वजह गिनाते हुए कहा, इसके पीछे मुख्य कारण ये है कि भारी जाम व अव्यवस्था के कारण चालकों की हालत बहुत खराब है। न उनकी



थकान उतर रही है और न ही नींद पूरी हो रही है। ऐसे में वो अर्द्ध निद्रा की अवस्था में वाहन चला रहे हैं जिससे दुर्घटनाएं हो रही हैं। यादव ने सुझाव देते हुए कहा, साथ ही सड़कों पर पैदल चलने वालों को बचाने की भी चुनौती है। इसलिए ध्यान भटकते ही मौतें हो रही हैं। इसका समाधान सिर्फ़ अच्छी व्यवस्था है, जो सरकार ही कर सकती है, लेकिन कर नहीं पा रही है। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा, महाकुंभ यात्रा पर निकले उन सभी मृतक श्रद्धालुओं को एक समान माना जाए जो भगदड़, दुर्घटना या घुटन आदि कारणों से अलग-अलग जगह पर मारे गये हैं और इसके लिए उनके परिजनों को मुआवजा दिया जाए। सपा प्रमुख ने कहा, सभी घायलों को भी उपचार के साथ-साथ क्षतिपूर्ति राशि दी जाए। केंद्र और राज्य सरकार इसके लिए विभिन्न कोषों से पैसा उपलब्ध कराएं। जब अरबों रुपये प्रचार पर बहाये जा सकते हैं, तो शोक संतप्त परिजनों के लिए सांत्वना के रूप में क्यों नहीं दिये जा सकते हैं।

## बाराबंकी में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर दुर्घटना में चार लोगों की मौत, छह अन्य घायल

**बाराबंकी :** उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले के लोनी कटरा थाना इलाके में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर रविवार तड़के खराब खड़ी बस में पीछे से एक टेम्पो ट्रैवलर ने टक्कर मार दी, जिससे एक महिला समेत चार लोगों की मौत हो गयी जबकि छह अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार छत्तीसगढ़ से आ रही बस वृंदावन होते हुए अयोध्या जा रही थी, जबकि महाराष्ट्र से आ रहा टेम्पो ट्रैवलर अयोध्या जा रहा था। सभी मृतक व घायल टेम्पो ट्रैवलर पर सवार थे। पुलिस अधीक्षक (एसपी) दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही लोनी कटरा पुलिस और राष्ट्रीय



राजमार्ग प्राधिकरण की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। उन्होंने बताया कि पुलिस ने कटर मशीन मंगवाकर टेम्पो ट्रैवलर में फंसे लोगों को बाहर निकाला। पुलिस ने वाहनों को एक्सप्रेसवे से हटवाया। दो घायलों को लखनऊ ट्रामा सेंटर व चार घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। घटना स्थल का निरीक्षण करने के बाद एसपी ने बताया कि दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, जबकि छह घायलों में से दो लोगों को लखनऊ ट्रामा सेंटर भेजा गया है।

## अमेरिका से निर्वासित नागरिक अमृतसर उतरने के बाद गिरफ्तार

### आपराधिक मामले में था वांछित



**कुरुक्षेत्र :** पंजाब के अमृतसर हवाई अड्डे पर उतरे विमान में अमेरिका द्वारा निर्वासित किए गए अवैध भारतीय प्रवासियों के दूसरे जत्थे में शामिल हरियाणा के एक व्यक्ति को हत्या के एक मामले में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। अवैध प्रवासियों के दूसरे जत्थे में 33 लोग हरियाणा के हैं, जिनमें से तीन कुरुक्षेत्र जिले के रहने वाले हैं। अमेरिकी सैन्य विमान 116 अवैध भारतीय प्रवासियों को लेकर शनिवार देर रात अमृतसर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा। कुरुक्षेत्र के पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला ने बताया कि पेहोवा के रहने वाले साहिल वर्मा के खिलाफ 'लुकआउट नोटिस' जारी किया गया था। सिंगला पर 14 मई, 2022 को तत्कालीन भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), आपराधिक धमकी और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत एक मुकदमा दर्ज था जिसमें वह वांछित था।

## योग गुरु स्वामी रामदेव ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से की मुलाकात



**जयपुर :** योग गुरु स्वामी रामदेव ने रविवार को राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से उनके सरकारी आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान रामदेव ने मुख्यमंत्री के साथ राजस्थान में आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के विकास एवं योग के माध्यम से जन-जन के स्वास्थ्य संवर्धन पर चर्चा की। शर्मा ने स्वामी रामदेव को राज्य सरकार द्वारा योग को प्रोत्साहित करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि योग हमारी प्राचीन संस्कृति का हिस्सा है और यह हमारे ऋषि मुनियों द्वारा हमें दी गई अमूल्य धरोहर है। शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में योग पद्धति का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। प्रधानमंत्री की पहल और प्रयासों से योग पद्धति को अंतरराष्ट्रीय पटल पर एक नयी पहचान मिली है और विश्वभर में प्रति वर्ष 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है।

## ईसीआर के रेलवे स्टेशनों पर भीड़ प्रबंधन के लिए पर्याप्त व्यवस्था की गई है: सीपीआरओ

**पटना :** पूर्व मध्य रेलवे (ईसीआर) ने रविवार को कहा कि उसके अंतर्गत आने वाले रेलवे स्टेशनों पर भीड़ के उचित प्रबंधन को सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त व्यवस्था की गई है। पूर्व मध्य रेलवे के तहत आने वाले बिहार के रेलवे स्टेशनों से प्रयागराज (जहां महाकुंभ मेले का आयोजन किया गया है) जाने वाली ट्रेनों में भारी भीड़ देखी जा रही है। ईसीआर के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) सरस्वती चंद्रा ने 'पीटीआई-भाषा' से बातचीत में कहा, ''ईसीआर अंतर्गत रेलवे स्टेशनों पर भीड़ के उचित प्रबंधन को सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त व्यवस्था की गई है और इस उद्देश्य के लिए कुछ रेलवे स्टेशनों पर अतिरिक्त कर्मचारियों को तैनात किया गया है। भीड़ को संभालने के लिए पटना जंक्शन से पहले से ही कई कुंभ मेला विशेष ट्रेन चल रही हैं। वरिष्ठ रेलवे अधिकारी पहले से ही मामलों को बहुत प्रभावी ढंग से प्रबंधित कर रहे हैं।'' पटना में वरिष्ठ रेलवे अधिकारियों ने कहा कि यात्रियों की संख्या में वृद्धि ने निश्चित रूप से बुनियादी ढांचे और परिचालन क्षमताओं पर दबाव डाला है। सीपीआरओ ने कहा कि संबंधित अधिकारियों द्वारा पटना और अन्य जंक्शन पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से कड़ी निगरानी रखी जा रही है। हाल ही में सासाराम रेलवे स्टेशन पर गुस्साए यात्रियों द्वारा रेलवे की संपत्तियों में तोड़फोड़ की गई थी। पुलिस ने शुक्रवार को सासाराम रेलवे स्टेशन की घेराबंदी करने वाले छात्रों की भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज भी किया।

# प्रयागराज, वाराणसी, अयोध्या समेत रेलवे स्टेशनों पर भीड़ प्रबंधन के प्रोटोकॉल का सख्ती से अनुपालन

**प्रयागराज/वाराणसी/अयोध्या/कानपुर (उप्र) :** महाकुंभ में देश के हर कोने से पहुंच रही भारी भीड़ और शनिवार को नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ की घटना को देखते हुए प्रयागराज, वाराणसी, अयोध्या, कानपुर और मिर्जापुर समेत धार्मिक आस्था से जुड़े नगरों के रेलवे स्टेशनों पर पूर्व में जारी प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जा रहा है। उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''हम पूर्व में जारी प्रोटोकॉल का ही सख्ती से क्रियान्वयन सुनिश्चित कर रहे हैं। हमने मौनी अमावस्या, बसंत पंचमी जैसे स्नान पर्वों को सफलतापूर्वक संपन्न कराया है और आगे भी यही प्रोटोकॉल जारी रहेगा।'' उन्होंने बताया कि इस प्रोटोकॉल के तहत प्रयागराज जंक्शन पर शहर की तरफ से प्रवेश और सिविल लाइंस की तरफ से निकासी कराई जा रही है और ट्रेन प्लेटफॉर्म पर आने तक यात्रियों को 'होल्डिंग एरिया' में रोककर रखा जाता है। प्रयागराज जंक्शन पर तैनात आरपीएफ के निरीक्षक शिव कुमार ने बताया कि प्रयागराज जंक्शन पर भीड़ नियंत्रण में है। उत्तर पूर्व रेलवे के वाराणसी मंडल के जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि झूंसी और रामबाग स्टेशन पर भी पूर्व के प्रोटोकॉल का पालन किया जा रहा है और ट्रेन आने तक यात्रियों को सुरक्षा क्षेत्र में रोककर रखा जा रहा है। वाराणसी रेलवे जंक्शन पर सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त कर दिया गया है। स्टेशन निदेशक अर्पित गुप्ता ने कहा, हम कुंभ के पहले दिन से ही भीड़ को लेकर पूरी तरह से सतर्कता बरत रहे हैं, जिसे हमने कल की घटना (दिल्ली हादसा) के बाद बढ़ा दिया है। गुप्ता ने कहा, स्टेशन के आसपास वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। स्टेशन परिसर में जगह-जगह अवरोधक लगाए गए हैं। जब हमें लगता है कि प्लेटफॉर्म पर भीड़ बढ़ रही है तो अवरोधक लगाकर भीड़ को बाहर ही रोक दिया जाता है। उन्होंने कहा कि स्टेशन के गेट पर पर्याप्त मात्रा में सुरक्षाबल मौजूद रहता है जो प्लेटफॉर्म पर ज्यादा भीड़ होने पर लोगों बाहर ही रोक देता है। उन्होंने कहा कि स्टेशन परिसर में पर्याप्त मात्रा में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिससे 24 घंटे अधिकारी नजर रखे हुए है। गुप्ता ने कहा कि ज्यादा भीड़ नजर आने पर सुरक्षाबल तुरंत भीड़ को नियंत्रित करते हैं। उन्होंने कहा, ''हम यह विशेष ध्यान दे रहे हैं कि आने वाली ट्रेन का प्लेटफॉर्म बदलना न पड़े। यदि किसी कारणवश प्लेटफॉर्म बदलना भी पड़ता है तो हमारा प्रयास रहता है कि कम से कम डेढ़ घण्टे पहले हम यात्रियों को सूचना दे दें जिससे भगदड़ की स्थिति उत्पन्न न हो।'' वाराणसी में बिहार के समस्तीपुर निवासी सुबोध कुमार ने बताया कि वह प्रयागराज से स्नान करके वापस आए हैं और अब वापस जाने के लिए स्टेशन पर अपनी ट्रेन का इंतजार कर रहे हैं। सुबोध ने बताया कि यात्रा में भीड़ तो ज्यादा है, पर रेलवे के इंतजाम से उन्हें कोई शिकायत नहीं है। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ के बाद अयोध्या धाम और अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से तीर्थयात्रियों को जागरूक किया जा रहा है। तीर्थयात्रियों के आगमन और प्रस्थान के लिए अलग-अलग प्रवेश और निकास द्वार बनाए गए हैं। सुरक्षा के लिए राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के जवानों को तैनात किया गया है। उत्तर रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी सुशील जयसवाल ने बताया कि अयोध्या रेलवे स्टेशनों पर कर्मचारियों और सुरक्षाकर्मियों की संख्या बढ़ा दी गई है तथा यात्रियों का सार्वजनिक संबोधन प्रणाली सहित जीआरपी और आरपीएफ कर्मियों द्वारा नियमित रूप से मार्गदर्शन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यात्री रेलवे स्टेशनों पर अलग-अलग प्रवेश और निकास द्वारों की मदद से आना-जाना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुंभ से बड़ी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे हैं। झाँसी निवासी अनूप कुमार पांडेय ने कहा, ''नई दिल्ली की भगदड़ की घटना को सुनने के बाद अभी मैं डर गया हूँ, लेकिन यहाँ अयोध्या रेलवे स्टेशन पर पहुँचने के बाद मैंने देखा कि रेलवे कर्मचारी काफी सतर्क हैं। अधिकारियों के अनुसार, अयोध्या में रेलवे अधिकारियों ने तीन-स्तरीय सुरक्षा प्रणाली लागू की है, जिसमें 300 से अधिक कर्मियों को तैनात किया गया है और 1.5 लाख यात्रियों की दैनिक भीड़ को प्रबंधित करने के लिए उन्नत स्क्रीनिंग उपाय और 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। अयोध्या के आरपीएफ निरीक्षक यशवंत सिंह ने कहा कि आरपीएफ कर्मी व्यापक सीसीटीवी कवरेज के माध्यम से रेलवे स्टेशन पर कड़ी निगरानी रख रहे हैं।

## दिल्ली भगदड़ : बिहार के एक परिवार ने 11 वर्षीय बच्ची समेत तीन लोगों को खोया

**मुजफ्फरपुर :** बिहार के मुजफ्फरपुर की सुनैना देवी को दिल्ली में अपनी बहू की चीख याद है, जिसे उन्होंने यह जानने के लिए फोन किया था कि क्या उनकी 11 साल की पोती सुरुचि प्रयागराज चली गई है। बहादुरपुर गांव की निवासी सुनैना ने बताया, मेरी बहू के माता-पिता समस्तीपुर में रहते थे। वे हाल ही में प्रयागराज महाकुंभ में शामिल होने के लिए दिल्ली गए थे, ताकि परिवार के अन्य सदस्यों के साथ वहां जा सकें। सुनैना ने बताया कि बहू की चीख के बाद फोन कट गया और मैं किसी अनहोनी की आशंका में डूब गई। सुनैना देवी के पति नरेश साह ने बताया, मैं एक दिहाड़ी मजदूर हूं। दिन भर की कड़ी मेहनत के बाद मैं कल रात करीब 10 बजे घर पहुंचा। मैंने देखा कि मेरी पत्नी रो रही थी और कुछ बोल रही थी। मैं बस इतना समझ पाया कि मेरे बेटे और बहू के साथ कुछ बहुत बुरा हुआ है इसलिए मैंने अपने बेटे मनोज से संपर्क करने की कोशिश की, जिससे मैं आधी रात के आसपास संपर्क कर पाया। उसने हमें बताया कि सुरुचि और उसके नाना-नानी सभी भगदड़ में कुचलकर मर गए हैं। नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार देर रात मची भगदड़ में कम से कम 18 लोग मारे गए और एक दर्जन से ज़्यादा घायल हो गए। भगदड़ में मरने वाले बिहार के लोगों और घायलों की सही संख्या के बारे में विस्तृत जानकारी का इंतज़ार किया जा रहा है।

### बिहार के मृतकों के परिजनों के लिए नीतीश ने अनुग्रह राशि की घोषणा की

**पटना :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ में हुई मौतों पर दुख व्यक्त किया और इस हादसे में राज्य के मृतकों के परिजनों के लिए अनुग्रह राशि की घोषणा की। नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार देर रात मची भगदड़ में कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई और एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से रविवार को जारी एक बयान के अनुसार नीतीश कुमार ने नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना में लोगों की मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने इस घटना को अत्यंत दुखद बताया है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

## न्यूज अपडेट

### लखनऊ में हास्य कलाकार अनुभव सिंह बस्सी के शो रद्द किये गये



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में स्थानीय पुलिस द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) देने से इनकार करने के बाद हास्य कलाकार अनुभव सिंह बस्सी के दो कॉमेडी शो रद्द कर दिये गये हैं। यह फैसला उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव द्वारा पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार को लिखे गये पत्र के बाद लिया गया है, जिसमें शो रद्द करने का आग्रह किया गया था। यादव ने बस्सी के पिछले कार्यक्रमों की विषय-वस्तु पर चिंता जताई थी और आरोप लगाया था कि उन कार्यक्रमों में महिलाओं के प्रति अनुचित भाषा और टिप्पणियों का इस्तेमाल किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार राजधानी के विभूति खंड स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में शनिवार को अपराह्न साढ़े तीन बजे और शाम सात बजे होने वाले दो शो को कानून-व्यवस्था की संभावित चिंताओं के कारण मंजूरी नहीं दी गई। सहायक पुलिस आयुक्त (विभूति खंड) राधारमण सिंह ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा, ''कानून-व्यवस्था बनाए रखने की चिंताओं के कारण शो के लिए एनओसी नहीं दी गई है।'' राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने पिछली 14 फरवरी को पुलिस महानिदेशक को लिखे पत्र में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध बस्सी के पिछले शो का जिक्र करते हुए उन कार्यक्रमों में महिलाओं के लिए विशेष रूप से 'अभद्र शब्दों' और 'अशोभनीय टिप्पणियों' का इस्तेमाल किये जाने का आरोप लगाया था। यादव ने पत्र में आग्रह किया कि बस्सी के कार्यक्रम में ऐसी भाषा को बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने अनुरोध किया कि शो को रद्द कर दिया जाए और भविष्य में इसी तरह के आयोजनों की समीक्षा की जाए। यादव ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के सहायक अभियंता से भी संवाद किया और कार्यक्रम स्थल पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों का पुनर्मूल्यांकन करने का आह्वान किया था।

### संभल हिंसा के दो और आरोपी गिरफ्तार



**संभल :** उत्तर प्रदेश के संभल शहर के कोट गर्वी मुहल्ले में पिछले साल 24 नवंबर को शाही जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान हुई हिंसा के सिलसिले में पुलिस ने रविवार को दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, मोहम्मद हसन और समद को नखासा थाना क्षेत्र में गिरफ्तार करने के बाद जेल भेज दिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने 24 नवंबर को शाही जामा मस्जिद में एक सर्वेक्षण के दौरान एकत्र हुई भीड़ का हिस्सा होने की बात स्वीकार की। बयान के मुताबिक पकड़े गये लोगों ने पूछताछ में बताया है कि घटना के बारे में सुनने के बाद वे अंजुमन चौराहे पहुंचे जहां मुन्ना के बेटे सुभान सहित भीड़ एकत्र हुई थी। समूह ने कथित तौर पर लोगों को उकसाया, मामले को धार्मिक बताया और उन्हें एकजुट होने का आग्रह किया। इसके बाद, भीड़ हिंदूपुरा खेड़ा नखासा तिराहे की ओर बढ़ी, जहां उन्होंने कथित तौर पर पुलिसकर्मियों पर गोलियां चलायीं, पथराव किया और पुलिस के एक वाहन को आग लगा दी। बयान के अनुसार दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

### लालू प्रसाद ने महाकुंभ को 'अर्थहीन' बताकर विवाद खड़ा किया

**पटना :** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद ने रविवार को विवादित बयान देते हुए महाकुंभ को 'अर्थहीन' करार दिया और नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ से हुई लोगों की मौत के लिए रेलवे को जिम्मेदार ठहराया। नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार देर रात भीड़भाड़ वाले रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ में कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई और एक दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए। इस भगदड़ में मरने वाले बिहार के लोगों और घायलों की सही संख्या के बारे में विस्तृत जानकारी का इंतजार है। राजद प्रमुख लालू प्रसाद ने इस घटना को लेकर केंद्र की राजग सरकार पर निशाना साधा और केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से इस्तीफे की मांग की।

## राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने संगम में लगायी डुबकी, महाकुंभ को बताया दिव्य अनुभव



**महाकुंभनगर (उप्र) :** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने रविवार को प्रयागराज महाकुंभ में त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई और इस अनुभव को विशेष तथा दिव्य बताया। उन्होंने बड़ा हनुमान मंदिर, अक्षयवट और सरस्वती कूप में पूजा-अर्चना भी की। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक राज्यपाल ने कहा कि महाकुंभ में डुबकी लगाना एक दिव्य और अविस्मरणीय क्षण था। उन्होंने कहा कि इस अनूठे अनुभव ने उन्हें प्रयागराज की आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया और यह एक ऐसी याद है जिसे वह आने वाले वर्षों तक संजो कर रखेंगी। पटेल ने योगी आदित्यनाथ सरकार और स्थानीय प्रशासन की सराहना करते हुए इस बात पर प्रकाश डाला कि प्रयागराज न केवल उत्तर प्रदेश का आध्यात्मिक केंद्र है बल्कि पूरे देश और दुनिया का भी आध्यात्मिक केंद्र है। उन्होंने दुनिया भर से लाखों श्रद्धालुओं के आने की बात स्वीकार की और एक सुव्यवस्थित और निर्बाध तीर्थयात्रा अनुभव सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों की प्रशंसा की। पटेल ने तीर्थयात्रियों द्वारा विभिन्न घाटों पर स्नान करने और अपने गंतव्य की ओर बढ़ने के अनुशासित तरीके की भी सराहना की। प्रयागराज हवाई अड्डे पर रविवार को पहुंचने पर राज्यपाल पटेल हेलीकॉप्टर से अरैल पहुंचीं। अरैल घाट से वह मोटर फ्लोटिंग जेटी के जरिए त्रिवेणी संगम पहुंचीं, जहां उन्होंने स्नान किया और अनुष्ठान किए। इसके बाद वह किला घाट गईं, जहां उन्होंने अक्षयवट, सरस्वती कूप और बड़े हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की।

# नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ : कैसे हुई यह त्रासदी?



**नयी दिल्ली :** नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ मचने के बाद 25 फुट चौड़े फुटओवर ब्रिज तक जाने वाली 42 पायदान की एक संकरी सीढ़ी पर लोगों का सामान जहां–तहां बिखरा नजर आया। यह घटना शनिवार को घटी जिसमें 18 लोगों की मौत हो गई और एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। सीढ़ियों, पुल और प्लेटफार्म 14 और 15 पर बिखरे हुए चप्पल, फटे बैग और लावारिस सामान शनिवार रात की त्रासदी की भयावहता को बयां कर रहे थे। यह हादसा शनिवार रात 9:55 बजे हुआ जब हजारों यात्री, जिनमें से कई महाकुंभ तीर्थयात्री थे, स्टेशन पर उमड़ पड़े। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रेन की घोषणा में गड़बड़ी के कारण भ्रम और घबराहट की स्थिति पैदा हो गई। दिल्ली पुलिस ने कहा कि यह भ्रम समान शुरुआती नाम वाली दो ट्रेन की घोषणा के कारण हुआ क्योंकि इन ट्रेन के नाम 'प्रयागराज' शब्द से शुरू हो रहे थे। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, ''प्रयागराज स्पेशल' के प्लेटफॉर्म 16 पर आने की घोषणा से भ्रम की स्थिति पैदा हो गई, क्योंकि 'प्रयागराज एक्सप्रेस' पहले से ही प्लेटफॉर्म 14 पर थी। जो लोग प्लेटफॉर्म 14 पर अपनी ट्रेन तक नहीं पहुंच पाए, उन्हें लगा कि उनकी ट्रेन प्लेटफॉर्म 16 पर आ रही है, जिसके कारण भगदड़ मच गई।'' उन्होंने कहा, ''इसके अलावा, प्रयागराज जाने वाली चार ट्रेन थीं, जिनमें से तीन देरी से चल रही थीं, जिससे अप्रत्याशित रूप से भीड़ बढ़ गई।'' एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया, ''प्रयागराज जाने वाली एक ट्रेन (प्रयागराज एक्सप्रेस) पहले से ही प्लेटफॉर्म 14 पर थी। जब विशेष ट्रेन के बारे में घोषणा की गई, तो कई यात्रियों ने सोचा कि यह घोषणा उनकी ट्रेन के बारे में है और वे प्लेटफॉर्म 16 की ओर दौड़ पड़े।'' प्लेटफॉर्म 16 पर जाने का एकमात्र रास्ता 42 पायदान वाली सीढ़ी से होकर 25 फुट चौड़े फुटओवर ब्रिज तक जाता था। जैसे–जैसे हजारों लोग आगे बढ़ते गए, सीढ़ियों पर खतरनाक रूप से भीड़ बढ़ गई। ऊपर चढ़ने वालों को नीचे उतरने की कोशिश करने वालों ने रोक दिया, जिससे स्थिति बिगड़ गई।

## दिल्ली पुलिस रेलवे स्टेशन की सीसीटीवी फुटेज खंगालेगी

दिल्ली पुलिस ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ की जांच रविवार को शुरू कर दी और वह वहां की सीसीटीवी फुटेज खंगालेगी ताकि यह पता लगाया जा सके कि भगदड़ मचने से ठीक पहले की घटनाएं किस क्रम में हुई थीं। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, ''हमारा मुख्य लक्ष्य भगदड़ के मुख्य कारण की जांच करना है। हम सीसीटीवी फुटेज और उस दौरान रेलवे द्वारा की गई उद्घोषणों का सारा डेटा एकत्र करेंगे।'' शनिवार रात मची भगदड़ में 18 लोगों की मौत हो गई। स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 14 और 15 पर प्रयागराज (महाकुंभ जाने) के लिए यात्रियों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) हिमांशु उपाध्याय ने बताया कि घटना के समय, पटना होते हुए इस्लामपुर जाने वाली मगध एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म संख्या 14 पर खड़ी थी और नई दिल्ली–जम्मू उत्तर संपर्क क्रांति एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म संख्या 15 पर थी।

## रेलवे स्टेशन पर भगदड़ के एक दिन बाद सुरक्षा के कड़े इंतजाम

शनिवार रात को भगदड़ मचने की घटना के एक दिन बाद सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। दिल्ली पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) रविवार को स्टेशन पर भीड़ को नियंत्रित करने और यात्रियों को ट्रेन में चढ़ने के लिए मदद करने में सक्रिय नजर आए। नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार देर रात भगदड़ मचने से कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई और 12 से अधिक लोग घायल हो गए। सुरक्षाकर्मी लाउडस्पीकर का उपयोग कर रहे हैं और ट्रेन के बारे में लगातार घोषणाएं कर रहे हैं। आरपीएफ के वरिष्ठ अधिकारी स्टेशन पर घूम रहे हैं और सुरक्षा उपायों की निगरानी कर रहे हैं। रेलवे के पुलिस उपायुक्त के.पी.एस मल्होत्रा ने कहा कि स्थिति नियंत्रण में है। मल्होत्रा ने कहा, ''यात्री पहले ही विशेष ट्रेन में बैठ चुके हैं और यह ट्रेन प्लेटफॉर्म नंबर 16 से रवाना होगी। भारी भीड़ को देखते हुए हमने स्पेशल ट्रेन के साथ–साथ नियमित ट्रेन के लिए भी अतिरिक्त लोगों को तैनात किया है। रस्सी से अवरोधक लगाए गए हैं, जिसकी वजह से कोई भी आगे नहीं बढ़ रहा है और सब कुछ नियंत्रण में है।''

## लापता लोगों की तलाश में भटक रहे परिजन

**नयी दिल्ली :** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ की घटना के बाद से लापता लोगों के परिवार के सदस्य अपने प्रियजनों की तलाश में जुटे हैं तथा वे उनकी तस्वीरें लेकर एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल जा रहे हैं और उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि क्या करें। कई लोगों ने कहा कि अस्पताल ने उन्हें वहां भर्ती मरीजों के बीच अपने परिवार के लापता सदस्यों को खोजने की अनुमति नहीं दी, जिससे उनकी उम्मीदें निराशा में बदल गईं। अधिकारियों के अनुसार, शनिवार शाम रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में 18 लोगों की मौत हो गई। घायलों को लोक नायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल (एलएनजेपी) और मध्य दिल्ली के लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एलएनजेपी अस्पताल के बाहर भोला साह ने अपने मोबाइल फोन पर अपनी पत्नी मीना की तस्वीर दिखाई। भगदड़ के बाद से ही मीना लापता हैं।

## न्यूज इन ब्रीफ

### अंधेरी स्टेशन पर ट्रेन में चढ़ते समय प्लेटफॉर्म पर गिरा यात्री, आरपीएफ जवान ने बचाया

**मुंबई :** मुंबई के अंधेरी रेलवे स्टेशन पर रविवार को चलती एक्सप्रेस ट्रेन में चढ़ने की कोशिश करते समय एक व्यक्ति प्लेटफॉर्म पर गिर गया, लेकिन आरपीएफ के एक जवान ने समय रहते उसकी जान बचा ली। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। यह घटना प्लेटफार्म संख्या आठ पर उस समय घटी जब लोक शक्ति एक्सप्रेस स्टेशन से रवाना हो रही थी। उन्होंने बताया, एक यात्री चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश कर रहा था, लेकिन उसकी पकड़ ढीली पड़ गई और वह प्लेटफॉर्म पर गिर गया। वह ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच की खाली जगह में फंस गया। ड्यूटी पर तैनात रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के सहायक उपनिरीक्षक पहुप सिंह तुरंत आगे बढ़े और यात्री को सुरक्षित बाहर खींच लिया, जिससे हादसा टल गया। बचाए गए यात्री की पहचान अंधेरी के सेवन बंगला निवासी राजेंद्र मांगीलाल (40) के रूप में हुई है।

### महाकुंभ जा रही दो बच्चों की मां भगदड़ में मारे गए लोगों में शामिल

**नयी दिल्ली :** नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार रात मची भगदड़ में मारे गए लोगों में पिंकी देवी भी शामिल हैं जो अपने परिवार के साथ महाकुंभ के लिए प्रयागराज की तीर्थयात्रा पर निकली थीं। दो बच्चों (13 साल की बेटी और 10 साल का बेटा) की मां पिंकी संगम विहार की निवासी थीं। पिंकी के रिश्तेदार पिंटू शर्मा ने बताया कि 14 से 15 सदस्यों के उनके समूह के पास 'कन्फर्म' टिकट थे और जब भगदड़ मची तो वे प्लेटफॉर्म की ओर बढ़ रहे थे। शर्मा ने बताया कि कई लोग फंस गए लेकिन कोई भी बचाने नहीं आया। उन्होंने आरोप लगाया कि रेलवे स्टेशन पर कुप्रबंधन के कारण भगदड़ मची। शर्मा ने कहा, ''यह रेलवे स्टेशन पर लापरवाही के कारण हुआ है। रेलवे प्राधिकारियों को ट्रेन रद्द होने या समय में बदलाव के बारे में यात्रियों को तीन से चार घंटे पहले सूचित करना चाहिए था ताकि स्टेशन पर भारी भीड़ न हो।'' उन्होंने कहा कि पुलिस घटनास्थल पर देरी से पहुंची।

### सुलतानपुर में मादक पदार्थों की तस्करी का भंडाफोड़, दो तस्करों से 252 ग्राम स्मैक बरामद

**सुलतानपुर :** उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर जिले के कुड़वार क्षेत्र में पुलिस ने रविवार को दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब 25 लाख रुपये मूल्य की स्मैक बरामद की। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि कुड़वार थाना क्षेत्र के बांसी गांव में पुलिस ने 20 वर्षीय अभिषेक सिंह और 40 साल के अशोक नामक व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान पुलिस ने उनके कब्जे से कुल 252 ग्राम स्मैक बरामद की। अंतरराष्ट्रीय बाजार में बरामद किए गए स्मैक की कीमत लगभग 25 लाख रुपये आंकी गई है। सूत्रों ने बताया कि दोनों तस्करों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## दिल्ली का अगला मुख्यमंत्री चुनने के लिए भाजपा विधायक दल की बैठक मंगलवार को होने की संभावना

**नयी दिल्ली :** दिल्ली का नया मुख्यमंत्री चुनने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक अब मंगलवार को होगी। पार्टी सूत्रों ने रविवार यह जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक पहले यह बैठक सोमवार को प्रस्तावित थी लेकिन फिलहाल इसे स्थगित कर मंगलवार को तय किया गया है। सूत्रों ने बताया कि सोमवार को पर्यवेक्षकों के नाम की घोषणा की जाएगी और फिर मंगलवार को विधायक दल के नेता का चयन किया जाएगा। शपथ ग्रहण समारोह दिल्ली के रामलीला मैदान में बुधवार को हो सकता है। जो भी विधायक दल सदन का नेता चुना जाएगा, वही दिल्ली का अगला मुख्यमंत्री होगा। हालांकि यह जिम्मेदारी किसे मिलेगी, इसे लेकर अभी तक कुछ भी स्पष्टता नहीं है। भाजपा पांच फरवरी को हुए विधानसभा चुनावों में जीत हासिल करके 27 साल बाद दिल्ली की सत्ता में आई है। भाजपा ने शानदार जीत के साथ दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) के 10 साल के शासन को खत्म कर दिया। भाजपा ने दिल्ली की 70 विधानसभा सीट में से 48 पर जीत हासिल की। मुख्यमंत्री पद के लिए कई नवनिर्वाचित विधायकों के नाम चर्चा में हैं। शीर्ष पद के लिए सबसे आगे माने जाने वालों में प्रवेश वर्मा, भाजपा की दिल्ली इकाई के पूर्व अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता और सतीश उपाध्याय शामिल हैं।

## विकास पहलों ने पूरे भारत में आदिवासी समुदायों पर सकारात्मक प्रभाव डाला है : राष्ट्रपति मुर्मू

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को कहा कि देश में जारी विकास पहलों ने आदिवासी समुदायों पर सकारात्मक प्रभाव डाला है। 'आदि महोत्सव, 2025' के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आदिवासी समुदाय की प्रगति सुनिश्चित करने के लिए बहुआयामी प्रयास किए जा रहे हैं। मुर्मू ने कहा, ''हमारे देश का वास्तविक विकास तभी होगा जब हमारे आदिवासी समुदाय आगे बढ़ेंगे।'' राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि विकास पहलों ने अरुणाचल प्रदेश से लेकर गुजरात और जम्मू–कश्मीर से लेकर अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह तक के आदिवासी समुदायों पर सकारात्मक प्रभाव डाला है। उन्होंने कहा, ''इन प्रयासों ने न केवल




आदिवासी परिवारों को अवसर प्रदान किए हैं, बल्कि उनकी संस्कृति और योगदान के बारे में जागरूकता भी बढ़ाई है।'' राष्ट्रपति ने इस बात पर जोर दिया कि शिक्षा इन प्रयासों का मूल है, जिससे आदिवासी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के अवसर प्राप्त करने में मदद मिलेगी और उन्हें बेहतर भविष्य के लिए सशक्त बनाया जा सकेगा। मुर्मू ने यह भी कहा कि शिक्षा के अवसरों को और बढ़ाने के लिए लगभग 250 नए एकलव्य स्कूल निर्माणाधीन हैं। उन्होंने कहा कि लाखों आदिवासी छात्र छात्रावास सुविधाओं से लाभान्वित हो रहे हैं और उन्हें विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए वित्तीय सहायता भी दी जा रही है।

## न्यूज अपडेट

### कश्मीरी पंडितों की सम्मानजनक वापसी पर मुसलमानों और पंडितों में आम सहमति बनाने की जरूरत:मीरवाइज

**श्रीनगर :** हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक ने रविवार को घाटी में कश्मीरी पंडितों की सम्मानजनक वापसी पर मुसलमानों और पंडितों के बीच सहमति बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। मीरवाइज ने कहा कि बहुसंख्यक समुदाय चाहता है कि कश्मीरी पंडित यहां मौजूद समावेशी समाज में लौट आयें। उन्होंने कहा, ''कुछ आवाजें हैं जो दक्षिण कश्मीर में अपने लिए एक अलग क्लस्टर चाहती हैं... यह स्वीकार्य नहीं है। कश्मीरी पंडितों का एक महत्वपूर्ण वर्ग है जो समावेशी समाज का हिस्सा बनना चाहता है। इसलिए आम सहमति की आवश्यकता है।'' बडगाम में एक अंतरधार्मिक सम्मेलन के बाद हुर्रियत नेता ने कहा, ''हमारा मानना है कि कश्मीरी पंडितों का मुद्दा एक मानवीय मामला है। कश्मीरी मुसलमान चाहते हैं कि वे अपने घरों को लौटें और पहले की तरह सद्भाव और शांति से रहें।'' उन्होंने कहा, लेकिन कश्मीरी पंडितों की घाटी में वापसी के तौर–तरीकों पर दोनों समुदायों के बीच आम सहमति होनी चाहिए।

### भारत और विदेश में वैध रोजगार को लेकर नया विधेयक पेश करेगी मिजोरम सरकार

**आइजोल :** नौकरी के आकांक्षियों को देश और विदेश में वैध रोजगार दिलाने में मदद को लेकर मिजोरम सरकार 19 फरवरी से शुरू होने वाले आगामी बजट सत्र में एक नया विधेयक पेश करेगी। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि मिजोरम प्राइवेट प्लेसमेंट एजेंसीज (रेग्युलेशन) विधेयक, 2025 यदि पारित हो जाता है तो निजी प्लेसमेंट एजेंसियों को युवाओं, विशेष रूप से घरेलू कामगारों को भर्ती करने और कानूनी रूप से राज्य और विदेश से बाहर भेजने का अधिकार मिल जाएगा। उन्होंने कहा कि इस विधेयक के तहत सरकार ऐसे कार्यों के लिए निजी एजेंसियों को लाइसेंस प्रदान करेगी। अधिकारी ने बताया कि मिजोरम के घरेलू कामगारों द्वारा विदेशों विशेषकर सीरिया, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और अन्य खाड़ी देशों में कानूनी समस्याओं का सामना किये जाने के बाद इस विधेयक की परिकल्पना की गई। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष, राज्य सरकार और कई उदार व्यक्तियों ने केंद्र के सहयोग से घरेलू सहायकों के रूप में कार्यरत कई मिजो महिलाओं को कानूनी समस्याओं का सामना करने के बाद सीरिया और अन्य अरब देशों से बचाया था।

### दिल्ली: नए मंत्रिमंडल के शपथ ग्रहण समारोह के लिए रामलीला मैदान पर किया जा रहा विचार

**नयी दिल्ली :** दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत के बाद नए मंत्रिमंडल के शपथ ग्रहण समारोह के लिए स्थल को लेकर चर्चा जारी है। विधानसभा चुनाव के नतीजों की घोषणा आठ फरवरी को की गयी थी। पुलिस सूत्रों ने रविवार को बताया कि रामलीला मैदान उन संभावित स्थलों में से एक है, जिन पर विचार किया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की एक टीम ने वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए स्थल का दौरा किया है। सूत्रों ने बताया कि विचाराधीन अन्य स्थानों में जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम और यमुना नदी के किनारे का स्थान शामिल हैं। दिल्ली में पांच फरवरी को हुए चुनाव में भाजपा ने 70 विधानसभा सीट में से 48 जबकि आम आदमी पार्टी (आप) ने 22 सीट पर जीत हासिल की थी।

### युवा वकीलों को गरीब वादियों की सहायता के लिए आगे आना चाहिए: उच्चतम न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि युवा अधिवक्ताओं को उन वादियों की मदद के लिए आगे आना चाहिए जो साधनों या जागरूकता की कमी के कारण वकील की सेवाएं नहीं ले सकते। व्यक्तिगत रूप से एक पक्ष को कानूनी सहायता प्रदान करने वाले युवा वकील की सराहना करते हुए न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कहा कि वकीलों को अपनी पेशेवर सेवाओं के बदले में किसी भी तरह की अपेक्षा किए बिना वादी को सर्वोत्तम कानूनी सहायता प्रदान करनी चाहिए। पीठ ने कहा, ''बार में शामिल होने वाले युवा वकीलों को जब भी अवसर मिले, उन वादियों की सहायता के लिए स्वेच्छा से आगे आना चाहिए जो साधनों या जागरूकता की कमी के कारण वकील की सेवाएं नहीं ले सकते। इसके अलावा, उन्हें अपनी पेशेवर सेवाओं के बदले में किसी भी तरह की अपेक्षा किए बिना वादियों को सर्वोत्तम कानूनी सहायता प्रदान करनी चाहिए।''

## 850 करोड़ रुपये की पोंजी स्कीम के मामले में दो गिरफ्तार: साइबर पुलिस

**हैदराबाद :** 'फाल्कन इनवॉइस डिस्काउंटिंग प्लेटफॉर्म' से जुड़ी 850 करोड़ रुपये की 'पोंजी स्कीम' के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को यहां यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इस स्कीम के जरिए कथित तौर पर देश के 6,000 से अधिक जमाकर्ताओं को ठगा गया है। उसने बताया कि आरोपियों ने लोगों को अल्पावधि निवेश करने पर अधिक मुनाफा दिलाने का वादा करके धोखाधड़ी की। पुलिस के अनुसार, मुख्य आरोपी अमरदीप कुमार (फाल्कन कैपिटल वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक), आर्यन सिंह (मुख्य परिचालन अधिकारी) और योगेंद्र सिंह (मुख्य कार्यकारी अधिकारी) अभी भी फरार हैं। उन्होंने 'इनवॉइस डिस्काउंटिंग' की आड़ में लोगों को अल्पावधि निवेश करने पर अधिक मुनाफा मिलने का वादा कर लुभाया और उन्हें ठगा। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि इस मामले में अब तक 19 लोगों को आरोपी बनाया गया है और उनमें से दो को गिरफ्तार कर लिया गया है तथा अन्य फरार हैं। इस मामले की जांच के दौरान, साइबराबाद की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने 'कैपिटल प्रोटेक्शन फोर्स प्राइवेट लिमिटेड' के उपाध्यक्ष और 'फाल्कन इनवॉइस डिस्काउंटिंग प्लेटफॉर्म' के 'बिजनेस हेड' पवन कुमार के साथ–साथ 'कैपिटल प्रोटेक्शन फोर्स प्राइवेट लिमिटेड' और 'फाल्कन कैपिटल वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड' की निदेशक काव्या एन को 15 फरवरी को गिरफ्तार किया। साइबराबाद पुलिस आयुक्तालय की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया कि आरोपियों ने एक मोबाइल ऐप और वेबसाइट शुरू की जिसमें 'फाल्कन इनवॉइस डिस्काउंटिंग प्लेटफॉर्म' को गलत तरीके से 'पीयर–टू–पीयर इनवॉइस डिस्काउंटिंग सेवा' के रूप में प्रस्तुत किया गया, जो वैध की तरह लगता था। पुलिस ने बताया कि उन्होंने निवेशकर्ताओं को प्रतिष्ठित कंपनियों से जोड़ने का दावा किया जबकि वास्तविकता में उन्होंने उन्हें विक्रेताओं की प्रोफाइल और फर्जी सौदे दिए थे।

## आईएसआई संबंध विवाद: गौरव और पत्नी के खिलाफ नहीं, पाकिस्तानी पर मामला दर्ज करने को मंजूरी

**गुवाहाटी :** कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई की पत्नी के आईएसआई से कथित संबंधों को लेकर मचे हो–हल्ले के बीच असम मंत्रिमंडल ने रविवार को सांसद और उनकी ब्रिटिश पत्नी के खिलाफ कोई मामला दर्ज नहीं करने का फैसला किया। हालांकि पुलिस महानिदेशक को पाकिस्तानी नागरिक अली तौकीर शेख के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया गया। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मंत्रिमंडल बैठक के बाद संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार गोगोई की पत्नी एलिजाबेथ कोलबर्न के ब्रिटिश नागरिक होने के बावजूद तत्कालीन कालियाबोर निर्वाचन क्षेत्र में लोकसभा चुनाव प्रचार में भाग लेने की जांच के लिए केंद्र सरकार को पत्र लिखेगी। गौरव गोगोई कालियाबोर निर्वाचन क्षेत्र से दो बार जीत हासिल की थी। शर्मा ने कैबिनेट प्रस्ताव पढ़ते हुए कहा, पाकिस्तानी नागरिक अली तौकीर शेख द्वारा असम में सांप्रदायिक सद्भाव को बाधित करने के उद्देश्य से की गई कुछ टिप्पणियों के बारे में कई समाचार खबरों, सोशल मीडिया पोस्ट और अन्य जानकारी सार्वजनिक रूप में सामने आई है। प्रस्ताव के मुताबिक, शेख की सोशल मीडिया गतिविधि में भारत के आंतरिक मामलों और संसदीय मामलों पर विस्तृत टिप्पणी शामिल है, जिससे उक्त व्यक्ति के भारत के हितों से समझौता करने और उन्हें नुकसान पहुंचाने के इरादे पर गंभीर चिंताएं पैदा होती हैं।

## हो सकता है कि गौरव को फंसाया गया, मुझे उनसे सहानुभूति है: हिमंत

**गुवाहाटी :** कांग्रेस नेता गौरव गोगोई की ब्रिटिश पत्नी से जुड़े विवाद को लेकर गोगोई के खिलाफ अपना रुख नरम करते हुए असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को कहा कि विपक्षी नेता को एक बड़ी ''भारत विरोधी'' साजिश के तहत ''फंसाया या ब्लैकमेल'' किया गया हो सकता है। शर्मा ने एक कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बातचीत में गोगोई के प्रति सहानुभूति जताते हुए कहा कि नए सबूत सामने आने के बाद यह मामला राजनीति से आगे निकल गया है और अब यह पूरी तरह से राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा हुआ है। इससे पहले, गोगोई की पत्नी एलिजाबेथ कोलबर्न से जुड़े विवाद को लेकर कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई के कानूनी कदम उठाने की योजना का स्वागत करते हुए शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार भी कानूनी कार्यवाही शुरू कर रही है। शर्मा ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''हमने एक सांसद के बारे में इस विषय पर चर्चा शुरू की थी, लेकिन अब यह बहुत उच्च स्तर पर पहुंच गया है। यह अब गौरव गोगोई से संबंधित नहीं है। अब हमारे पास इस बात के सबूत या जानकारी है कि इसके पीछे भारत विरोधी ताकत सक्रिय रूप से काम कर रही है। हम आज मंत्रिमंडल की बैठक में इस पर फैसला करेंगे।''

## गुजरात में स्थानीय निकाय चुनाव के लिए मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न

**अहमदाबाद :** गुजरात में रविवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच विभिन्न स्थानीय निकायों के चुनाव और उपचुनाव के लिए मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न होने के साथ 5,084 उम्मीदवारों की किस्मत 'इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों' (ईवीएम) में बंद हो गई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जूनागढ़ नगर निगम, 66 नगर पालिकाओं और तीन तालुका पंचायतों के लिए चुनाव हुए, जबकि बोटाद और वांकानेर नगर पालिकाओं के लिए उपचुनाव हुए। इसके अलावा विभिन्न कारणों से खाली पड़ी अन्य



स्थानीय और शहरी निकायों की 124 सीट के लिए उपचुनाव हुए। स्थानीय निकायों के लिए यह पहला चुनावी मुकाबला है जहां 2023 में गुजरात सरकार के फैसले के अनुसार पंचायतों, नगर पालिकाओं और नागरिक निगमों में 27 प्रतिशत सीट अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए आरक्षित की गई हैं।

## एएसआई पटना ने पुरातात्विक खजाने की खोज के लिए गया के कुर्कीहार गांव में खुदाई की मांग की

**पटना :** भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के पटना सर्कल ने पुरातात्विक खजाने की खोज और क्षेत्र के सांस्कृतिक अनुक्रम को स्थापित करने के लिए बिहार के गया जिले के कुर्कीहार गांव में उत्खनन करने के लिए अपने मुख्यालय से अनुमति मांगी है। गया जिले के वजीरगंज से लगभग पांच किलोमीटर उत्तर–पूर्व और गया मुख्यालय से 27 किलोमीटर पूर्व में स्थित कुर्कीहार गांव के बारे में माना जाता है कि यह कभी एक प्राचीन शहर और बौद्ध मठ का स्थल था। एएसआई पटना सर्कल के रिकॉर्ड के अनुसार, ''ब्रिटिश सेना के एक अधिकारी और पुरातत्वविद् अलेक्जेंडर कनिंघम




ने 1861–62 में और 1879–80 में कुर्कीहार का दौरा किया था। उन्होंने वहां न केवल बड़ी और बौद्ध धर्म की कई छोटी मूर्तियों को देखा, बल्कि बड़ी संख्या में मन्नत स्तूप भी देखे।'' सारनाथ और सांची सहित भारत में कई स्थलों की खुदाई करने वाले अलेक्जेंडर कनिंघम एएसआई के पहले निदेशक थे। एएसआई–पटना सर्कल के अधीक्षण पुरातत्वविद् सुजीत नयन ने 'पीटीआई–भाषा' से कहा, ''हमने एएसआई मुख्यालय से उस स्थान जहां अब कुर्कीहार गांव स्थित है, पर खुदाई करने की अनुमति मांगी है।'' नयन ने कहा कि कुर्कीहार के पुरातात्त्विक अवशेषों को 1847 में एक प्रसिद्ध पुरातत्वविद् मार्खम किट्टो, 1861–62 और 1879–80 में कनिंघम और अन्य विद्वानों द्वारा भी ध्यान में लाया गया था। नयन ने कहा, ''इस स्थल में ईंटों का एक विशाल टीला और एक बड़े मठ के अवशेष हैं। बौद्ध अवशेषों का मुख्य टीला लगभग 25 फीट ऊंचा है। इस संबंध में एक प्रस्ताव हाल ही में एएसआई (मुख्यालय) को भेजा गया है।'' उन्होंने कहा कि प्रसिद्ध पुरातत्वविद् मार्खम किट्टो के अनुसार, कुर्कीहार एक प्राचीन शहर और बौद्ध मठ या विहार है।

## पू. सी. रेलवे ने जनवरी में 1262 माल रेक अनलोड किए

**मालीगांव :** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे अपने क्षेत्राधिकार के अधीन विभिन्न राज्यों के हर कोने में आवश्यक और अति आवश्यक सामग्रियों की आपूर्ति सुनिश्चित करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करते हुए जनवरी, 2025 में 1262 माल रेकों की सफलतापूर्वक अनलोडिंग की। यह वित्तीय वर्ष 2024–25 के दौरान एक ही महीने में अनलोड रेक की सर्वाधिक संख्या थी, जिससे जनवरी 2025 के अंत तक अनलोड किए गए रेकों की कुल संख्या 10,666 हो गई। पू. सी. रेलवे ने उक्त महीने के दौरान आवश्यक वस्तुओं जैसे एफसीआई चावल, चीनी, नमक, खाद्य तेल, अनाज, उर्वरक, टैंक, कोयला और अन्य सामानों का परिवहन किया और उसे अपने क्षेत्राधिकार के विभिन्न गुड्स शेडों में अनलोड किया। जनवरी, 2025 के दौरान, असम में मालगाड़ियों के कुल 673 रेक अनलोड किए गए, जिनमें 296 आवश्यक सामग्रियों से लोड थे। त्रिपुरा में 111 रेक, नागालैंड में 18 रेक, अरुणाचल प्रदेश में 11 रेक, मणिपुर में 08 रेक और मिजोरम में



09 रेक उक्त महीने के दौरान अनलोड किए गए। इसके अलावा, जनवरी 2025 में ही पू. सी. रेलवे के क्षेत्राधिकार के अधीन पश्चिम बंगाल में 230 माल रेक और बिहार में 202 माल रेक अनलोड किए गए। महत्वपूर्ण सेक्शनों के दोहरीकरण कार्यों के तेज निष्पादन, उन्नत टर्मिनल हैंडलिंग सुविधाओं ने माल परिवहन के आवक और जावक की गतिविधियों में बढ़ोतरी प्रदान की है। सभी स्तरों पर निरंतर निगरानी से भी टर्नअराउंड समय में कमी और अनलोडिंग दक्षता में वृद्धि हुई है। परिणामस्वरूप आवश्यक एवं अन्य सामग्रियों की गतिविधियों और माल अनलोडिंग में वृद्धि हुई है।

**आईपीएल के 18वें सत्र का कार्यक्रम जारी**

# कोलकाता और आरसीबी के बीच 22 मार्च को पहला मुकाबला

**नई दिल्ली :** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 का कार्यक्रम जारी कर दिया। पहला मुकाबला गत विजेता कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच ईडन गार्डंस में खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट के 18वें सत्र का आगाज 22 मार्च से होगा। वहीं, फाइनल मैच 25 मई को ईडन गार्डंस में ही खेला जाएगा। 23 मार्च को आईपीएल का एल क्लासिको यानी मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच मुकाबला खेला जाएगा। 10 टीमों के बीच 13 स्थानों पर 65 दिनों में कुल 74 मैच खेले जाएंगे। इनमें नॉकआउट राउंड भी शामिल है। इस दौरान 22 मार्च से 18 मई तक 70 लीग राउंड मैच खेले जाएंगे। वहीं, फाइनल समेत प्लेऑफ के सभी मुकाबले 20 से 25 मई तक खेले जाएंगे।

## आईपीएल 2025 का कार्यक्रम

| संख्या | तारीख | समय | टीम-1 | टीम-2 | जगह |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 22-मार्च | 07:30 pm | कोलकाता नाइट राइडर्स | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | कोलकाता |
| 2 | 23-मार्च | 03:30 pm | सनराइजर्स हैदराबाद | राजस्थान रॉयल्स | हैदराबाद |
| 3 | 23-मार्च | 07:30 pm | चेन्नई सुपर किंग्स | मुंबई इंडियंस | चेन्नई |
| 4 | 24-मार्च | 07:30 pm | दिल्ली कैपिटल्स | लखनऊ सुपर जाएंट्स | विशाखापत्तनम |
| 5 | 25-मार्च | 07:30 pm | गुजरात टाइटन्स | पंजाब किंग्स | अहमदाबाद |
| 6 | 26-मार्च | 07:30 pm | राजस्थान रॉयल्स | कोलकाता नाइट राइडर्स | गुवाहाटी |
| 7 | 27-मार्च | 07:30 pm | सनराइजर्स हैदराबाद | लखनऊ सुपर जाएंट्स | हैदराबाद |
| 8 | 28-मार्च | 07:30 pm | चेन्नई सुपर किंग्स | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | चेन्नई |
| 9 | 29-मार्च | 07:30 pm | गुजरात टाइटन्स | मुंबई इंडियंस | अहमदाबाद |
| 10 | 30-मार्च | 03:30 pm | दिल्ली कैपिटल्स | सनराइजर्स हैदराबाद | विशाखापत्तनम |
| 11 | 30-मार्च | 07:30 pm | राजस्थान रॉयल्स | चेन्नई सुपर किंग्स | गुवाहाटी |
| 12 | 31-मार्च | 07:30 pm | मुंबई इंडियंस | कोलकाता नाइट राइडर्स | मुंबई |
| 13 | 01-अप्रैल | 07:30 pm | लखनऊ सुपर जाएंट्स | पंजाब किंग्स | लखनऊ |
| 14 | 02-अप्रैल | 07:30 pm | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | गुजरात टाइटन्स | बेंगलुरु |
| 15 | 03-अप्रैल | 07:30 pm | कोलकाता नाइट राइडर्स | सनराइजर्स हैदराबाद | कोलकाता |
| 16 | 04-अप्रैल | 07:30 pm | लखनऊ सुपर जाएंट्स | मुंबई इंडियंस | लखनऊ |
| 17 | 05-अप्रैल | 03:30 pm | चेन्नई सुपर किंग्स | दिल्ली कैपिटल्स | चेन्नई |
| 18 | 05-अप्रैल | 07:30 pm | पंजाब किंग्स | राजस्थान रॉयल्स | चंडीगढ़ |
| 19 | 06-अप्रैल | 03:30 pm | कोलकाता नाइट राइडर्स | लखनऊ सुपर जाएंट्स | कोलकाता |
| 20 | 06-अप्रैल | 07:30 pm | सनराइजर्स हैदराबाद | गुजरात टाइटन्स | हैदराबाद |
| 21 | 07-अप्रैल | 07:30 pm | मुंबई इंडियंस | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | मुंबई |
| 22 | 08-अप्रैल | 07:30 pm | पंजाब किंग्स | चेन्नई सुपर किंग्स | चंडीगढ़ |
| 23 | 09-अप्रैल | 07:30 pm | गुजरात टाइटन्स | राजस्थान रॉयल्स | अहमदाबाद |
| 24 | 10-अप्रैल | 07:30 pm | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | दिल्ली कैपिटल्स | बेंगलुरु |
| 25 | 11-अप्रैल | 07:30 pm | चेन्नई सुपर किंग्स | कोलकाता नाइट राइडर्स | चेन्नई |
| 26 | 12-अप्रैल | 03:30 pm | लखनऊ सुपर जाएंट्स | गुजरात टाइटन्स | लखनऊ |
| 27 | 12-अप्रैल | 07:30 pm | सनराइजर्स हैदराबाद | पंजाब किंग्स | हैदराबाद |
| 28 | 13-अप्रैल | 03:30 pm | राजस्थान रॉयल्स | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | जयपुर |
| 29 | 13-अप्रैल | 07:30 pm | दिल्ली कैपिटल्स | मुंबई इंडियंस | दिल्ली |
| 30 | 14-अप्रैल | 07:30 pm | लखनऊ सुपर जाएंट्स | चेन्नई सुपर किंग्स | लखनऊ |
| 31 | 15-अप्रैल | 07:30 pm | पंजाब किंग्स | कोलकाता नाइट राइडर्स | चंडीगढ़ |
| 32 | 16-अप्रैल | 07:30 pm | दिल्ली कैपिटल्स | राजस्थान रॉयल्स | दिल्ली |
| 33 | 17-अप्रैल | 07:30 pm | मुंबई इंडियंस | सनराइजर्स हैदराबाद | मुंबई |
| 34 | 18-अप्रैल | 07:30 pm | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | पंजाब किंग्स | बेंगलुरु |
| 35 | 19-अप्रैल | 03:30 pm | गुजरात टाइटन्स | दिल्ली कैपिटल्स | अहमदाबाद |
| 36 | 19-अप्रैल | 07:30 pm | राजस्थान रॉयल्स | लखनऊ सुपर जाएंट्स | जयपुर |
| 37 | 20-अप्रैल | 03:30 pm | पंजाब किंग्स | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | चंडीगढ़ |
| 38 | 20-अप्रैल | 07:30 pm | मुंबई इंडियंस | चेन्नई सुपर किंग्स | मुंबई |
| 39 | 21-अप्रैल | 07:30 pm | कोलकाता नाइट राइडर्स | गुजरात टाइटन्स | कोलकाता |
| 40 | 22-अप्रैल | 07:30 pm | लखनऊ सुपर जाएंट्स | दिल्ली कैपिटल्स | लखनऊ |
| 41 | 23-अप्रैल | 07:30 pm | सनराइजर्स हैदराबाद | मुंबई इंडियंस | हैदराबाद |
| 42 | 24-अप्रैल | 07:30 pm | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | राजस्थान रॉयल्स | बेंगलुरु |
| 43 | 25-अप्रैल | 07:30 pm | चेन्नई सुपर किंग्स | सनराइजर्स हैदराबाद | चेन्नई |
| 44 | 26-अप्रैल | 07:30 pm | कोलकाता नाइट राइडर्स | पंजाब किंग्स | कोलकाता |
| 45 | 27-अप्रैल | 03:30 pm | मुंबई इंडियंस | लखनऊ सुपर जाएंट्स | मुंबई |
| 46 | 27-अप्रैल | 07:30 pm | दिल्ली कैपिटल्स | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | दिल्ली |
| 47 | 28-अप्रैल | 07:30 pm | राजस्थान रॉयल्स | गुजरात टाइटन्स | जयपुर |
| 48 | 29-अप्रैल | 07:30 pm | दिल्ली कैपिटल्स | कोलकाता नाइट राइडर्स | दिल्ली |
| 49 | 30-अप्रैल | 07:30 pm | चेन्नई सुपर किंग्स | पंजाब किंग्स | चेन्नई |
| 50 | 01-मई | 07:30 pm | राजस्थान रॉयल्स | मुंबई इंडियंस | जयपुर |
| 51 | 02-मई | 07:30 pm | गुजरात टाइटन्स | सनराइजर्स हैदराबाद | अहमदाबाद |
| 52 | 03-मई | 07:30 pm | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | चेन्नई सुपर किंग्स | बेंगलुरु |
| 53 | 04-मई | 03:30 pm | कोलकाता नाइट राइडर्स | राजस्थान रॉयल्स | कोलकाता |
| 54 | 04-मई | 07:30 pm | पंजाब किंग्स | लखनऊ सुपर जाएंट्स | धर्मशाला |
| 55 | 05-मई | 07:30 pm | सनराइजर्स हैदराबाद | दिल्ली कैपिटल्स | हैदराबाद |
| 56 | 06-मई | 07:30 pm | मुंबई इंडियंस | गुजरात टाइटन्स | मुंबई |
| 57 | 07-मई | 07:30 pm | कोलकाता नाइट राइडर्स | चेन्नई सुपर किंग्स | कोलकाता |
| 58 | 08-मई | 07:30 pm | पंजाब किंग्स | दिल्ली कैपिटल्स | धर्मशाला |
| 59 | 09-मई | 07:30 pm | लखनऊ सुपर जाएंट्स | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | लखनऊ |
| 60 | 10-मई | 07:30 pm | सनराइजर्स हैदराबाद | कोलकाता नाइट राइडर्स | हैदराबाद |
| 61 | 11-मई | 03:30 pm | पंजाब किंग्स | मुंबई इंडियंस | धर्मशाला |
| 62 | 11-मई | 07:30 pm | दिल्ली कैपिटल्स | गुजरात टाइटन्स | दिल्ली |
| 63 | 12-मई | 07:30 pm | चेन्नई सुपर किंग्स | राजस्थान रॉयल्स | चेन्नई |
| 64 | 13-मई | 07:30 pm | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | सनराइजर्स हैदराबाद | बेंगलुरु |
| 65 | 14-मई | 07:30 pm | गुजरात टाइटन्स | लखनऊ सुपर जाएंट्स | अहमदाबाद |
| 66 | 15-मई | 07:30 pm | मुंबई इंडियंस | दिल्ली कैपिटल्स | मुंबई |
| 67 | 16-मई | 07:30 pm | राजस्थान रॉयल्स | पंजाब किंग्स | जयपुर |
| 68 | 17-मई | 07:30 pm | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | कोलकाता नाइट राइडर्स | बेंगलुरु |
| 69 | 18-मई | 03:30 pm | गुजरात टाइटन्स | चेन्नई सुपर किंग्स | अहमदाबाद |
| 70 | 18-मई | 07:30 pm | लखनऊ सुपर जाएंट्स | सनराइजर्स हैदराबाद | लखनऊ |
| 71 | 20-मई | 07:30 pm | क्वालिफायर 1 | - | हैदराबाद |
| 72 | 21-मई | 07:30 pm | एलिमिनेटर | - | हैदराबाद |
| 73 | 23-मई | 07:30 pm | क्वालिफायर 2 | - | कोलकाता |
| 74 | 25-मई | 07:30 pm | फाइनल | - | कोलकाता |

# गार्डनर के हरफनमौला प्रदर्शन और प्रिया के तीन विकेट से गुजरात जाइंटस की शानदार जीत

**वडोदरा:** कप्तान एशले गार्डनर के हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर गुजरात जाइंट्स ने महिला प्रीमियर लीग में रविवार को यूपी वारियर्स को छह विकेट से हरा दिया। गार्डनर ने 39 रन देकर दो विकेट लिये और उसके बाद 32 गेंद में 52 रन बनाये। यह उनका लगातार दूसरा अर्धशतक है जिसके दम पर गुजरात ने तीसरे सत्र में पहली जीत दर्ज की। उसे पहले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने हराया था। पहले गेंदबाजी करते हुए युवा स्पिनर प्रिया मिश्रा के तीन विकेट की मदद से गुजरात जाइंट्स ने यूपी वारियर्स को नौ विकेट पर 143 रन पर रोक दिया। मिश्रा ने चार ओवर में 25 रन देकर तीन विकेट लिये। कप्तान ने 39 रन देकर और डिएंड्रा डोटिन ने 34 रन देकर दो दो विकेट चटकाये। केशवी गौतम को एक विकेट मिला। जीत के लिये 144 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात ने दो विकेट 22 रन पर गंवा दिये थे। यूपी वारियर्स ने दोनों छोर से स्पिनरों को गेंद सौंपी और गुजरात की सलामी बल्लेबाज बेथ मूनी और डी हेमलता सस्ते में आउट हो गई। इसके बाद गार्डनर ने लौरा वोल्वार्ट (22) के साथ 42 गेंद में 55 रन की साझेदारी की। गार्डनर ने क्रांति गौड़ को दो चौके लगाकर दबाव हटाया। इसके बाद साइमा ठाकोर को दो छक्के लगाये। वोल्वार्ट ने भी एक छक्का जड़ा और उस ओवर में 20 रन बने। गार्डनर ने अपनी पारी में पांच चौके और तीन छक्के लगाये। वह 12वें ओवर में ताहलिया मैकग्रा का शिकार हुई। इसके बाद हरलीन देयोल (34) और डोटिन (33) ने दो ओवर बाकी रहते गुजरात को जीत तक पहुंचाया। इससे पहले यूपी वारियर्स के लिये कप्तान दीप्ति शर्मा ने 27 गेंद में 39 रन बनाये जबकि उमा छेत्री ने 24 और श्वेता सहरावत ने 16 रन का योगदान दिया। अलाना किंग (19) और साइमा ठाकोर (15) ने 13 गेंद में 26 रन बनाये।किरण नवगिरे और वृंदा दिनेश ने कुछ अच्छे शॉट खेले लेकिन डोटिन और गार्डनर ने उन्हें सस्ते में आउट कर दिया। तीसरे ओवर में यूपी वारियर्स का स्कोर दो विकेट पर 22 रन था। नवगिरे को डोटिन ने पगबाधा आउट किया जबकि दिनेश को गार्डनर ने बोल्ड किया।छेत्री और दीप्ति ने पारी को संभालने की कोशिश की लेकिन गुजरात के गेंदबाजों ने काफी किफायती गेंदबाजी की। पावरप्ले में स्कोर दो विकेट पर 41 रन था। इनकी 43 गेंद में 50 रन की साझेदारी को डोटिन ने तोड़ा जब उन्होंने छेत्री को आउट किया। इसके बाद मिश्रा ने तीन गेंद में दो विकेट लिये। उन्होंने आस्ट्रेलिया की ताहलिया मैकग्रा और ग्रेस हैरिस को पवेलियन भेजा। यूपी का स्कोर 11वें ओवर में पांच विकेट पर 78 रन था। सहरावत और दीप्ति ने वापसी की कोशिश की लेकिन गार्डनर ने शानदार कैच लपककर दीप्ति को पवेलियन भेजा।

## एफआईएच प्रो लीग : भारतीय पुरूष टीम ने स्पेन को 2-0 से हराया

**भुवनेश्वर :** तीसरे क्वार्टर में दो गोल करके भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने एफआईएच प्रो लीग में शानदार वापसी करते हुए रविवार को रिटर्न चरण के मैच में स्पेन को 2-0 से हरा दिया। पहले चरण में शनिवार को भारत को स्पेन ने 3-1 से मात दी थी। भारतीय टीम ने रविवार को हालांकि बेहद आक्रामक खेल दिखाते हुए स्पेन को कोई मौका नहीं दिया। मनदीप सिंह ने 32वें और दिलप्रीत सिंह ने 39वें मिनट में फील्ड गोल करके भारत को पूरे तीन अंक दिलाये। अब भारत का सामना मंगलवार को जर्मनी से होगा। भारतीय टीम ने गेंद पर नियंत्रण के मामले में बाजी मारी और पहले दो क्वार्टर में कई मौके बनाये हालांकि खाता नहीं खोल सकी। पांचवें मिनट में मनदीप को गोल करने का सुनहरा मौका मिला लेकिन स्पेन के गोलकीपर रफेल रेविला ने जबर्दस्त बचाव किया। पहले क्वार्टर से चंद पल पहले भारत को लगातार पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन जुगराज सिंह गोल नहीं कर पाये। वहीं भारतीय गोलकीपर कृशन बहादुर पाठक ने 14वें मिनट में स्पेन को मिले पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील नहीं होने दिया। पहले दोनों क्वार्टर में भारत ने गोल करने के काफी प्रयास किया लेकिन स्पेनिश डिफेंस को भेद नहीं सके। पहले हाफ में कोई टीम गोल नहीं कर पाई। ब्रेक के बाद भारत को दूसरे ही मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन जुगराज का शॉट फिर स्पेन के गोलकीपर रेविला ने बचा लिया। मनदीप ने हालांकि करीब से दिलप्रीत के पास पर गेंद को गोल के भीतर डाला। सात मिनट बाद दिलप्रीत ने भारत के लिये अपना 32वां गोल किया जिसके सूत्रधार मनदीप और गुरजंत सिंह रहे। स्पेन को 43वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन उसके ड्रैग फ्लिकर पेपे सुनील गोल नहीं कर पाये। भारत को भी एक पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन जुगराज फिर नाकाम रहे। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह को इस मैच में आराम दिया गया था।

### पाकिस्तान के तेज गेंदबाज राउफ चोट से उबरे, चैंपियन्स ट्रॉफी के लिए उपलब्ध रहेंगे: सूत्र

**कराची :** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस राउफ चोट से उबर चुके हैं और बुधवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में टीम के पहले मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। सूत्रों ने यह जानकारी दी। पाकिस्तान टीम के एक करीबी सूत्र ने रविवार को पीटीआई को पुष्टि की कि हारिस चोट से उबर गए हैं और कराची में चैंपियंस ट्रॉफी के पहले मैच में खेलेंगे। इस तेज गेंदबाज को हाल ही में त्रिकोणीय श्रृंखला के दौरान छाती की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था। सूत्र ने कहा, 'हारिस अब ठीक हैं और त्रिकोणीय श्रृंखला के पहले मैच के बाद दिए गए आराम से उन्हें उबरने में मदद मिली है।' सूत्र ने कहा कि पाकिस्तान के किसी अन्य खिलाड़ी के साथ फिटनेस संबंधी कोई समस्या नहीं है। अपनी तेज गति और बीच के ओवरों में विकेट लेने की क्षमता के साथ पाकिस्तान के प्रमुख गेंदबाजों में से एक हारिस टीम के साथ बने हुए हैं जबकि चयनकर्ताओं ने उनके विकल्प के रूप में अकिफ जावेद को बुलाया है जिन्हें पदार्पण का इंतजार है।

## न्यूज अपडेट

### एफआईएच प्रो लीग में इंग्लैंड से शूटआउट में हारी भारतीय महिला हॉकी टीम

**भुवनेश्वर :** भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग के मैच में रविवार को इंग्लैंड से शूटआउट में 1-2 से हार गई जबकि निर्धारित समय तक स्कोर 2-2 से बराबर था। इंग्लैंड के लिये निर्धारित समय में पेजी गिलोट (40वां मिनट) और टेसा हॉवर्ड (56वां) ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल किये। भारत के लिये नवनीत कौर (53वां) और रूतुजा दादोसा पिसल (57वां) ने गोल किये। नवनीत ने पेनल्टी स्ट्रोक पर गोल किया जबकि रूतुजा का फील्ड गोल था। शूटआउट में नवनीत ही भारत के लिये गोल कर सकी जबकि कप्तान सलीमा टेटे, सुनेलिता टोप्पो और लालरेम्सियामी नाकाम रहे। इंग्लैंड के लिये लिली वाकर और कप्तान सोफी हैमिल्टन ने गोल दागे। इस जीत से इंग्लैंड को एक बोनस अंक भी मिल गया। भारत ने शनिवार को पहले चरण में इंग्लैंड को 3-2 से हराया था। भारत का सामना अब मंगलवार को स्पेन से होगा। इंग्लैंड ने आक्रामक शुरूआत करते हुए गेंद पर नियंत्रण बना लिया। उसे नौवे ही मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन भारत की अनुभवी गोलकीपर सविता पूनिया ने गोल नहीं होने दिया। इंग्लैंड ने दबदबा बनाये रखा और 11वें मिनट में फिर पेनल्टी कॉर्नर बनाया लेकिन एक बार फिर भारतीय डिफेंस को नहीं भेद सके। भारत के लिये नवनीत अब तक सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रही है जिन्होंने तेजी से भागते हुए कई मौके बनाये।

### युगांडा के किपलिमो ने पुरूषों की हाफ मैराथन का विश्व रिकॉर्ड तोड़ा

**बार्सीलोना :** युगांडा के जैकब किपलिमो ने रविवार को पुरूषों की हाफ मैराथन का विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया और 57 मिनट से कम समय में यह कारनामा करने वाले वह पहले धावक बन गए। 24 वर्ष के किपलिमो ने 56 मिनट 41 सेकंड में यह रेस पूरी की। इससे पहले यह रिकॉर्ड इथियोपिया के योमिफ केजेलचा के नाम था जिन्होंने पिछले साल स्पेन के वालेंशिया में यह रिकॉर्ड बनाया था। किपलिमो ने तोक्यो ओलंपिक 2021 में 10000 मीटर में कांस्य पदक जीता था।

### रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में नहीं खेल पाएंगे जायसवाल पर विदर्भ के खिलाफ मुंबई प्रबल दावेदार

**नागपुर :** चोटिल यशस्वी जायसवाल का मुंबई की टीम से बाहर रहना लगभग तय है लेकिन इसके बावजूद गत चैंपियन टीम सोमवार से यहां शुरू हो रहे रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में विदर्भ के खिलाफ प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगी। पीटीआई को पता चला है कि जायसवाल अपनी चोट के आगे के आकलन के लिए जल्द ही बेंगलुरू स्थित भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस जा सकते हैं क्योंकि उन्हें भारत की चैंपियंस ट्रॉफी टीम में 'टीम के साथ यात्रा नहीं करने वाले रिजर्व खिलाड़ी' के रूप में रखा गया है। जायसवाल की अनुपस्थिति किसी भी तरह से मुंबई की ताकत को कम नहीं करती हैं। यह मुकाबला पिछले साल के फाइनल की पुनरावृत्ति है जिसमें मुंबई ने विदर्भ को हराकर खिताब जीता था। मुंबई के पास कप्तान अजिंक्य रहाणे, सूर्यकुमार यादव, शिवम दुबे और शारदुल ठाकुर जैसे कई स्टार खिलाड़ी हैं जो अपने दम पर मैच का रुख बदल सकते हैं। कुछ शानदार खिलाड़ियों की मौजूदगी से कहीं अधिक यह 42 बार की चैंपियन टीम का दृढ़ संकल्प है जो उसे एक अलग पहचान दिलाता है। मौजूदा सत्र में कई मौकों पर मुंबई का शीर्ष क्रम विफल रहा लेकिन ठाकुर और तनुश कोटियान जैसे निचले क्रम के बल्लेबाजों ने शानदार प्रयास करते हुए टीम को संकट से निकाला। हरियाणा के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में भी मुंबई ने 113 रन पर सात विकेट गंवा दिए थे लेकिन शम्स मुलानी और कोटियान ने आठवें विकेट के लिए 183 रन की साझेदारी करके मुंबई को जोरदार वापसी दिलाई। मुंबई को उम्मीद होगी कि नागपुर की पिच पर बड़े खिलाड़ी एक बार फिर बड़ी पारियां खेलते हुए नजर आएंगे क्योंकि यहां की पिच आमतौर पर बल्लेबाजी की अनुकूल होती है।

# व्यापार

# प्रधानमंत्री मोदी ने 2030 से पहले सालाना नौ लाख करोड़ रुपये का कपड़ा निर्यात करने की उम्मीद जताई

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कपड़ा क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों पर रविवार को संतोष जताया और उम्मीद जताई कि भारत 2030 के लक्षित वर्ष से पहले नौ लाख करोड़ रुपये के वार्षिक निर्यात लक्ष्य को प्राप्त कर लेगा। यह बात इस दृष्टि से महत्वपूर्ण है कि आम बजट 2025-26 में कपास की, खासकर अतिरिक्त लंबे रेशे वाली किस्मों की उत्पादकता बढ़ाने के लिए पांच साल के कपास मिशन की घोषणा की गई है। बजट में राष्ट्रीय कपास प्रौद्योगिकी मिशन के लिए 500 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। मोदी ने 'भारत टेक्स 2025' में कहा, हम वर्तमान में दुनिया में वस्त्र और परिधान के छठे सबसे बड़े निर्यातक हैं। कपड़ा निर्यात लगभग तीन लाख करोड़ रुपये का है। हमारा लक्ष्य इस आंकड़े को तीन गुना करते हुए नौ लाख करोड़ रुपये का निर्यात हासिल करना है। उन्होंने कहा, इस सफलता का श्रेय पिछले दशक में की गई कड़ी मेहनत और लगातार लागू की गई नीतियों को जाता है, जिनके कारण कपड़ा क्षेत्र में विदेशी निवेश दोगुना हो गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, जिस तरह से काम हो रहा है, मुझे लगता है कि हम 2030 की समयसीमा से पहले ही यह लक्ष्य हासिल कर लेंगे। उन्होंने कहा कि सही दिशा में काम करने से भारत इस बाजार में बड़ी हिस्सेदारी हासिल कर सकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के कपड़ा और परिधान निर्यात में सात प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज की गई है। यह क्षेत्र प्रमुख रोजगार सृजनकर्ता है तथा विनिर्माण क्षेत्र में इसका योगदान 11 प्रतिशत है। उद्योग के लिए संसाधनों के मनचाहे उपयोग और कम से कम अपशिष्ट उत्पादन की आवश्यकता पर उन्होंने कहा, एक विश्लेषण के अनुसार, 2030 तक फैशन अपशिष्ट 14.8 करोड़ टन तक पहुंचने का अनुमान है। आज, एक-चौथाई कपड़ा अपशिष्ट का पुनर्चक्रण नहीं किया जा रहा है। हमारा कपड़ा उद्योग इस चुनौती को अवसर में बदल सकता है। बजट में घोषित कपास उत्पादकता मिशन के बारे में उन्होंने कहा कि इससे कपास की आपूर्ति विश्वसनीय बनेगी, भारतीय कपास वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनेगा और मूल्य शृंखला मजबूत होगी। नयी दिल्ली में 14-17 फरवरी तक आयोजित होने वाला 'भारत टेक्स' कपड़ा उद्योग का सबसे बड़ा आयोजन है। इसमें दो स्थानों पर आयोजित एक विशाल प्रदर्शनी शामिल है, जिसमें सम्पूर्ण कपड़ा पारिस्थितिकी तंत्र का प्रदर्शन किया जाएगा।

## एफपीआई ने फरवरी में अबतक भारतीय शेयरों से 21,272 करोड़ रुपये निकाले

**नयी दिल्ली :** स्थानीय शेयर बाजार से विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की निकासी का सिलसिला जारी है। अमेरिका द्वारा आयात पर शुल्क लगाए जाने के बाद वैश्विक स्तर पर तनाव बढ़ने के बीच फरवरी के पहले दो सप्ताह में एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजारों से 21,272 करोड़ रुपये निकाले हैं। इससे पहले जनवरी में भी एफपीआई ने 78,027 करोड़ रुपये के शेयर बेचे थे। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, इस तरह चालू साल में एफपीआई शेयरों से करीब एक लाख करोड़ रुपये (99,299 करोड़ रुपये) निकाल चुके हैं। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार का मानना है कि जब डॉलर सूचकांक नीचे जाएगा, तो एफपीआई की रणनीति में उलटफेर होगा। आंकड़ों के अनुसार, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने इस महीने (14 फरवरी तक) अबतक 21,272 करोड़ रुपये के शेयर बेचे हैं। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट निदेशक-प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा इस्पात और एल्युमीनियम आयात पर नए शुल्क लगाए जाने तथा कई देशों पर ऊंचा शुल्क लगाने की योजना की घोषणा जाने से बाजार की चिंताएं बढ़ गई हैं। श्रीवास्तव ने कहा कि इन घटनाक्रमों ने संभावित वैश्विक व्यापार युद्ध की आशंकाओं को फिर से जगा दिया है, जिससे एफपीआई को भारत सहित उभरते बाजारों में अपने निवेश का पुनर्मूल्यांकन करने के लिए प्रेरित किया है।

## खेल मंत्री मांडविया ने युवाओं से साइकिल का उपयोग आवागमन के विकल्प के रूप में करने का आग्रह किया

**मुंबई :** केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने रविवार को देश के युवाओं से आग्रह किया कि वे स्वस्थ रहने और बेहतर पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए जब भी संभव हो साइकिल का उपयोग आवागमन के विकल्प के रूप में करें। मांडविया ने रविवार सुबह यहां 'फिट इंडिया मूवमेंट' के प्रमुख कार्यक्रम 'संडे ऑन साइकिल' की अगुआई की जिसका उद्देश्य साइकिल चलाकर स्वस्थ और तंदुरुस्त जीवनशैली अपनाने के लिए लोगों में जागरूकता पैदा करना और साथ ही प्रदूषण के समाधान को बढ़ावा देना भी है। उन्होंने कहा, 'मैं सभी से, खासकर युवाओं से, जब भी संभव हो साइकिल का उपयोग आवागमन के लिए करने का आग्रह करता हूं। इससे न केवल वे स्वस्थ रहेंगे बल्कि इससे हमारे पर्यावरण का समग्र स्वास्थ्य भी बेहतर होगा।' इस साइकिल यात्रा को गेटवे ऑफ इंडिया से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यात्रा में देश भर से 500 से अधिक साइकिल सवार शामिल हुए जिनमें स्वास्थ्य विशेषज्ञ, विभिन्न साइकिल क्लब और व्यक्तिगत फिटनेस उत्साही शामिल थे। अच्छे स्वास्थ्य के लिए साइकिल चलाने के अलावा इस सप्ताह के 'संडे ऑन साइकिल' का संदेश 'मोटापे से लड़ो' था। साइकिलिंग कार्यक्रम का आयोजन नयी दिल्ली के ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में भी किया गया जिसमें 2024 सीनियर एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता और 2025 राष्ट्रीय खेलों की स्वर्ण पदक विजेता शिवानी पवार सहित 170 से अधिक राइडर शामिल हुए।

## भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की घोषणा से कारोबारी भरोसा बढ़ाः गोयल

**नयी दिल्ली :** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को कहा कि भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत की घोषणा से दोनों देशों में कारोबारी विश्वास बढ़ा है। उन्होंने कहा कि इससे उनकी प्रतिस्पर्धी करने की ताकत का लाभ उठाकर आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने में मदद मिल सकती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हाल की अमेरिका यात्रा के दौरान भारत और अमेरिका ने 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना कर 500 अरब डॉलर तक पहुंचाने तथा 2025 तक पारस्परिक रूप से लाभकारी, बहु-क्षेत्रीय द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के पहले चरण पर बातचीत करने की घोषणा की। गोयल ने कहा, प्रधानमंत्री अपने साथ इस वर्ष के अंत तक व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए एक समझौता या सहमति लेकर आए हैं। मुझे लगता है, यह अमेरिका और भारत में हर व्यवसायी को बहुत आत्मविश्वास और राहत देता है, जो मानते हैं कि साथ मिलकर, हम वास्तव में वैश्विक व्यापार को बदल सकते हैं, विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिस्पर्धी शक्तियों के साथ, हम वास्तव में दो दोस्तों के रूप में, प्रगति और समृद्धि के लिए दो भागीदारों के रूप में काम कर सकते हैं। आमतौर पर मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) में, दो व्यापारिक साझेदार अपने बीच व्यापार वाले उत्पादों की अधिकतम संख्या पर सीमा शुल्क को या तो समाप्त कर देते हैं या काफी कम कर देते हैं। इसके अलावा, वे सेवाओं में व्यापार को बढ़ावा देने और निवेश को बढ़ावा देने के लिए मानदंडों को भी सुगम बनाते हैं।

## दशक पुराने गैस स्थानांतरित होने के मामले में अदालती फैसला रिलायंस-बीपी के लिए झटका

नयी दिल्ली : मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) और उसकी भागीदार बीपी पीएलसी को झटका देते हुए दिल्ली उच्च न्यायालय ने एक अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता न्यायाधिकरण के फैसले को पलट दिया है। अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता न्यायाधिकरण ने दोनों कंपनियों के क्षेत्रों के पास स्थित क्षेत्रों से स्थानांतरित होकर आई गैस के उत्पादन और उसकी बिक्री के लिए उनपर किसी तरह का मुआवजा नहीं देने की व्यवस्था दी थी। यानी इसके लिए रिलायंस और उसके भागीदार पर कोई दायित्व नहीं डाला गया था। यह पूरा विवाद ब्लॉक या क्षेत्र केजी-डीडब्ल्यूएन-98/3 (केजी-डी6) से संबंधित है। यह ब्लॉक अटल बिहारी वाजपेयी सरकार द्वारा साल 2000 में नई अन्वेषण लाइसेंसिंग नीति (एनईएलपी) के तहत पहले बोली दौर में रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और कनाडा की निको रिसोर्सेज के एक संघ को दिया गया था। बीपी ने एक दशक से अधिक समय बाद ब्लॉक में 30 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीद ली थी। उसी दौर में, केजी-डीडब्ल्यूएन-98/2 (केजी-डी5) केयर्न एनर्जी इंडिया लिमिटेड को दिया गया था, जिसे बाद में सार्वजनिक क्षेत्र की ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) ने दो चरणों में अधिग्रहीत कर लिया था। एक निकटवर्ती गोदावरी ब्लॉक 1997 में नामांकन के आधार पर ओएनजीसी को दिया गया था। रिलायंस ने केजी-डी6 से उत्पादन 2009 में, जबकि ओएनजीसी ने जनवरी, 2024 में उत्पादन शुरू किया। यह विवाद जुलाई, 2013 में उस समय शुरू हुआ, जब रिलायंस के केजी-डी6 के साथ अपने केजी-डी5 और जी-4 ब्लॉक के जलाशय संपर्क पर संदेह करते हुए ओएनीसी ने 22 जुलाई, 2023 को हाइड्रोकॉर्बन महानिदेशक (डीजीएस) को गोदावरी और केजी-डीडब्ल्यूएन-98/2 ब्लॉक पर उपलब्ध भूवैज्ञानिक और भूभौतिकीय आंकड़ों के आधार पर लिखा कि इस बात के प्रमाण हैं कि यहां से गैस केजी-डी6 में जा रही है।


|| श्री शान्तिनाथाय नमः ||

जिनशासन के लिए अत्यंत गौरव के क्षण
भारत सरकार द्वारा
भगवान श्री महावीर स्वामी की पाट परंपरा में गुरु आत्म-वल्लभ के 77 वें पट्टधर एवं पंजाब केसरी आचार्य विजय वल्लभसूरि समुदाय के वर्तमान गच्छाधिपति शांतिदूत जैनाचार्य
श्रीमद् विजय नित्यानंद सूरीश्वर जी म.सा. को
पद्मश्री
द्वारा अलंकृत किये जाने पर
अभिनन्दन
हम बिहार एवम् भारत सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हैं।
आचार्य श्री के मार्गदर्शन में सेवा-शिक्षा -स्वावलंबन के कार्यक्रम उन्नति की ओर अग्रसर है।
श्री वर्धमान जैन संघ
ट्रस्टीगण :
कमलसिंह रामपुरिया, एस. मिलापचन्द जैन, विजयचन्द बैद
मुल्तानचन्द सुराणा, दिलीप कुमार दुगड़, महेन्द्र कुमार सुराणा
रतनचन्द बाँगाणी, विनीत रामपुरिया, नरेन्द्र कुमार बाँठिया
एवम् समस्त कार्यकारिणी तथा संघ के सदस्यगण



वर्ष 9, पूर्णांक 4152 अंक 302, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in